आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 268 | उज्जैन, शनिवार 10 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण पितृमोक्ष अमावस्या संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

भारतवंशी नवनीतम पिल्लै को शांति का नोबेल

ओस्लो। नॉर्वे की नोबेल समिति ने 2026 का शांति पुरस्कार भारतवंशी नवनीतम नवी पिल्लै को देने का ऐलान किया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मीं पिल्लै ने रंगभेद के खिलाफ लड़ने वाले नेल्सन मंडेला समेत कई लोगों की मदद की थी। पिल्लै को युद्ध अपराध और नरसंहार के दोषियों को सजा दिलाने और अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करने के प्रयासों के लिए यह सम्मान दिया गया है। नोबेल समिति ने कहा कि दुनिया में युद्ध और संघर्ष बढ़ रहे हैं। ऐसे में शांति बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना और उसे मजबूत करना बेहद जरूरी है।

जेएनयू ने प्रोफेसर-कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजाम को बर्खास्त किया

मणिपुर। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर और इनर मणिपुर से कांग्रेस लोकसभा सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम को बर्खास्त कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने उन्हें 11 छात्राओं के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया। बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। यह कार्रवाई यूनिवर्सिटी की इंटरनल कमेटी की जांच के निष्कर्षों के आधार पर की गई। आईसी ने बिमोल अकोइजाम के खिलाफ बड़ी सजा की सिफारिश की थी। 2023 में मणिपुर हिंसा के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस पार्टी के टिकट पर 'इनर मणिपुर' सीट से लड़े और भाजपा उम्मीदवार को 1 लाख से अधिक वोटों से हराकर सांसद चुने गए।

नंदीग्राम में भाजपा कैंडिडेट ने सीएम शुभेंदु का रिकॉर्ड तोड़ा

कोलकाता। चार राज्यों की 6 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम सीट पर बीजेपी प्रत्याशी हसीरानी रथ 122753 वोटों से जीत गई हैं। उन्हें कुल 164427 वोट मिले। हसीरानी रथ ने 1,22,753 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह 1967 में सीट के अस्तित्व में आने के बाद नंदीग्राम सीट जीत का सबसे बड़ा अंतर है। इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड 2016 में शुभेंदु अधिकारी के नाम था। तब उन्होंने टीएमसी के टिकट पर सीपीआई के अब्दुल कबीर शेख को 81,230 वोटों से हराया था।

नाना पाटेकर के निधन मामले में केस दर्ज



मौत के कारणों का पता लगाएगी पुलिस देर रात हुआ अंतिम संस्कार

पुणे। गोवा पुलिस ने अभिनेता नाना पाटेकर के निधन मामले में मेडिको-लीगल अप्राकृतिक मौत का केस दर्ज किया है। पुलिस मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिवार के बयानों की जांच करेगी। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, गोवा पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के तहत केस दर्ज किया है। पीएसआई नितिन नाइक इसकी जांच कर रहे हैं। पणजी में दर्ज केस के मुताबिक, नाना पाटेकर को गुरुवार सुबह गोवा के डोना पाउला स्थित ओशन पार्क से मणिपाल अस्पताल, बांबोलिम लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात पुणे के फार्महाउस में शव का अंतिम संस्कार किया गया। मणिपाल अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉक्टर शेखर सालकर ने बताया कि नाना पाटेकर को अस्पताल में मृत अवस्था में ही लाया गया था। इसी वजह से पुलिस केस दर्ज कराना पड़ा और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज के मुर्दाघर भेजा गया। डॉक्टर के मुताबिक प्राथमिक तौर पर यह कार्डियक अरेस्ट का मामला लगता है। उन्होंने बताया कि नाना पाटेकर पहले से दिल की बीमारी के मरीज थे और उनका इलाज चल रहा था।

नैनो न्यूज

- **वाशिंगटन :** वेंस बोले-वीजा लेकर अमेरिका में काम करने वाले बंधुआ मजदूर, भारत का जवाब- अमेरिकी अर्थव्यवस्था यही संभाल रहे, एच-1बी वीजा लेने वालों मे 71% भारतीय।
- **हरिद्वार:** मेरठ में ओले गिरे, गाड़ियों के शीशे टूटे, भूस्खलन से बद्रीनाथ-आदि कैलाश मार्ग बंद, बिहार के 18 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट।
- **इस्लामाबाद :** पाकिस्तान का नक्शा बदल अपनी ताकत बढ़ाना चाहते हैं मुनीर, 4 प्रांतों को 15 हिस्सों में बांटने की तैयारी, पंजाब-सिंध की सियासी ताकत कमजोर होगी।
- **वाशिंगटन :** ओबामा के करीबी थे, अब ट्रम्प के खास बने जुकरबर्ग, राष्ट्रपति ने जेल भेजने की धमकी दी थी, अब साथ मिलकर एआई के नियम बना रहे।
- **वाशिंगटन :** एपल का पहला टचस्क्रीन मैकबुक और ओएलईडी आईपैड-मिनी लॉन्च होगा।

कॉकरोच जनता पार्टी के आज होने वाले प्रदर्शन को लेकर ज्यादा सख्ती पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

सीजेआई बोले- मक्खी मारने के लिए हथौड़ा न चलाएं, दिल्ली मेट्रो बंद करने का आदेश खारिज, नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन आने वाली ट्रेनें कैंसिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के शनिवार को होने वाले प्रदर्शन को लेकर ज्यादा सख्ती पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- आपको कुछ चीजों को रोकना ही होगा। उन्हें रोकने के लिए सिर्फ उतनी ही कार्रवाई करें जितनी जरूरी हो।

लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप मक्खी मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल करें। इस बात का हमेशा ध्यान रखा जाना चाहिए। इसी के साथ कोर्ट ने मेट्रो बंद करने का आदेश खारिज कर दिया। दरअसल सीजेपी के आज होने वाले प्रदर्शन को देखते हुए शुक्रवार रात 9 बजे से 57 मेट्रो स्टेशन बंद होने थे। वहीं नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन आने वाली सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें कल कैंसिल रहेंगी। रेलवे ने इन ट्रेनों को उनके शुरूआती स्टेशनों से ही रद्द कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर से दिल्ली आने वाली ट्रेन कैंसिल, पैसेंजर्स को दिक्कत- नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे ने दो दिन के लिए दिल्ली जाने वाली 13 ट्रेन रद्द कर दी हैं। जम्मू-कश्मीर रेलवे स्टेशन में लोगों की भारी भीड़ है। सभी ट्रेन की इंतजार में बैठे हैं।

हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर पर सख्ती, पूर्व विधायक-किसान नेता डिटेन

कॉकरोच जनता पार्टी के 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले हरियाणा में सख्ती बढ़ा दी गई है। पानीपत से दिल्ली तक रेलवे स्टेशनों के बाहर नाके लगाए गए हैं। टिकरी, बदरपुर, कापसहेड़ा और सिंघु बॉर्डर पर वाहनों की तलाशी के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है।

दिल्ली में कल स्कूल-कॉलेजों में ऑनलाइन क्लास रहेंगी

जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन और मेट्रो सर्विस बंद होने के चलते दिल्ली के कई स्कूल-कॉलेजों ने 10 अक्टूबर की क्लास ऑनलाइन कर दी हैं। पीटीएम का समय बदला है और परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।



सुप्रीम कोर्ट बोला- मेट्रो पर पूरी तरह रोक नहीं लगा सकते- सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मेट्रो की आवाजाही पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। अधिकारियों को मेट्रो और अन्य ट्रेनों की आवाजाही इस तरह नियंत्रित करने पर विचार करना होगा कि आम लोगों को परेशानी न हो। इस फैसले की जानकारी दी जाए और शहर में यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी से बचाने के लिए एडवाइजरी अखबारों और वेबसाइटों पर भी प्रकाशित की जाए।

प्रदर्शन स्थल: जंतर-मंतर बहुत छोटी जगह है, प्रदर्शन के लिए किसी बड़ी जगह पर विचार किया जाना चाहिए।

दिल्ली में एक दिन पहले लाल हिट जनता पार्टी का प्रदर्शन- जंतर-मंतर पर सीजेपी के बड़े प्रदर्शन से एक दिन पहले शुक्रवार को लाल हिट जनता पार्टी से जुड़े लोगों ने दिल्ली में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कथित हमले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने जनपथ पर प्रदर्शन किया। संगठन के प्रतिनिधि अयान भटनागर ने कहा, अगर कोई बाहरी व्यक्ति को भी गाली देता है तो हम उसे रोकते हैं। प्रधानमंत्री हमारे अपने परिवार का हिस्सा हैं और उनके खिलाफ ऐसी भाषा स्वीकार्य नहीं है।

प्रदर्शन में परिवार के साथ शामिल होंगे केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले सीजेपी के प्रदर्शन में अपने परिवार के साथ शामिल होंगे। उन्होंने देशभर के लोगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की।

सख्ती पर कोर्ट के निर्देश

आम लोगों की सुविधा: आम नागरिकों को बेवजह परेशानी नहीं होनी चाहिए, हम बस इतना ही चाहते हैं।

सुरक्षा बनाम अधिकार: रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे हैं और सरकार के पास सुरक्षा के दूसरे साधन भी हैं। आप उनका इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन आम नागरिकों को भी स्टेशनों पर जाने और पब्लिक ट्रांसपोर्ट इस्तेमाल करने का पूरा हक है।

सख्त टिप्पणी: क्या आप मक्खी को मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल करेंगे?

सौरव दास ने कहा- सरकार ने कल खुद दिल्ली बंद बुलाया

कॉकरोच जनता पार्टी के सह-संयोजक सौरव दास ने कहा, दिल्ली में पूरी तरह बंद जैसे हालात सरकार ने खुद पैदा किए हैं। सरकार को डर है कि अगर ज्ञानेश कुमार गए, तो सब चले जाएंगे। भारत सरकार ने कल दिल्ली बंद का आह्वान किया है।

मेट्रो बंद के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

दिल्ली में आज मेट्रो और पैसेंजर ट्रेनें और इंटरनेट बंद करने के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर की गई। इनका आरोप है कि इससे लोगों को परेशानी होगी। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दाखिल की है। सिब्बल ने कोर्ट में कहा, सभी ट्रेनें रद्द हैं, मेट्रो स्टेशन बंद हैं। आप कहीं भी नहीं जा सकते। मेरे देश में क्या हो रहा है? यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन है। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दिया, यह हमारा देश है। सिब्बल ने स्पष्ट किया, जब मैं अपने देश की बात करता हूं, तो मेरा मतलब आपके देश से भी है।

सीजेपी नेता दीपक बालियान को राजस्थान पुलिस ने देर रात उठाया

अलवर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर 10 अक्टूबर (2026) को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन से ठीक पहले 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नेताओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सीजेपी का आरोप है कि राजस्थान पुलिस ने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सह-प्रभारी और प्रवक्ता दीपक बालियान को अलवर स्थित उनके घर से देर रात जबरन हिरासत में लिया और उनके व उनके छोटे भाई के साथ बेरहमी से मारपीट की। मीडिया रिपोर्ट्स और सीजेपी नेताओं के अनुसार, 8 अक्टूबर की रात राजस्थान पुलिस सादे कपड़ों में दीपक बालियान के घर पहुंची। परिजनों का आरोप है कि पुलिस रात करीब 8 बजे आई थी, जिस दौरान दीपक ने सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो शुरू कर दिया। कुछ देर बाद पुलिस लौट गई, लेकिन रात करीब 10 बजे पुलिस दोबारा पहुंची और दीपक से वीडियो डिलीट करने का दबाव डाला। परिवार का दावा है कि जब दीपक ने वीडियो हटाने से इनकार किया, तो पुलिस ने उन्हें जबरन हिरासत में ले लिया। परिजनों और सीजेपी का सीधा आरोप है कि पुलिस ने दीपक को घसीटा और पीटा, जिससे उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया है। इसी बीच, जब दीपक के छोटे भाई अनिरुद्ध ने पुलिस की इस कार्रवाई का वीडियो बनाने की कोशिश की, तो पुलिसकर्मियों ने उसके साथ भी मारपीट की। सीजेपी के सह-संस्थापक आशुतोष रांका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि राजस्थान पुलिस ने दीपक को धारा 151 (शांति भंग करने के अंदेशे) के तहत गिरफ्तार किया। रांका ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लिखा कि पुलिस ने दीपक को शांति भंग के आरोप में उनके अपने ही घर से गिरफ्तार कर पुलिसिंग के नए मानक स्थापित किए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध और सोशल मीडिया पर समर्थकों को थाने पहुंचने की चेतावनी के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई। आशुतोष रांका ने बताया कि पुलिस दीपक को रात भर करीब 100 किलोमीटर तक घुमाती रही और अंततः 9 अक्टूबर की सुबह करीब 7 बजे उन्हें वापस उनके घर छोड़ दिया गया।

अभिजीत दीपके ने कहा- आंदोलन होकर रहेगा

सीजेपी के 10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपक ने कहा, हमारा आंदोलन होकर रहेगा। जंतर-मंतर प्रदर्शन के लिए तय जगह है। संविधान का अनुच्छेद 19 प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार देता है, फिर अनुमति लेने की क्या जरूरत है। उन्होंने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, क्या 13 करोड़ वोटरों के नाम हटाने से पहले अनुमति ली गई थी। क्या आप चाहते हैं कि चुनाव में धांधली करने वालों के खिलाफ हम प्रदर्शन भी न करें। ऐसा नहीं हो सकता। देश इस तरह नहीं चल सकता। देश को बचाने के लिए हम प्रदर्शन करेंगे।

कच्छ में सड़क हादसे में 7 की मौत, 20 लोग घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कच्छ

गुजरात के कच्छ में शुक्रवार सुबह ट्रक और पिकअप बोलेरो की टक्कर में बोलेरो में सवार सात मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, 20 लोग घायल हैं। सभी घायलों को भुज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोलेरो का केबिन चकनाचूर हो गया था और ट्रक उसके नीचे दब गया था, जिससे लोग असहनीय दर्द से चीख रहे थे।



सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2024 में भारत में सड़क हादसों से 1.77 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इसका मतलब है कि देश में रोज करीब 485 और हर घंटे लगभग 20 लोग जान गंवा रहे हैं। इन मौतों की सबसे बड़ी वजह तेज रफ्तार और हेलमेट या सीटबेल्ट न लगाना है। कच्छ कलेक्टर अनिल राणावासिया ने कहा कि बोलेरो में करीब 30 लोग सवार थे। दुर्घटनास्थल पर आरी पार्क चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और आसपास के औद्योगिक क्षेत्र से क्रेन की व्यवस्था करके ट्रक के नीचे फंसे मजदूरों को बाहर निकाला।

40 मजदूरों से भरी बस पलटी, एक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ छत्तरपुर

प्रदेश के छतरपुर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ। दरअसल, यहां के ढोढन बांध पर मजदूरों से भरी बस पलट गई। इसमें एक मजदूर की मौत गईऔर 13 घायल हैं। दरअसल यह सभी मजदूर बांध साइट पर काम करने वाले थे। बस में बैठकर यह जा रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए।

अमेरिका में पहली बार सजा-ए-मौत टीवी पर होगी लाइव

एजेंसी ▸▸ टेक्सास

अमेरिका में पहली बार मौत की सजा को लाइव टीवी पर दिखाया जाएगा। पूर्व आर्मी मेजर निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा दी जाएगी।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि इस सजा का लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा, ताकि आम लोग इसे देख सकें। बीबीसी के मुताबिक, 100 साल में यह अमेरिका में पहली सार्वजनिक तौर पर दी गई मौत की सजा होगी। हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 सैनिकों की मौत हो गई थी।

मध्यप्रदेश में कथित घोटालों का देशभर में जोरदार अभिनंदन : हजारों करोड़ के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग

प्रदेश सरकार ने पिछले ढाई साल में गढ़े भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान

चावल से लेकर सरकारी बिलों तक अनियमितताओं के दावे, सिंहस्थ की तैयारियां और उज्जैन की जमीन के सौदे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में पिछले ढाई साल के दौरान सामने आए कथित घोटालों और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों ने सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता, निगरानी और जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में चावल वितरण, मूंग खरीदी, सिंहस्थ की तैयारियों, जल उपचार संयंत्रों, परिवहन योजना, स्वास्थ्य सुविधाओं, सरकारी बिलों और कर्मचारियों के वेतन भुगतान से जुड़े दस मामलों का उल्लेख किया गया है। इनमें हजारों करोड़ रुपए की कथित अनियमितताओं से लेकर उज्जैन में जमीन की खरीद के दावों तक कई मुद्दे उठाए गए हैं।

प्रत्येक मामले में आरोपों, आधिकारिक जांच, ऑडिट निष्कर्षों और संबंधित पक्षों के जवाब को अलग-अलग देखना जरूरी है। इन दावों ने यह सवाल जरूर खड़ा किया है कि सार्वजनिक धन के उपयोग की निगरानी कितनी प्रभावी है और जांच के निष्कर्ष आम लोगों के सामने कब आएंगे।


- **बच्चों के पोषण के लिए आवंटित चावल खुले बाजार पहुंचा-** करीब 1,200 करोड़ रुपए के कथित चावल घोटाले का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि बच्चों के भोजन के लिए आवंटित चावल को निर्धारित लाभार्थियों तक पहुंचाने के बजाय राइस मिलों, एथेनॉल संयंत्रों और खुले बाजार तक पहुंचाया गया। यदि ऐसा हुआ है, तो यह केवल वित्तीय अनियमितता का मामला नहीं, बल्कि बच्चों के पोषण से जुड़ी सरकारी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल होगा। इस मामले में वास्तविक आवंटन, परिवहन रिकॉर्ड, भंडारण, वितरण और चावल की अंतिम खपत का मिलान महत्वपूर्ण होगा। कथित राशि और चावल के दुरुपयोग की सीमा की पुष्टि आधिकारिक दस्तावेजों से होना आवश्यक है।
- **रायसेन में मूंग खरीदी को लेकर सवाल-** दूसरा मामला रायसेन में मूंग खरीदी से संबंधित बताया गया है। आरोप है कि ऐसी मूंग की खरीदी दिखाई गई, जिसका वास्तविक उत्पादन या उपलब्धता संदिग्ध थी, जबकि सहकारी संस्थाओं के रिकॉर्ड में भुगतान दर्ज कर दिया गया। यदि रिकॉर्ड में दर्ज खरीदी और वास्तविक उपज में अंतर पाया जाता है, तो यह जांचना जरूरी होगा कि भुगतान किसे किया गया, किसानों के पंजीयन और उत्पादन का सत्यापन कैसे हुआ तथा खरीदी केंद्रों पर भौतिक सत्यापन किया गया था या नहीं।
- **सिंहस्थ की तैयारियों में पुराने बिजली उपकरण लगाने का आरोप-** उज्जैन में आगामी सिंहस्थ की तैयारियों से जुड़े कार्यों पर भी सवाल उठाए गए हैं। वीडियो में आरोप है कि बिजली के नए खंभे और तार लगाए जाने थे, लेकिन पुराने सामान को नया बताकर इस्तेमाल किया गया और इसके बदले सरकारी राशि का भुगतान किया गया। सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में बिजली व्यवस्था की सुरक्षा और विश्वसनीयता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए संबंधित कार्यों के टेंडर, सामग्री की खरीद, गुणवत्ता परीक्षण, स्टॉक रजिस्टर और मौके पर स्थापित उपकरणों का सत्यापन जरूरी है।
- **जल उपचार संयंत्रों में ब्रांडेड सामान के नाम पर भुगतान?** करीब 1,200 करोड़ रुपए के कथित स्टिकर घोटाले का भी दावा किया गया है। आरोप है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में स्थानीय या अन्य श्रेणी के उपकरणों पर ब्रांडेड कंपनियों के स्टिकर लगाकर उन्हें निर्धारित ब्रांड का सामान दशार्या गया और उसी आधार पर भुगतान लिया गया। इस तरह के आरोपों की जांच के लिए तकनीकी विनिर्देश, खरीद आदेश, बिल, निमार्ता की जानकारी, गुणवत्ता प्रमाणपत्र और संयंत्रों में स्थापित उपकरणों का स्वतंत्र परीक्षण आवश्यक होगा।
- **सुगम परिवहन योजना में पुरानी बसों के इस्तेमाल का दावा-** सुगम परिवहन योजना को लेकर आरोप लगाया गया है कि नई बसें चलाने के उद्देश्य के बावजूद आधे से अधिक पुरानी बसों पर स्टिकर लगाकर उन्हें योजना के तहत संचालित किया गया। इस मामले में यह देखना जरूरी होगा कि योजना की वास्तविक शर्तें क्या थीं, बसों की आयु और स्थिति के संबंध में क्या प्रावधान थे तथा भुगतान किस आधार पर किया गया। बसों की सूची, पंजीयन प्रमाणपत्र, अनुबंध और परिचालन रिकॉर्ड के परीक्षण से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि नियमों का उल्लंघन हुआ या योजना के तहत निर्धारित शर्तों के अनुरूप वाहन लगाए गए।
- **इंदौर के खजराना क्षेत्र में अस्पताल केवल फाइलों में होने का आरोप-** इंदौर के खजराना क्षेत्र से जुड़ा एक मामला भी उठाया गया है। दावा है कि अस्पताल के लिए उपकरणों की खरीद, पदस्थापना और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित प्रक्रिया पूरी दिखाई गई, लेकिन अस्पताल वास्तव में जमीन पर मौजूद नहीं था।
- **केग की रिपोर्ट और करीब 6 हजार करोड़ रुपए के खर्च पर सवाल-** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से संबंधित करीब 6 हजार करोड़ रुपए के खर्च का उल्लेख करते हुए बिलों और रिकॉर्ड को लेकर सवाल उठाए गए हैं। यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना जरूरी है। ऑडिट रिपोर्ट में खर्च के दस्तावेजों की कमी, नियमों के उल्लंघन, वित्तीय प्रबंधन की खामियों या अन्य आपत्तियों का उल्लेख होना अपने आप में पूरी राशि के घोटाले का प्रमाण नहीं होता। संबंधित केग रिपोर्ट, वित्तीय वर्ष, विभाग और आपत्तियों की प्रकृति का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक है।
- **करीब 600 करोड़ रुपए के कथित फर्जी बिल-** एक अन्य आरोप में करीब 600 करोड़ रुपए के फर्जी बिलों के जरिए सरकारी धन निकालने और उसे अधिकारियों के परिवार या रिश्तेदारों के खातों में स्थानांतरित करने का दावा किया गया है। इस प्रकार के मामले में बिल जारी करने वाली संस्थाओं, भुगतान स्वीकृत करने वाले अधिकारियों, बैंक लेनदेन और वास्तविक आपूर्ति या सेवा के प्रमाणों की जांच जरूरी है। यदि फर्जी बिल और अनुचित भुगतान प्रमाणित होते हैं, तो संबंधित लोगों की भूमिका और धन के अंतिम लाभार्थियों की पहचान जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।
- **करीब 50 हजार कर्मचारियों के वेतन भुगतान पर दावा-** लगभग 50 हजार ऐसे कर्मचारियों का भी उल्लेख किया गया है, जिनके नाम पर हर महीने वेतन निकलने, लेकिन उनके वास्तविक रूप से मौजूद नहीं होने का आरोप है। यदि सरकारी रिकॉर्ड में ऐसे कर्मचारी पाए जाते हैं जो वास्तव में नियुक्त नहीं थे या काम नहीं कर रहे थे, तो यह गंभीर प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितता हो सकती है।
- **उज्जैन में 168 एकड़ जमीन की खरीद को लेकर चर्चा-** इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के परिवार और उनसे संबंधित बताई गई रियल एस्टेट कंपनियों ने उज्जैन में 137 भूखंडों और कुल 168 एकड़ जमीन की खरीद करीब 45 करोड़ रुपए में की। दावे के अनुसार, इनमें से लगभग 111 एकड़ जमीन उन क्षेत्रों के आसपास थी, जहां बाद में सड़क या हाईवे परियोजनाएं सामने आईं। सबसे संवेदनशील मुद्दा उज्जैन में जमीन की खरीद से जुड़ा है।



असली सवाल: आरोपों की जांच और जवाबदेही कब?

इन दस मामलों में उठाए गए आरोप अलग-अलग विभागों, योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से संबंधित हैं। इनकी प्रकृति और प्रमाणों की स्थिति भी एक जैसी नहीं है। इसलिए सभी को एक ही श्रेणी में रखकर निष्कर्ष निकालने के बजाय प्रत्येक मामले की स्वतंत्र और दस्तावेज आधारित जांच जरूरी है। सरकार और संबंधित विभागों को चाहिए कि वे जांच की स्थिति, ऑडिट आपत्तियों पर की गई कार्रवाई, दोषियों के विरुद्ध उठाए गए कदम और सरकारी धन की संभावित क्षति से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करें। वहीं, जांच एजेंसियों को आरोपों की निष्पक्ष पड़ताल कर प्रमाण मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

व्यवसायी एवं जिम्मेदार दोनों समान

हर बार की तरह जगमग करने वाले पर्व के पूर्व दिशा निर्देश दिए गए हैं। आतिशबाजी विक्रय को लेकर इन दिशा निदेर्शों में बताया गया है कि इस वर्ष आतिशबाजी विक्रय एवं भंडारण के लिए कोई नई अस्थाई अनुज्ञप्ति स्वीकृत नहीं की जाएगी। आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों के लिए आबादी क्षेत्र से दूर और पूर्णतः सुरक्षित स्थानों का चयन किया जाएगा। धार्मिक स्थल, अस्पताल, स्कूल एवं किसी भी प्रतिबंधित स्थल के आसपास आतिशबाजी की दुकानें नहीं लगाई जाएंगी। चयनित स्थानों का ले-आउट संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वीकृत कराया जाएगा। एक समूह में अधिकतम 50 दुकानों को ही अनुमति दी जाएगी। अस्थाई आतिशबाजी दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा। दुकानें अग्निरोधी सामग्री अथवा लोहे की चादरों से बनाई जाएंगी। लकड़ी की रैक और कपड़े के शामियानों का उपयोग नहीं किया जाएगा। दुकानों को अन्य रहवासी भवनों से पूर्णतः अलग रखा जाएगा तथा फटाका दुकान के ऊपर निवास स्थान या ऊपरी तल पर जाने का रास्ता नहीं होगा। दो दुकानों के बीच निर्धारित 3 मीटर की दूरी में आतिशबाजी का भंडारण भी नहीं किया जा सकेगा। दुकानों में सुरक्षित तकनीकी मानकों के अनुसार प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। तेल से जलने वाले लैंप, खुली बत्ती या ज्वलनशील कपड़े आदि का उपयोग नहीं किया जाएगा। प्रत्येक लाइसेंसधारी को दुकान के सामने अग्नि सुरक्षा के लिए बालू एवं पानी से भरी बाल्टियां तथा अन्य अग्निरोधी उपकरण रखना अनिवार्य होगा। आतिशबाजी विक्रय परिसर में 24 घंटे फायर ब्रिगेड की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। नाबालिग बच्चों को आतिशबाजी नहीं बेची जाएगी तथा बिना लाइसेंस आतिशबाजी का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकेगा। विक्रय स्थल पर आतिशबाजी का प्रदर्शन भी प्रतिबंधित रहेगा। थोक विक्रेता फुटकर विक्रेता का वैध लाइसेंस देखकर ही निर्धारित मात्रा में आतिशबाजी बेच सकेंगे। फुटकर विक्रेताओं के नवीनीकृत लाइसेंस की प्रति प्राप्त करना भी आवश्यक होगा। ठेलागाड़ी, चलित रूप से अथवा हाट बाजारों में दुकान लगाकर आतिशबाजी का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकेगा।

नैनो न्यूज

- **कलर्स ऑफ साइंस** 3.0 में सजा विज्ञान बाजार, नवाचार और उद्यमिता के दिखे रंग, सम्राट विक्रमादित्य विवि में किसान कल्याण के लिए विज्ञान थीम पर आयोजन
- **पांच दिवसीय** कथक नृत्य कार्यशाला प्रारंभ, नृत्यांतर संगीत कला संस्थान, उज्जैन द्वारा संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ 9 अक्टूबर को हुआ।
- **कार्यशाला में** कथक नृत्य की बारीकियों, तकनीकी पक्षों एवं कलात्मक अभिव्यक्ति से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को कथक की शास्त्रीय परंपरा, नृत्य की तकनीक एवं प्रस्तुति की विशेषताओं से परिचित कराना है।
- **पूर्व वायुसेना** सार्जेंट भूपेंद्र कुमार को मिला राष्ट्र गौरव सम्मान, काव्यांजलि की काव्य संध्या में गूंजा देशभक्ति का स्वर कई साहित्यकारों का हुआ सम्मान
- **कथक नर्तकों** ने साकार किए दशावतार, धमार और तीनताल पर थिरके कदम, धमार ताल में कीर्ति त्रिवेदी, तीनताल में अंश और चार्वी की प्रस्तुति, नृत्य अभिषेक में दिखा शास्त्रीय संगीत और भारतीय संस्कृति का अनूठा संगम
- **शिक्षाविद्** प्रो. डॉ. प्रेम नारायण सक्सेना की जन्मशताब्दी समारोह कल, हिंदी भवन में होगा आयोजन, शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान को किया जाएगा याद
- **थम नियुक्ति** दिनांक से वरिष्ठता देने की घोषणा, अध्यापकों में खुशी, मुख्यमंत्री से मिला अध्यापक संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल हुई चर्चा
- **कमरी मार्ग** पर अधूरा काम बना परेशानी का कारण, धूल से व्यापारी और श्रद्धालु परेशान, वार्ड क्रमांक 14 स्थित कमरी मार्ग पर पिछले कई महीनों से सीवर लाइन डालने का काम किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक काम पूरा नहीं किया गया है।
- **आईसीआईसीआई** बैंक ने उज्जैन के रामवासा गांव में शुरू की अपनी नई शाखा, गांव में किसी भी बैंक की यह पहली शाखा
- **शासकीय धनवंतरी** आयुर्वेदिक महाविद्यालय उज्जैन में बीएएमएस डॉक्टर प्रशिक्षणु चिकित्सकों द्वारा शिष्यावृत्ति की मांग को लेकर आयुर्वेद के छात्र चार दिन से आंदोलन कर रहे हैं।
- **राज्यस्तरीय** स्कूल गेम्स में उज्जैन संभाग का दबदबा, गतका में जीते 10 स्वर्ण और 5 रजत पदक, जबलपुर में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन कर उज्जैन का गौरव बढ़ाया

आज सर्वपितृ अमावस्या : बुरी आत्माओं को भगाने के लिए भी होगा पूजन

पूर्वजों के निमित्त पिंडदान व तर्पण करने के लिए देश भर से शिप्रा तट पर पहुंचेंगे श्रद्धालु


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज शनिश्चरी और सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर शिप्रा तट पर स्नान के साथ ही पूर्वजों के निमित्त पिंडदान व तर्पण करने के लिए देश भर से श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। आज पितृ पक्ष की अंतिम तिथि है। आज सर्व पितृ अमावस्या पितरों का इस धरती से विदाई लेने का दिन है। इस दिन सभी के पूर्वज इस भवसागर से मुक्त होकर परलोक की ओर चले जाते हैं। अमावस्या पर शिप्रा नदी में स्नान के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने नर्मदा के पानी का इंतजाम किया है। नर्मदा का पानी पाइपलाइन के जरिए त्रिवेणी तक पहुंचा जा रहा है

आज सर्वपितृ अमवस्या पर शिप्रा नदी के रामघाट और केडी पैलेस पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। यहां पर बुरी आत्माओं से छुटकारा पाने के लिए ग्रामीण लोग भी पहुंचकर पूजन पाठ करेंगे।

ब्राह्मण भोजन व दान करने से पितरों को उसका पुण्य फल प्राप्त होता है- पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त तर्पण विधान, पिंड दान, ब्राह्मण भोजन, गाय, कौवा श्वान भिक्षुक को भोजन का दान तथा तीर्थों पर वैदिक ब्राह्मण को वस्त्र, पात्र का दान करने से पितरों को उसका पुण्य फल प्राप्त होता है। आज सर्व पितृ अमावस्या हस्त नक्षत्र में रहेगी जो शुक्रवार रात को 11 बजे से प्रारंभ हो गई जो आज रात्रि 9 बजे तक रहेगी। आज अमावस्या उदयात में मनाई जाएगी कन्या राशि पर सूर्य के भ्रमण करने से जो योग बनता है वह श्राद्ध महालय श्राद्ध कहलाता है, श्राद्ध पक्ष में चंद्रमा पृथ्वी के निकट रहता है पितरों का वास चंद्रमा ग्रह में माना गया है इसलिए कृष्ण पक्ष में श्राद्ध पक्ष का महत्व अत्यधिक होता है।

श्राद्ध में 16 दिन कार्य नही करने वाला आज- पितरों की निमित्त श्रद्धार्पण कर दें तो उनकी श्रद्धा मान्य हो जाती है। 16 श्राद्ध का पर्व काल अपने आप में विशिष्ट माना जाता है। जो व्यक्ति 16 श्राद्ध में 16 दिन कार्य नही कर पाया हो वह इस दिन भी पितरों की निमित्त श्रद्धार्पण कर दें तो उनकी श्रद्धा मान्य हो जाती है। आज अमावस्या पर किया गया श्राद्ध सभी पूर्वजों की आत्माओं को प्रसन्न करता है।



व्यवस्थाओं का महापौर व निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण



सर्वपितृ अमावस्या एवं शनिचरी अमावस्या पर्व पर त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में दर्शन एवं स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम उज्जैन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल व निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने द्वारा शनि मंदिर घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं के लिए स्नान हेतु शुद्ध जल एवं फव्वारों की व्यवस्था, वस्त्र बदलने के लिए पृथक प्रथक चेंजिंग रूम, पेयजल, संकेतक बोर्ड, नियंत्रण कक्ष तथा घाट परिसर में साफ-सफाई सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

रेलवे ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज, क्राउड होल्डिंग एरिया का निर्माण जारी

माधव नगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 3,608 वर्गमीटर का बनेगा क्राउड होल्डिंग एरिया

यात्रियों को मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं,छत पर 120 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर सिस्टम लगेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटा है। माधवनगर स्टेशन क्षेत्र में 3608 वर्ग मीटर का क्राउड होल्डिंग एरिया निर्माण किया जा रहा है। यहां यात्रियों को सभी मूलभूत सुविधाएं मिलेगी। इसकी छत पर 120 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर सिस्टम लगेगा

सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रेल मार्ग से उज्जैन पहुंचेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा स्टेशन परिसर के विकास, फुट ओवर ब्रिज के निर्माण तथा यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए क्राउड होल्डिंग एरिया विकसित करने जैसे



महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को आवागमन के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 8 की ओर माधव नगर क्षेत्र में लगभग 3,608 वर्गमीटर क्षेत्रफल (8244 मीटर) में क्राउड होल्डिंग एरिया का निर्माण रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। इस होल्डिंग एरिया के अतिरिक्त तीन अन्य क्राउड होल्डिंग एरिया भी विकसित किए जाएंगे। क्राउड होल्डिंग एरिया में यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वर्तमान में निमार्णाधीन होल्डिंग एरिया का कार्य अक्टूबर 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

120 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम

यात्रियों की सुविधाओं के विकास के साथ-साथ रतलाम मंडल द्वारा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी पहल के तहत माधव नगर क्षेत्र में निमार्णाधीन क्राउड होल्डिंग एरिया की छत पर 120 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (पावर) लेप्टिनेंट डी.के. प्रजापति के निर्देशन में इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है।

नवरात्रि की तैयारी शुरू

देवी मंदिरों पर होने लगा रंगाई पुताई और सजावट का कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज श्राद्ध पक्ष के समापन के बाद कल 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो जाएगी। इस बार नवरात्रि 10 दिन की रहेगी। इसकी तैयारियां शहर के प्रमुख देवी शक्ति मंदिरों में अंतिम दौर में है। मंदिरों की रंगाई पुताई की जा रही है। हरसिद्धि मंदिर पर भी दीपमाला की सफाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि इस बार श्राद्ध पक्ष का समापन आज 10 अक्टूबर को हो जाएगा। इसके अगले दिन 11 अक्टूबर से शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि आरंभ हो जाएगा। इस दौरान पूरे नवरात्रि पर्व में हरसिद्धि माता, चामुण्डा माता, गढ़कालिका, भूखी माता, बिजासन माता, नवदुर्गा मंदिर, वाघेश्वरी देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में 11 अक्टूबर की सुबह शुभ मुहूर्तों में घट स्थापना होगी और इसी के साथ शक्ति की उपासना करना लोग शुरू कर देंगे।

सभी माता मंदिर समेत



अन्य सभी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई है। वही भूखी माता मंदिर में रंगाई पुताई का कार्य चल रहा है वहीं भूखी माता घाट पर शिप्रा नदी किनारे बने माता मंदिर की भी रंगाई पुताई की जा रही है। मंदिर के परिसर से लेकर शिखर तक की साफ सफाई रंगाई पुताई तथा सजावट के काम चल रहे हैं। शहर के हरसिद्धि मंदिर सहित चौबीस खंबा माता मंदिर व अन्य देवी मंदिरों पर भी सजावट का कार्य किया जा रहा है।

डॉ. प्रज्ञान राज्यपाल द्वारा सम्मानित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेदीक महाविघालय भोपाल में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी नाडी विश्लेषण 2026 में उज्जैन के डॉ. प्रज्ञान त्रिपाठी एम.डी. आयुर्वेद का सम्मान राज्यपाल महामहीम मंगुभाई पटेल द्वारा शाल एवं प्रर्शसित पत्र देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे देश से 100 से अधिक आयुर्वेद के चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के मेडिकल ऑफिसर, आयुष विभाग के मंत्री इंदरसिंह परमार, भोपाल सांसद आलोक शार्मा, प्रिसिंपल सेक्रेटरी शोभित जैन, आयुष विभाग के कमिशनर उमा महेश्वरी, शासकीय आयुर्वेद इंस्टीटयूट के प्राचार्य उमेश शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम 6 अक्टूबर को भोपाल में संपन्न हुआ।


सोयाबीन के भाव 6300 रुपये क्विंटल तक पहुंचे

किसानों के चेहरे खिले, महाराष्ट्र-राजस्थान में कम बारिश से मध्यप्रदेश की उपज की मांग बढ़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में इन दिनों सोयाबीन की बंपर आवक हो रही है। बाजार में सोयाबीन के अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार किसानों को अपनी उपज के 6100 से 6300 रुपये प्रति क्विंटल तक भाव मिल रहे हैं। बेहतर बाजार भाव के चलते किसान उत्साह के साथ मंडी पहुंच रहे हैं और अपनी उपज का विक्रय कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र और राजस्थान में कम बारिश के कारण सोयाबीन की फसल प्रभावित होने से मध्यप्रदेश में उत्पादित सोयाबीन की



मांग दूसरे राज्यों में बढ़ी है। इसका असर बाजार पर दिखाई दे रहा है। मांग बढ़ने से सोयाबीन के भाव को समर्थन मिल रहा है और किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

- **मंडी में बढ़ी आवक, व्यवस्थाओं का निरीक्षण-** आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की लगातार बढ़ रही आवक को देखते हुए मंडी प्रशासन भी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए है। मंडी सचिव राजेश गोयल ने मंडी का निरीक्षण कर नीलामी व्यवस्था और उपज की खरीदी-बिक्री की स्थिति का जायजा लिया। अधिक आवक के दौरान किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर ध्यान दिया जा रहा है।
- **खुले बाजार में बेच रहे किसान-** वर्तमान में बाजार में सोयाबीन के अच्छे भाव मिलने से किसान खुले बाजार में ही अपनी उपज बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। बेहतर कीमत मिलने के कारण उन्हें अपनी फसल के उचित मूल्य की उम्मीद है। वहीं, मंडी प्रशासन ने बाजार भाव में गिरावट आने या योजना की जरूरत पड़ने की स्थिति को देखते हुए भावांतर योजना के क्रियान्वयन के लिए भी तैयारी रखी है। सोयाबीन के अच्छे दाम किसानों के लिए राहत लेकर आए हैं। हालांकि, बाजार में आगे भाव किस स्तर पर बने रहते हैं, यह मांग, आपूर्ति और फसल की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। फिलहाल उज्जैन मंडी में मिल रहे बेहतर भाव से सोयाबीन उत्पादक किसानों में उत्साह का माहौल है।

अभियान के पूर्व प्रशासन एवं वन विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी की भी हिदायत दी

आज से शाजापुर जिले में कृष्णमृग, नीलगाय रेस्क्यू एवं ट्रांसलोकेशन अभियान

पहला बोमा शुजालपुर के बोलाईकलां में लगाया, हेलीकाप्टर से हांकेंगे, दक्षिण अफ्रीका का विशेषज्ञ दल पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाजापुर जिले में एक बार फिर से बोमा पद्धति से वन्यजीवों को पकड़ने का अभियान शुरू किया गया है। शनिवार से कृष्णमृग एवं नीलगाय पकड़ने के लिए दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों का दल आ चुका है। बोमा लगाया जा चुका है। इसके पूर्व क्षेत्र के ग्रामीणों को कलेक्टर ऋजु बाफना एवं वन विभाग की नोडल अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक उज्जैन डॉ. किरण बिसेन ने अभियान के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों से सहयोग मांगते हुए सावधानी बरतने की हिदायत दी है। इस बार अभियान में 2 हजार कृष्णमृग एवं अधिकतम नीलगाय पकडे जाने का लक्ष्य है।

मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा शाजापुर जिले के चिन्हित क्षेत्रों में 09 से 31 अक्टूबर 2026 तक कृष्णमृग एवं नीलगाय के रेस्क्यू एवं ट्रांसलोकेशन का अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रशिक्षित वन अमला, पशु चिकित्सा एवं विशेषज्ञ दल तथा आवश्यकतानुसार हेलीकॉप्टर एवं अन्य संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य वन्यजीवों को सुरक्षित रूप से निर्धारित क्षेत्रों में स्थानांतरित करना है। इस दौरान वन्यजीवों एवं ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।



ग्रामीण ऐसे सहयोग करें

डॉ. बिसेन ने ग्रामीणों से सहयोग अपेक्षा के रूप में कहा कि ऑपरेशन की सूचना वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। कृषि कार्य, सिंचाई एवं अन्य गतिविधियां ऑपरेशन समाप्त होने की सूचना मिलने के बाद ही शुरू करें। अपने पालतू जानवरों कुत्ते, गाय, भैंस, बकरी आदि को खुले में न छोड़ें। बच्चों को खेतों, सड़कों, बोमा स्थल एवं वन्यजीवों की संभावित आवाजाही वाले क्षेत्रों से दूर रखें। वन्यजीवों को देखने, फोटो या वीडियो बनाने के लिए एकत्रित न हों। वन्यजीवों का पीछा न करें, उन्हें घेरें नहीं, रास्ता न रोकें, न हांकें और न ही पत्थर या डंडे से भगाएं। ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, कार आदि से वन्यजीवों का पीछा न करें तथा ऑपरेशन क्षेत्र या उनके संभावित मार्ग में वाहन खड़ा न करें। हेलीकॉप्टर की आवाज सुनकर बाहर न निकलें। निर्धारित सुरक्षा क्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश न करें। निजी या अनधिकृत ड्रोन से हेलीकॉप्टर संचालन एवं वन्यजीवों को गंभीर जोखिम हो सकता है। हॉर्न, लाउडस्पीकर, पटाखे, सीटी बजाने, चिल्लाने तथा आग जलाने जैसी गतिविधियां न करें। वन विभाग या पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड, रस्सी एवं सुरक्षा घेरे का पालन करें। वन्यजीवों की लोकेशन, बोमा स्थल, हेलीकॉप्टर की गतिविधि या जीपीएस लोकेशन सोशल मीडिया एवं वाटसएप पर साझा न करें। वन्यजीवों को परेशान न करें तथा तुरंत निकटतम वन विभाग के कर्मचारी या अधिकारी को सूचित करें।

ग्रामीण सुरक्षा निदेशों का पालन करें

कलेक्टर ऋजु बाफना ने जिले के ग्रामीणों से अपील की है कि अभियान के दौरान वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। ऑपरेशन की सूचना वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा अभियान समाप्त होने की सूचना मिलने तक खेतों में कृषि कार्य, सिंचाई एवं अन्य गतिविधियां न करें। बच्चों को खेतों, सड़कों, बोमा स्थल एवं वन्यजीवों की संभावित आवाजाही वाले क्षेत्रों से दूर रखें। पालतू पशुओं को खुले में न छोड़ें तथा वन्यजीवों को देखने के लिए भीड़ एकत्रित न करें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा है कि वन्यजीवों का पीछा न करें, उन्हें घेरने, रास्ता रोकने अथवा भगाने का प्रयास न करें। हेलीकॉप्टर की आवाज सुनकर बाहर न निकलें तथा निर्धारित सुरक्षा क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश न करें। ग्रामीण अभियान के दौरान वन विभाग, पुलिस, ग्राम पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन कर अभियान को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें।

डॉ. राजौरा की निगरानी में पूरा अभियान- नोडल अधिकारी डॉ. बिसेन ने बताया कि उक्त अभियान की निगरानी प्रदेश स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इसमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभीरक्षक डॉ. समिता राजौरा, अपर प्रधान मुख्य वन समकक्ष (वन्य जीव) एल कृष्णमूर्ति सहित 07 वनमंडलाधिकारी शामिल है।

बोमा लगा, विशेषज्ञ पहुंचे- मुख्य वन संरक्षक डॉ. बिसेन के अनुसार शनिवार से इस बड़े आपरेशन की शुरूआत की जा रही है। अभियान के तहत पहला बोमा शुजालपुर के बोलाईकलां में लगाया गया है। अभियान के लिए हेलीकाप्टर भोपाल से देर शाम पहुंचेगा। दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों का दल अभियान स्थल पर आ चुका है। उनके साथ ही स्थानीय जिलों के वन विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम सहयोगी रहेगी।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 10 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

नल-जल योजना से झरावदा में दूर हुई पानी की समस्या

उज्जैन। इंदौख समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से महिदपुर विकासखंड के ग्राम झरावदा में ग्रामीणों को घर-घर नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना शुरू होने से पहले गांव में पेयजल की समस्या गंभीर थी। ग्रामीणों को पानी के लिए 2 से 3 किलोमीटर दूर स्थित हैंडपंप तक जाना पड़ता था। इससे कृषि, घरेलू एवं अन्य कार्य भी प्रभावित होते थे। ग्राम झरावदा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माया चौधरी, ने बताया कि इंदौख समूह जल प्रदाय योजना की शुरूआत वर्ष 2022-23 में हुई। वर्तमान में पिछले दो माह से ग्राम में नियमित रूप से नल के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है।

दो फर्मों से 34,767 लीटर अतिज्वलनशील सॉल्वेंट जब्त

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बड़ी कार्रवाई की गई। सांवेर रोड स्थित सनी पेंट एंड तार एवं एमपीडी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित परिसर में अधिकृत भंडारण स्थल से भिन्न स्थान पर भारी मात्रा में अतिज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थों का अनधिकृत रूप से भंडारण पाए जाने पर कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम. एल. मारु ने बताया कि जांच के दौरान मौके से 32,744 लीटर सॉल्वेंट एमटीओ तथा 2,023 लीटर सॉल्वेंट जाइलीन, कुल 34,767 लीटर अतिज्वलनशील पदार्थ बरामद किया गया। उक्त पदार्थों का बिना वैध लाइसेंस एवं अनुमति के भंडारण, विक्रय एवं उपयोग किया जाना पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत समस्त ज्वलनशील पदार्थ जब्त कर लिए गए हैं।

आईडीए के दोहरे मापदंडों के खिलाफ कांग्रेस का घेराव

इंदौर। इंदौर में आईडीए कार्यालय पर कांग्रेस जनों ने उएड का घेराव कर भारत जोड़ो मैदान के आवंटन, भाजपा के कार्यक्रम के लिए जमीन उपलब्ध कराने तथा पटाखा बाजार हेतु आवंटित भूमि की राशि और नियमों का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग उठाई। कांग्रेस ने आईडीए से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सभी राजनीतिक दलों के लिए समान नियम लागू करने की मांग की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, अमन बजाज, सच सलूजा रजत पटेल,अंकित सरोनिया , हिमांशु मलोरिया,देव सिंह चौहान, कुणाल सुनहरे सहित सैकड़ो कार्यकताओं द्वारा जनता के पैसों और सरकारी जमीन का हिसाब मांगा गया। जाहिर इस समय कांग्रेस काफी आक्रामक रूप में दिखाई दे रही है। इसलिए इंदौर में लगातार प्रदर्शन कर रही है।

काउंसलर्स द्वारा दिव्यांगजनों की काउंसिलिंग की गई



इंदौर। सेवा मेरा योगदान अभियान (सेवा संकल्प-2026) के अंतर्गत शुक्रवार को प्रशासनिक संकुल स्थित देवी अहिल्याबाई होलकर ऑडिटोरियम-210 में दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार विषय पर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर सांसद शंकर लालवानी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्री लालवानी ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री अजीत श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री पवन चौहान एवं मध्यप्रदेश दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ के श्री अजीत सिंह कुशवाह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मार्गदर्शन सत्र में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, रोजगार कार्यालय, कौशल विकास विभाग, एनआरएलएस एवं एनयूएलएस द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दिव्यांगजनों को दी गई। साथ ही विभिन्न काउंसलर्स द्वारा उनकी व्यक्तिगत काउंसलिंग कर उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरुप रोजगार के अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी ने दिव्यांगजन रुद्राक्ष चौहान को डी-मार्ट में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है।

नैनो न्यूज

- **देवास – खेत तालाबों से बढ़ी किसानों की आय-** देवास जिले में खेत तालाबों से वर्षाजल संग्रह और सिंचाई को बढ़ावा मिला है। किसान गेहूं, तिलहन, डेयरी और मछली पालन जैसे कार्यों से आय बढ़ा रहे हैं।
- **आगर-मालवा – स्वामित्व योजना पर पटवारियों का विरोध-** आगर-मालवा में स्वामित्व योजना के तहत पांच परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवा समाप्ति के विरोध में पटवारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर बहाली की मांग उठाई।
- **शाजापुर – नगरीय स्वच्छता पर जोर-** शाजापुर नगर पालिका ने नागरिकों से पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने की अपील की। स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा गया।
- **सुसनेर – सोयाबीन भुगतान को लेकर किसानों में नाराजगी-** सुसनेर कृषि उपज मंडी में सोयाबीन के दाम और हम्माली कटौती को लेकर किसानों ने विरोध जताया। किसानों ने उचित भाव और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था की मांग की।
- **रतलाम – पटवारियों ने कलेक्ट्रेट पर दिया धरना-** रतलाम में चार परिवीक्षाधीन पटवारियों की सेवा समाप्ति के विरोध में पटवारियों ने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया।

सुविधाघरों का स्वच्छता सर्वे: बाजारों में बने 90 प्रतिशत से ज्यादा सुविधाघर की स्थिति बदहाल हैं

इंदौर में जहां है हजारों की आवाजाही, वहीं नहीं हो रही साफ-सफाई

छत पर टंकियां रखी भी हैं तो सिर्फ दिखाने के लिए, सुविधाघर के नाम पर नगर निगम ने मात्र ढांचे खड़े कर दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जिन बाजारों में रोजाना हजारों की संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है, उन्हीं के सुविधाघर असुविधा से भरे पड़े हैं। सुविधाघरों के स्वच्छता सर्वे के अंतर्गत हमने शहर के व्यस्त बाजारों का निरीक्षण किया।

पाया कि सुविधाघर के नाम पर नगर निगम ने ढांचे तो खड़े कर दिए, रखरखाव के नाम पर लाखों रुपये भी खर्च भी हो रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि इन सुविधाघरों की साफ-सफाई पर निगम का ध्यान ही नहीं है। हालत यह है कि बाजारों में बने 90 प्रतिशत से ज्यादा सुविधाघर बदहाल हैं। इन सुविधाघरों में पानी तो है ही नहीं। छत पर टंकियां रखी भी हैं तो सिर्फ दिखाने के लिए। इंदौर प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी है। प्रदेश के अलग-अलग शहर से रोजाना हजारों लोग इन बाजारों में पहुंचते हैं। दुकानदारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पहुंचने वाले ग्राहकों को भी इन सुविधाघरों का उपयोग करना पड़ता है।

ऐसे में सवाल उठता है कि जब अन्य शहरों से आए व्यापारी और आमजन हमारे शहर के बदबूदार और गंदगी से अटे पड़े सुविधाघरों का इस्तेमाल करते होंगे तो वे क्या छवि लेकर अपने शहर को जाते होंगे। सिर्फ स्वच्छ सर्वे से पहले सुविधाघरों के हालात सुधारने से कुछ नहीं होगा। जरूरत है इन सुविधाघरों को सालभर स्वच्छ बनाए रखने की। निगम के कर्ताधताओं ने अब भी ध्यान नहीं दिया तो देश के सबसे स्वच्छ शहर के ये बदबूदार और गंदगी से अटे पड़े सुविधाघर पूरे देश में शहर की छवि को धूमिल कर देंगे।

सर्वेक्षण टीम के लौटते ही लावारिस छोड़ देते हैं

नगर निगम हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले इनकी सफाई के लिए विशेष अभियान चलाता है, क्योंकि सर्वेक्षण में इसके लिए अंक निर्धारित होते हैं। सर्वेक्षण में हर बार इंदौर को सुविधाघरों की सफाई के लिए शत प्रतिशत अंक भी मिलते रहे हैं, बावजूद इसके शहरभर के सुविधाघर बदहाल हैं। वजह यह है कि सर्वेक्षण टीम के लौटते ही इन्हें लावारिस छोड़ दिया जाता है। सुविधाघरों की दीवार पर सीएसआई का नाम और नंबर तो लिखा होता है, लेकिन वे भी कुछ नहीं करते। समाचरीय अभियान के तहत नईदुनिया की टीमें शहर की सड़कों पर उतरकर अलग-अलग क्षेत्रों का जायजा लेंगी। देखा जाएगा कि कागजों पर साफ-स्वच्छ दिखाए जाने वाले ये सुविधाघर वास्तव में सुविधाजनक हैं भी या नहीं। शहर के ज्यादातर सुविधाघरों में पानी के इंतजाम के नाम पर प्लास्टिक की टंकियां रखी हैं। सर्वे में सामने आया कि ज्यादातर सुविधाघरों की टंकियों में पानी ही नहीं है। कुछ जगहों पर सुविधाघर के बाहर सीमेंट की टंकियां रखी हैं। कुछ जगह इनमें पानी भी है, जिसका मनुष्य और पशु दोनों उपयोग कर रहे हैं।

कहां क्या स्थिति है

उदापुरा - हालत अत्यंत खराब है। पानी की व्यवस्था नहीं है। गंदगी सड़क तक बहती रहती है। बदबू की वजह से पास खड़े रहना तक मुश्किल है।

सराफा बाजार - वाश बेसिन तो लगा है लेकिन पानी नहीं है। नल टूटा हुआ है। लोगों का कहना है कि अत्याधिक दबाव रहता है, बावजूद इसके व्यवस्था पर ध्यान नहीं है।

प्लेटफार्म चार के बाहर - गंदगी अटी पड़ी है। टंकी रखी है, लेकिन पानी नहीं है। स्थिति यह है कि बदबू की वजह से खड़े रहना मुश्किल है। गंदगी सड़क पर बह रही है।

सियागंज - सुविधाघर गंदगी से अटा पड़ा है। मजबूरी में लोग खुले में निवृत हो रहे हैं। पानी का इंतजाम नहीं है। गंदगी सड़क पर बह रही है।

दिल्ली में 10 अक्टूबर को भारी ट्रैफिक जाम की आशंका

रेलवे ने रद्द की चार ट्रेनें, दो ट्रेन का समय री-शेड्यूल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिल्ली में 10 अक्टूबर को नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों के आसपास संभावित भारी ट्रैफिक जाम का असर रेल यात्रियों पर भी पड़ने वाला है। भारतीय रेलवे ने यातायात के दबाव और यात्रियों को होने वाली संभावित परेशानी को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। पश्चिमी और मध्य भारत से दिल्ली जाने वाली चार प्रमुख ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि दो महत्वपूर्ण ट्रेनों को पांच घंटे के लिए री-शेड्यूल किया गया है। दिल्ली में 10 अक्टूबर को नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों के आसपास संभावित भारी सड़क यातायात ट्रैफिक जाम को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। रेलवे बोर्ड के निर्देशों के तहत पश्चिमी और मध्य भारत से दिल्ली की ओर जाने वाली 4 प्रमुख ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है, जबकि 2 महत्वपूर्ण ट्रेनों को 5 घंटे के लिए री-शेड्यूल किया गया है।

यात्रा से पहले ट्रेन का स्टेटस जरूर जांचें

रेलवे के इस फैसले से प्रभावित ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनानी होगी। यात्रियों को सलाह है कि स्टेशन के लिए निकलने से पहले अपनी ट्रेन का ताजा स्टेटस और प्रस्थान का समय जांच लें, ताकि रद्दीकरण या समय में बदलाव के कारण उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।

रेल प्रशासन के अनुसार, दिल्ली में सड़कों पर ट्रैफिक के अत्यधिक दबाव से यात्रियों को स्टेशन पहुंचने और ट्रेनों के संचालन में होने वाली असुविधा से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

मुंबई से दिल्ली जाने वाली इन दो ट्रेनों के समय में बदलाव

चार ट्रेनों को रद्द करने के अलावा रेलवे ने मुंबई से दिल्ली आने वाली दो महत्वपूर्ण ट्रेनों के प्रस्थान समय में भी बदलाव किया है। दोनों ट्रेनें अपने निर्धारित समय के मुकाबले पांच घंटे की देरी से रवाना होंगी।



12951 मुंबई सेंट्रल- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेसः यह ट्रेन अपने निर्धारित समय शाम 5:00 बजे के बजाय पांच घंटे देरी से रवाना होगी।

12953 मुंबई सेंट्रल- हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति एक्सप्रेसः यह ट्रेन अपने निर्धारित समय शाम 5:10 बजे के बजाय पांच घंटे देरी से रवाना होगी।

इन चार ट्रेनों को किया गया पूरी तरह रद्द

रेलवे के फैसले के तहत दाहोद, इंदौर और मुंबई से दिल्ली आने वाली चार ट्रेनों का संचालन रद्द रहेगा। प्रभावित ट्रेनों की सूची इस प्रकार हैः

20155 दाहोद-नई दिल्ली एक्सप्रेसः दाहोद से शाम 3:30 बजे रवाना होने वाली ट्रेन रद्द रहेगी।

09309 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशलः इंदौर से शाम 5:00 बजे चलने वाली ट्रेन का संचालन रद्द कर दिया गया है।

12415 इंदौर-नई दिल्ली एक्सप्रेसः इंदौर से शाम 5:10 बजे रवाना होने वाली ट्रेन रद्द रहेगी।

12247 बांद्रा टर्मिनस-हजरत निजामुद्दीन युवा एक्सप्रेसः बांद्रा टर्मिनस से रवाना होने वाली ट्रेन भी रद्द कर दी गई है।

माधव कॉलेज में क्षमता के आधार पर तीन श्रेणियों में बाँटे जाएँगे छात्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रथम वर्ष के 2223 नवप्रवेशित विद्यार्थियों की डिजिटल एंट्री लेवल बिहेवियरल संपरीक्षा आयोजित की। विद्यार्थियों ने अपने मोबाइल डिवाइस से इस परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों की मानसिक क्षमता, तर्कशक्ति और समस्या सुलझाने की योग्यता को मापना था। गूगल एनालिटिक्स के जरिए विद्यार्थियों की भावनात्मक बुद्धिमत्ता का भी गहराई से विश्लेषण किया गया। अब इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर सभी विद्यार्थियों को उन्नत, औसत और धीमी गति से सीखने वाले शिक्षार्थियों के तीन संवर्गों में बांटा जा रहा है। हर छात्र को बेहतरीन शिक्षा मिले, इसके लिए उनकी क्षमता के अनुकूल शिक्षण पद्धतियां विकसित की गई हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह व्यवस्था विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही शोध और नवाचार को भी बढ़ावा देगी, जिससे विकसित भारत 2047 का लक्ष्य अधिक सुदृढ़ होगा। महाविद्यालय के अकादमिक काउंसलिंग बोर्ड की अध्यक्ष और प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह तथा वाणिज्य विषय के वरिष्ठ प्राध्यापक और संयोजक प्रो. चिंतामन सूर्यवंशी की मौजूदगी में आयोजन हुआ। अकादमिक उत्थान के लिए सक्रिय यह बोर्ड अब इस संपरीक्षा के आधार पर एक अनुकूलित मनोमितीय परीक्षण भी कराएगा।

हज यात्रियों के लिए 4 साल बाद बहाल हुई सुविधा

मक्का रुबात में फ्री ठहर सकेंगे भोपाल के हाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल के आजमीन-ए-हज के लिए राहत की खबर है। करीब चार साल बाद मक्का मुकर्रमा स्थित ऐतिहासिक भोपाल रुबात में हज यात्रियों के ठहरने की सुविधा फिर बहाल हो गई है। हज 2027 के लिए रुबात में ठहरने वाले हाजियों का कुर्रा शनिवार, 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे मोती मस्जिद में निकाला जाएगा। औकाफ-ए-शाही, भोपाल की कार्यकारी-सह-सलाहकार कमेटी की बैठक में हज 2027 की तैयारियों की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया। कमेटी के अनुसार सऊदी सरकार के नए दिशा-निदेर्शों और निर्धारित प्रक्रिया के तहत रुबात में हाजियों के ठहरने से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं और व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं।रुबात की सुविधा बहाल होने की जानकारी अधिकारिक रूप से सिकंदर हाफिज ने वीडियो जारी कर भी दी।

उन्होंने कहा कि उमरा सहित पूरे वर्ष मक्का-मदीना जाने वाले भोपाल के यात्रियों को भी पूर्व की तरह रुबात में ठहरने की सुविधा मिलनी चाहिए।

हाजी इमरान हारून ने कहा कि भोपाल के हज यात्रियों और अन्य यात्रियों के लिए रुबात में लंबे समय से ठहरने की सुविधा पहले उपलब्ध रही है। करीब चार वर्ष बाद हज यात्रियों के लिए इसे दोबारा खोला जाना सराहनीय पहल है।

औकाफ-ए-शाही ने जनता और हाजियों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। कमेटी ने कहा कि हाजियों की सुविधा और कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और सभी व्यवस्थाएं निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अनुसार पूरी की जा रही हैं।

अफवाहों से दूर रहने की सलाह

हाफिज ने बताया कि आजमीन-ए-हज को मुबारकबाद देते हुए कहा कि शहर में रुबात को लेकर कुछ लोगों द्वारा गलत अफवाहें फैलाई जा रही थीं, जबकि ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि मदीना मुनव्वरा की रुबात का मामला वहां की अदालत में है और जल्द ही इसके भी सुलझने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही वे भोपाल, सीहोर और रायसेन के लोगों को वहां निशुल्क ठहरने की व्यवस्था की जानकारी देंगे। वर्षभर मिले सुविधा हाजी इमरान रुबात खुलने के फैसले का स्वागत करते हुए कौमी खिदमतगार भोपाल के हाजी मोहम्मद इमरान हारून ने मांग की है कि वक्फ रुबात की सुविधा केवल हज के दिनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

कालोनी का अवैध रास्ता हटाया, पुजारी को पद से पृथक किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण तथा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज ग्राम माचला, तहसील राऊ स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर की शासकीय भूमि से कॉलोनी के लिए बनाए गए अवैध रास्ते अतिक्रमण हटाकर मंदिर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अवैध कालोनी विकसित करने का प्रकरण भी दर्ज किया जा रहा है।

संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम राऊ लोकेंद्र सिंह सरल ने बताया कि सर्वे नंबर 85, रकबा 0.089 हेक्टेयर, खेड़ा पति हनुमान मंदिर की भूमि है। उक्त भूमि से मंदिर के पुजारी द्वारा समीप स्थित सर्वे नंबर 204/3 में विकसित की जा रही कॉलोनी तक पहुंचने के लिए अवैध रास्ता उपलब्ध कराया गया था। प्रशासन द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए उक्त अवैध रास्ते को हटाकर शासकीय मंदिर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

प्रशासन द्वारा मामले में संबंधित पुजारी को पद से पृथक करने की कार्रवाई भी की गई है। इसके साथ ही सर्वे नंबर 204/3 में विकसित की जा रही कॉलोनी के संबंध में अवैध कॉलोनी का प्रकरण भी नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

मध्यप्रदेश में 3 हजार 900 पेंडिंग मामलों को खत्म करने के लिए बना मास्टरप्लान

ईओडब्ल्यू का फैसला, हर महीने सुलझाने होंगे 200 केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में अब फाइलों को लंबे समय तक लटकाए रखने का दौर खत्म होने जा रहा है। लगातार बढ़ रही शिकायतों और जांच प्रक्रियाओं में आती सुस्ती को पूरी तरह खत्म करने के लिए ईओडब्ल्यू मुख्यालय ने नवाचार लागू किया है। इसके तहत अब विभाग के जांच अधिकारी के लिए हर महीने कम से कम दो मामलों को उनके मुकाम तक पहुंचाना अनिवार्य कर दिया गया है।



ईओडब्ल्यू मुख्यालय के नए निर्देश के मुताबिक, हर जांच अधिकारी को हर महीने कुल दो मामलों का निपटारा करना होगा। इनमें एक मामला प्रारंभिक शिकायत का और दूसरा दर्ज आपराधिक प्रकरण का होगा। अब तक ईओडब्ल्यू में दस्तावेजों की गहन जांच और नोटिस-दर-नोटिस की लंबी प्रक्रिया के कारण कई मामले लंबित रहते थे। इस सुस्ती को तोड़ने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह समयबद्ध खाका तैयार किया गया है।

प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य उन मामलों की जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना है जो शुरूआती शिकायतों, साक्ष्यों की कमी या अन्य तकनीकी कारणों से लंबे समय से अटके हुए थे।

इस कदम से मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार और आर्थिक अपराधों से जुड़े पुराने मुकदमों की पेंडेंसी को कम करने में बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है।

डीजी की सीधी निगरानी

इस पूरे विशेष अभियान की सबसे खास बात इसकी निगरानी है। केसों के चयन से लेकर पड़ताल और उसके अंतिम चरण तक की पूरी प्रक्रिया सीधे ईओडब्ल्यू मुख्यालय की कड़ी निगरानी में चल रही है।

हर विवेचक को अपने केस की स्टेटस रिपोर्ट हर हफ्ते अनिवार्य रूप से मुख्यालय को सौंपनी होती है। डीजी ईओडब्ल्यू उपेन्द्र जैन खुद हर सप्ताह को हर एक केस की प्रगति पर फीडबैक ले रहे हैं। समीक्षा के दौरान यदि जांच अधिकारियों को किसी तकनीकी या कानूनी परामर्श की आवश्यकता होती है, तो उन्हें तुरंत उच्च स्तर पर सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए यह विशेष अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, पिछले महीने में लागू किए गए इन कड़े नियमों के नतीजे बेहद सकारात्मक रहे हैं, जिसके चलते इस अभियान को इस माह भी पूरी सख्ती और ऊर्जा के साथ जारी रखा गया है।

3900 लंबित मामलों का है बड़ा लक्ष्य

मौजूदा समय में पूरे प्रदेश में ईओडब्ल्यू के पास करीब 100 जांच अधिकारी तैनात हैं। यदि हर अधिकारी हर महीने तय लक्ष्य के मुताबिक दो केसों का निराकरण करता है, तो हर माह लगभग 200 मामलों का तेजी से निपटारा हो सकेगा। इसी सुनियोजित और तेज रफ्तार के बूते डीजी ने प्रदेशभर में अटके पड़े करीब 3,900 लंबित मामलों के अंबार को पूरी तरह खत्म करने का बड़ा लक्ष्य रखा है।

उज्जैन में डेंगू से राहत पिछले साल आए थे 22 मरीज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस बार डेंगू बीमारी के मरीज कम आए हैं जबकि पिछले साल यह संख्या अधिक थी। पिछले 10 महीनों में उज्जैन में मच्छर जनित बीमारियों को लेकर बेहतर काम किया गया है। यही कारण है कि मलेरिया और डेंगू के केस काफी कम हो गए हैं। आंकड़ों की बात करे तो इस साल अब तक चिकनगुनिया का एक भी मरीज नहीं मिला हैं, वहीं मलेरिया के 5 और डेंगू के 4 पॉजिटिव मरीज मिले हैं।

जबकि पिछले साल इसी अवधि में डेंगू के 22 मरीज मिले थे। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि पांच साल पहले चिकनगुनिया और मलेरिया का नाम सुनते ही मरीजों के हाथ-पैर कांपने लगते थे। ओपीडी में लंबी कतारे और बुखार में तपते कांपते बच्चे इलाज के लिए लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई देते थे, लेकिन इस साल अब तक चिकनगुनिया का एक भी मरीज सामने नहीं आया है। वहीं, मलेरिया के 5 और डेंगू के 4 मरीज मिले हैं। लेकिन पिछले पांच साल पहले की बात करें तो वर्ष 2020 में 8 और 2021 में उज्जैन में मलेरिया के 5 मरीज मिले थे। 2024 में 22 मामले सामने आए थे। वहीं इस साल अब तक 5 मलेरिया और 4 डेंगू पॉजिटिव मरीज सामने आया हैं। इतना ही नहीं, जनवरी 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक एक लाख से ज्यादा लोगों के सैंपलों की जांच हुई और सभी नेगेटिव निकले हैं। विभाग और आमजन की जागरूकता ने बड़ा असर दिखाया। वहीं विभाग ने भी समय समय पर रथ निकालकर गांवों में जांच शिविर लगाकर, नुक्कड़ नाटक और पंपलेट से जानकारी फैलाई। इसके अलावा फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव भी किया गया। यह बचाव अभियान उज्जैन जिले में निरंतर चलाया जा रहा हैं।

न्यूज कालम



श्री वैदेही सेवा प्रकल्प द्वारा संजा गीत एवं ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

मंडलेश्वर।स्थानीय जूना श्री राम मंदिर में संस्था श्री श्री सीताराम शिव संकल्प संस्थान की महिला इकाई श्री वैदेही सेवा प्रकल्प द्वारा संजा गीत एवं ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी बालिकाओं द्वारा समूह बनाकर अपनी प्रस्तुति दी तथा निर्णायक द्वारा पूछे गए संजा के संबंध में प्रश्नों का उत्तर दिया गया कार्यक्रम के आरंभ में निर्णायक श्रीमती संध्या शर्मा श्रीमती सविता उपाध्याय श्रीमती प्रियंका जोशी का स्वागत श्री वैदेही सेवा प्रकल्प की प्रांत संगठन मंत्री श्रीमती अर्चना पाटीदार प्रांत संयोजक श्रीमती मालती बडोले प्रांत संस्कृत प्रमुख श्रीमती नूतन केवट कोर कमेटी सदस्य श्रीमती गंगाबाई पाटीदार ने किया इस अवसर पर नगर की 80 बालिकाओं ने भाग भाग लिया। ज्ञातव्य है कि सेवा प्रकल्प द्वारा भारतीय संस्कृति संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष लोक पर्वों पर आधारित कार्यक्रम किए जाते हैं संजा बनाओ प्रतियोगिता पिछले ४ वर्षों से आयोजित की जाती रही है जिसके फल स्वरुप आसपास के ग्राम व नगरों में इसी प्रकार के आयोजन होने लगे हैं। जूना श्री राम मंदिर में श्री वैदेही सखियों द्वारा 16 दिनों तक सायं काल संध्या के गीत गाए जाते हैं कार्यक्रम में समूहों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में नगद राशि दी गई तथा प्रत्येक प्रतिभागी को पाठ्य सामग्री तथा बिस्किट पैकेट वितरित किए गए इस अवसर पर प्रकल्प की पूर्व अध्यक्ष तरुणा तंवर कोर कमेटी सदस्य निशा डोंगरे विमला पवार रानी अग्रवाल उपाध्यक्ष नीलम मालवीय सदस्य साधना कुशवाहा प्रिया गुप्ता गायत्री राठौर वर्षा शर्मा संगीता अग्रवाल उषा डोंगरे सहित अनेक सखियां उपस्थित रहीं कार्यक्रम का संचालन सचिव मोनिका निगुर्णे ने किया।

आगामी नवरात्रि, गरबा एवं दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



मनावर। आगामी नवरात्रि पर्व, दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना, गरबा आयोजन एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना मनावर परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छता, सार्वजनिक सुरक्षा एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि आगामी सभी त्यौहार आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें तथा सोशल मीडिया पर प्राप्त संदेशों को बिना सत्यापन के आगे प्रसारित न करें। त्यौहारों के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं तथा सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन एवं मयार्दा बनाए रखें। किसी भी आपात स्थिति अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को दें। मनावर पुलिस द्वारा सभी नागरिकों एवं आयोजन समितियों से अपील की गई कि नवरात्रि, गरबा एवं दशहरा पर्व को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा त्योहार हमारी खुशी और हमारी जिम्मेदारी की भावना के साथ पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।

बस स्टैंड पर कांग्रेस का प्रदर्शन, निर्वाचन आयोग पर जमकर बरसे कार्यकर्ता



सनावद। दिल्ली में विपक्षी सांसदों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर कांग्रेस का गुस्सा अब सड़कों पर नजर आया। गुरुवार को सनावद बस स्टैंड पर ब्लॉक और शहर कांग्रेस के कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। हाथों में तख्तियां और कांग्रेस के झंडे लेकर कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रदर्शन के दौरान निर्वाचन आयोग के सदस्य ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस और शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने साफ किया कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन को और व्यापक किया जाएगा।

भारत विकास परिषद के 23 नेत्रदान पूरे, सेवा कार्यों के लिए किया सम्मान



जावरा । भारत विकास परिषद का नेत्रदान प्रकल्प में अतुलनीय सेवा कार्य करते हुए सत्र के 23 नेत्रदान संपन्न हुए। भारत विकास परिषद एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संस्था का 22वां एवं 23वां नेत्रदान संपन्न हुआ। संस्था कोषाध्यक्ष निलेश जोशी ने बताया कि 22वें नेत्रदान के रूप में नेत्रदानी लायंस क्लब पूर्व अध्यक्ष रमेश मेहता एवं 23वें नेत्रदान के रूप में नेत्रदानी लाडकुंवर सावनसुखा का नेत्रदान सम्पन्न कराया गया। नेत्रदान के प्रेरक यश जैन, रवि खारीवाल, निलेश मेहता, संस्था अध्यक्ष शेखर नाहर, संदीप रांका रहें। नेत्र दान में अतुल्नीय सेवाकार्य करने पर गीता भवन सेवा न्यास बडनगर द्वारा भारत विकास परिषद शाखा का सम्मान किया गया। जिससे संस्था में हर्ष व्याप्त हैं।

वोट चोरी के आरोप और राहुल-प्रियंका से कथित दुर्व्यवहार के विरोध में कांग्रेस ने मोदी-शाह का पुतला फूंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



भारतीय लोकतंत्र और निर्वाचन व्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों के समर्थन में गुरुवार 8 अक्टूबर को राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर च्काला दिवसज् मनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इसी क्रम में खंडवा में कांग्रेस कार्यकर्ता शाम 4.30 बजे गांधी भवन में एकत्रित हुए। यहां से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता केवलराम पेट्रोल पंप पहुंचे।

केवलराम पेट्रोल पंप के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पुतले का दहन किया। पुलिस ने पुतला छीनकर दहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध करते रहे और अंततः पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर)प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि राहुल गांधी देश के नेता प्रतिपक्ष और निर्वाचित सांसद हैं। उनके साथ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को कांग्रेस ने लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ बताया। रघुवंशी ने आरोप लगाया कि गृह मंत्रालय पुलिस का इस्तेमाल कर निर्वाचन आयोग से जुड़े सवालों से बचने का प्रयास कर रहा है। जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के सांसद निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्वक जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे थे, तब उन्हें रोका गया। कांग्रेस का आरोप है कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं और सांसदों के साथ बलपूर्वक व्यवहार किया गया। इमरान गौरी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर उठाए जा रहे सवालों का समाधान किया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को केंद्र सरकार का संरक्षण प्राप्त है और इसी कारण विपक्ष की मांगों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाए तथा चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक कांग्रेस की मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा।

इस अवसर पर सुनील सरकारगय ,रियाज हुसैन,इकबाल कुरैशी,सुनील आर्य, आलोक सिंह रावत ,ब्लॉक अध्यक्ष इमरान गौरी,विशाल जैन,रतन सक्सेना, संदीप सोनी ,सुनील पासी ,मुल्लू राठौर, जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन,कोच्चि व्यास ,अर्श पाठक, बबलू पटेल, उदय सोनी, योगेश जांगिड़ , ,जितेंद्र यादव ,अरविंद कसेरा, मीना वर्मा, श्रद्धा जीभेंकर ,गुलाबश ,सुधा कास्डे, रूपा कास्डे, हुकुम मेलुन्दे, असलम सैय्यद ,मेहमूद खान ,मुस्तकिम तिगाला , चंद्रशेखर अयान खान शोएब शाह, दिनेश प्यासे ,एस के चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

शारदीय नवरात्रिः भक्ति से शक्ति संग्रहण का अनुष्ठान



(राजमल मारु)

बडवानी।भारत भूमि पर विभिन्न ऋतुओं और समय चक्र के अनुसार आध्यात्मिक- धार्मिक पर्वों के माध्यम से मानवीय जीवन एवं प्रकृति के सामंजस्यपूर्ण पूर्ण संबंधों को स्थापित करने का एक अनूठा वैज्ञानिक तरीका है। हमारे यहां ऋतुओं और शरीर के शारीरिक और मानसिक संचालन के अनुसार विभिन्न धर्म आधारित त्योहारो और पर्वों का आयोजन आदि-अनादि काल से निर्धारित किया गया है ।

उसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान या त्योहार है- शारदीय नवरात्र पर्व। शारदीय नवरात्रि केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आत्मा से परमात्मा तक की यात्रा का एक दिव्य अनुष्ठान है। वर्षा ऋतु के बाद जब प्रकृति अपने आप को स्वच्छ और नवीन रूप में प्रस्तुत करती है, तभी मनुष्य के भीतर भी शुद्धिकरण और शक्ति संग्रहण की आवश्यकता होती है। इसी हेतु हमारे ऋषि-मुनियों ने अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक के नौ दिनों को शक्ति की आराधना के लिए नियत किया है।

नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ है - नौ रात्रियाँ। रात्रि अंधकार का प्रतीक है और अंधकार -- अज्ञान, मोह, अहंकार और नकारात्मकता का। इन नौ रात्रियों में देवी के नौ रूपों की आराधना करके साधक अपने भीतर के अंधकार को मिटाकर प्रकाश की ओर बढ़ता है। शारदीय नवरात्रि का संबंध भगवान श्रीराम से भी है। जब रावण जैसे अहंकारी और अधर्मी शक्ति से युद्ध करना था, तो स्वयं मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने भी शक्ति की आराधना की थी। इससे सिद्ध होता है कि बिना शक्ति के शिव भी शव के समान हैं।

11 को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल का प्रथम नगर आगमन, सादगी से होगा स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का ११ अक्टूबर को नगर में प्रथम आगमन होगा। इसे लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे और विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि दौरे को यादगार बनाने के लिए भव्य स्वागत किया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीमती ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन से क्षेत्र में संगठन को नई गति मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नया जोश संचारित होगा। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत सादगीपूर्ण ढंग से किया जाए। स्वागत समारोह में किसी भी प्रकार की भव्यता या शक्ति प्रदर्शन से बचा जाए। उन्होंने विशेष रूप से जेसीबी जैसी मशीनों का उपयोग न करने पर जोर दिया। विधायक श्री पाटीदार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अनुशासन और मयार्दा का पालन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करें, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में कार्यकताओं ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों पर चर्चा की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, जिला महामंत्री विवेक भटोरे, जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सोलंकी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकूश जायसवाल, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया प्रदेश अध्यक्ष का आगमन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रदेश अध्यक्ष के दौरा कार्यक्रम अनुसार सड़क मार्ग से वे बड़वानी जिले से जुलवानिया होकर जिले में प्रवेश करेंगे।



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी को मिला 25 हजार का प्रथम पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, बड़वानी को जनजातीय कार्य विभाग, बड़वानी द्वारा 25 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय ने इस वर्ष कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। संस्था में दर्ज कुल 190 विद्यार्थियों में से सभी 190 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) रहा। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि और शिक्षकों के समर्पित प्रयासों के फलस्वरूप संस्था को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल मिश्रा ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का श्रेय संस्था के समस्त शिक्षकों की मेहनत, समर्पण एवं मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को दिया। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

अलीराजपुर। जिला मुख्यालय पर आज दोपहर को कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल के नेतृत्व में ज्ञानेश्वर कुमार हाय-हाय और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज करायाप्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने ज्ञानेश्वर कुमार का पुतला दहन करने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा पुतले बहन की कोशिश को रोक दिया गया एवं पुतला अपने कब्जे में ले लिया गया पुलिस की तत्परता के चलते पुतला दहन नहीं हो सका। महेश पटेल के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया जिला मुख्यालय पर हुआ हुए इस प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात था।

विधायक प्रतिनिधि श्री भाटी का निधन

जावरा । विधायक प्रतिनिधि एवं नगर पालिका एल्डरमैन अजय सिंह भाटी का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया । घर पर भोजन कर रहे थे कि अचानक साइलेंट अटैक आया और अचेत अवस्था में होकर गिर गए ।परिजनों एवं मित्रों ने तुरंत भाटी को निजी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।फिर भी परिजन शासकीय चिकित्सालय भी ले गए। सूचना लगते ही नगर के राजनीतिक दलों के नेता समाज जन एवं ईस्ट मित्र बड़ी संख्या में घर पहुंचे। भाटी नगर पालिका के पूर्वचेयरमैन दशहरा उत्सव समिति बदा वीर दल एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए होकर सक्रिय थे। जिला योजना समिति एवं भाजयुमो में भी विभिन्न पदों पर रहे ।भाटी के एकदम चले जाने से हर कोई स्तब्ध रह गया। भाटी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



ब्लॉक कांग्रेस ने घंटाघर चौराहा पर प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा घंटाघर चौराहे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर 8 अक्टूबर को काला दिवस के रूप में घोषित किया गया । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में ७ अक्टूबर को इंडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ में निर्वाचन आयोग से जवाबदेही कि मांग करने के लिए शांतिपूर्वक जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे थे तो उन्हें रोक दिया गया । बलपूर्वक उन पर लाठीचार्ज किया गया,। उन्हें गंभीर रूप से घायल किया यह एक तरह से लोकतंत्र की हत्या है प्रजातंत्र में सबको अधिकार है अपनी बात रखने का विरोध प्रदर्शन करने का लेकिन मोदी सरकार को यह उचित नहीं लगा, मोदी सरकार यह नहीं चाहती किहमारे खिलाफ कोई आवाज उठाएं, हमारे नेता गांधी ना कभी दबे हैं ना ही कभी झुके हैं वह हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावरा शहर के अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कडपा, पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मत सिंह श्रीमाल, शांतिलाल दसेड़ा, वरुण श्रोत्रिय, नीतिराज सिंह, बलवंत सिंह राठौर, बाबूलाल निंबे हीरालाल मेहता, मसूद परदेसी, गुड्डू पठान, अन्नपूर्णा पवार, मोहन सैनी, नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, पार्षद प्रतिनिधि अनीश कल्याणे,अहमद भाई, मन्नान कडपा, रिजवान पठान, विमल पोखरना, महेश शर्मा, दानिश सिद्दीकी, अशोक सिसोदिया, संयम शर्मा, फारूख मंसूरी, नईम भाटी, जावेद पापुलर, नरेंद्र मकवाना, विनोद मेहता, कृष्णा अखेड़िया, विक्रम यादव, बड्डी भाई, आदि उपस्थित थे।

बड़वानी पुलिस की अनुठी पहल डीजे के शोर पर लगेगा लगाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

जिला पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आगामी त्योहारों, धार्मिक व सामाजिक जुलूसों को शांतिपूर्ण, अनुशासित और विवाद रहित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित इस परिचर्चा में समाज के विभिन्न वर्गों, धर्मों के प्रबुद्ध जनों तथा जन प्रतिनिधियों सहित लगभग 200 प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल की अध्यक्षता व पहल पर आयोजित इस संगोष्ठी में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने एक स्वर में जुलूसों में ध्वनि प्रदूषण को न्यूनतम करने तथा तय दिशा-निदेर्शों के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने का समर्थन किया।

पोरलाल खरते बड़वानी पुलिस की इस पहल को सराहते हुए कहा कि कानून का पालन करना समाज की भी नैतिक जिम्मेदारी है। परंपराओं और सामाजिक माहौल को प्रभावित करने वाले डीजे के अनियंत्रित प्रयोग पर रोक लगनी चाहिए। राजू पटेल पुलिस प्रशासन द्वारा सभी समाजों को एक मंच पर लाने के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें इस दिशा में उदाहरण पेश करना चाहिए।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविरों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं - अर्चना चिटनिस

बुरहानपुर। विधायक अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविरों के स्थान, दिनांक और समय की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण शिविरों का लाभ ले सकें। गणपति नाका स्थित पाटीदार भवन में आयोजित ग्रामीण जनकल्याण शिविर में चिटनिस ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में पेंशन, संबल योजना और आधार अपडेट के प्रकरण मौके पर ही निराकृत किए गए। पात्र हितग्राहियों को डेयरी प्लस सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण और सुशासन के संकल्प से कार्य कर रही है। जन-विश्वास शिविर आमजन और प्रशासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं। इससे ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के आवेदनों पर प्राथमिकता से समयबद्ध कार्रवाई हो, किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाने में पूर्व अध्यक्षों की हटाई फोटो पुनः स्थापित करने हेतु प्रबंध संचालक से शिकायत

बुरहानपुर। जिले के प्रतिष्ठित नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, झिरी में पूर्व अध्यक्षों की फोटो को लेकर विवाद गहरा गया है। कारखाने के डेलीगेट एवं अंशधारी किसानों ने इसे नियम विरुद्ध बताते हुए प्रबंध संचालक से शिकायत कर पुनः स्थापित करने की मांग की है ।ग्राम डाभिया खेड़ा के कारखाना डेलीगेट उज्जवल रामदास पाटिल एवं अंशधारी गन्ना उत्पादक ललित शंभू पटेल ने दिनांक 6 अक्टूबर को प्रबंध संचालक को सौंपे पत्र में बताया कि कारखाने के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय दत्तात्रेय रामभाऊ महाजन की फोटो सभा गृह एवं अध्यक्ष कार्यालय में लगी हुई थी, वहीं पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह की फोटो लगाया जाना प्रस्तावित थी, जो नहीं लगाई गई। आरोप है कि वर्ष 2007-08 में निर्वाचित पूर्व अध्यक्षीय संचालक मंडल ने स्व. महाजन की फोटो हटाकर अपने कार्यकाल के संचालक सदस्य रहे स्व. वीरेंद्र सिंह की फोटो लगा दी।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या SnT_RTM_26_16_SIGNAL, दिनांक: 08.10.2026. कार्य का नाम:** रतलाम डिवीजन : एसएंडटी गियर की विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार के लिए विभिन्न खंडों में क्षतिग्रस्त सिग्नलिंग केबलों की सुरक्षा और पुनः बिछाने के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 8,78,19,38.29. **बयाना राशि:** रु 1,75 600/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 02.11.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 02.11.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाईन ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है। **AK/6/1/291**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

विज्ञप्ति

मेरी पक्षकार संस्था पर्पल फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त जानकारी एवं सूचना अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जीतेन्द्र पिता रमेश द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन मेरी पक्षकार संस्था के समक्ष प्रस्तुत किया था, जो कि भूमि सर्वे क्रमांक्र 500/2, प.ह.न. 03, ग्राम जाबडा, तहसील बदनावर जिला धार में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 8177.6 वर्गफीट/760 वर्गमीटर है तथा जिसकी चतुसीर्मा पूर्व में रामकुंवर पित राधेश्याम भूमि सर्वे न. 500/1/2/1, पश्चिम में बंशीलाल पिता केशरलाल भूमि सर्वे न. 499, उत्तर में रास्ता सर्वे नं. 502, दक्षिण में सोहन बाई पित गोविन्द भूमि सर्वे नं. 498/1/1 है, को बंधक कर ऋण प्राप्त किया जावेगा, उक्त संपत्ति पुर्व में रमेशचंद्र पिता कालुराम के नाम से राजस्व दस्तावेजो में दर्ज थी, रमेशचंद्र पिता कालुराम की मृत्यु के पश्चात रमेशचंद्र जी के वारिसान जीतेन्द्र पिता रमेशचंद्र के नाम पर नामान्तरित हो चुकी थी। तथा अब जीतेन्द्र पिता रमेशचंद्र द्वारा उनकी पत्नी कुसुम बाई पाटीदार पति जीतेन्द्र के पक्ष में सह स्वामित्व लेख निष्पादित किया जा रहा है। जिसके पश्चात जीतेन्द्र पिता रमेशचंद्र एवं कुसुम बाई पाटीदार पति जीतेन्द्र द्वारा उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकार संस्था के पास बंधक रख कर ऋण प्राप्त किया जावेगा।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जीतेन्द्र पिता रमेशचंद्र की वसियत अनुसार यह सम्पत्ति किसी ओर के मालिकी की हो अथवा इस बंधक पर अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में मय दस्तावेजो के साथ मेरे कार्यालय पर संपर्क करे। जिसके पश्चात सम्पत्ति को बंधक कर मेरी पक्षकार संस्था ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी। सो सुचित हो।दिनांकः-06.10.2026 स्थानः- मन्दसौर।

अविजित सिंह चौहान अभिभाषक
बी 105 प्रथम तल श्री गोवर्धननाथ काम्पलेक्स
नई आबादी मंदसौर
मोबाइल नंबर 94248-12339, 96918-01918

न्यूज -कॉलम

वाल्मिकीनगर में गोली चलाने वालों को भेजा जेल

उज्जैन। पुराने विवाद में 7 अक्टूबर की रात खरे परिवार के घर पर गोली चलाने वाले 2 बदमाशों सचिन उर्फ आयुष पिता मोहनलाल निवासी जानकीनगर और साहिल पिता संतोष निवासी अशोक नगर को माधवनगर पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से घटना में प्रयुक्त पिस्टल के साथ चाकू बरामद किया गया था और वाल्मिकी नगर में जुलूस भी निकाला था। दोनों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज होने पर शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार सचिन के खिलाफ 5 और साहिल के खिलाफ 8 अपराधिक प्रकरण पूर्व में भी दर्ज थे।

भान बड़ोदिया सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवनखेड़ी और भान बडोदिया के बीच गुरूवार सुबह हुई बाइक और बस की भिड़ंत में मौके पर मांगीलाल पिता देवीलाल 60 साल और मनोहर पिता सुखराम 60 साल की मौत हो गई थी। उनका बाइक सवार साथी शंकर पिता पन्नालाल 55 साल घायल हुआ था। जिसकी हालत नाजुक होने पर शासकीय चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया था। जहां गुरूवार-शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस द्वारा सुबह उसका पोस्टमार्टम कराया गया। विदित हो कि दुर्घटना के बाद मौके पर हुई 2 लोगों की मौके बाद घट्टिया थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। तीनों मृतक ग्राम बिसनखेडी तराना के रहने वाले थे और एक बाइक पर सवार होकर उज्जैन आ रहे थे। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से आनंद ट्रेवल्स की बस को जप्त कर लिया गया था। चालक की तलाश जारी है।

दो साल बाद पैसे मांगे तो युवक पर किया हमला

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के अमननगर में रहने वाले आकाश पिता छकोडीलाल 29 साल पर शुक्रवार सुबह क्षेत्र में रहने वाले योगेश ने अपने पिता शिवनारायण और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर हमला कर दिया। आकाश घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि आकाश फल का कारोबार करता है। उसने 2 साल पहले योगेश को फल व्यापार करने के लिये 7 हजार 500 रूपये उधार दिये थे। योगेश पैसे नहीं लौटा रहा था। सुबह आकाश घर से फल मंडी जा रहा था उसी दौरान योगेश उसे घर के बाहर खडा दिखाई दिया। उसने पुराने पैसे देने के लिये कहा तो उसने परिवार के साथ मिलकर कुल्हाडी, पत्थर और डंडे से हमला कर दिया। चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

सिद्धवट पर दूध चढ़ाने आ रहा युवक दुर्घटना में घायल

उज्जैन। नागदा के ग्राम रूपेटा में रहने वाला प्रकाश पिता काशीराम परमार बाइक से उज्जैन सिद्धवट मंदिर दूध अर्पित करने आ रहा था। रास्ते में चकरावदा के समीप उसे पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल होने पर उसे टोल एम्बुलेंस उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। परिजन प्रकाश के घायल होने की जानकारी मिलने पर उज्जैन पहुंच गये थे। गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से शहर और आसपास के मार्गो पर लगातार सडक दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है। सबसे अधिक दुर्घटना कार से होना सामने आ रही है। जिनकी रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

जहरीला पदार्थ खाने से मौत

उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम रेहवारी खजूरिया के रहने वाले 55 वर्षीय घनश्याम पिता भागीरथ पाटीदार ने 8 अक्टूबर को जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में शुक्रवार दोपहर घनश्याम की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और जांच के लिये डायरी नरवर थाना पुलिस को सौंपने की बात कहीं है। फिलहाल वृद्ध के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आ पाया है।

गैंगरेप में अब तक 8 गिरफ्तार

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग पर रहने वाली 16 साल की किशोरी 26 सितंबर को लापता हो गई थी। 2 दिन मिलने पर उसके साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। पुलिस ने बयान दर्ज कर जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले 2 नाबालिगों के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में 5 साथियों की जानकारी सामने आई थी। जिनकी गिरफ्तारी के लगतार प्रयास किये जा रहे थे। 2 दिन पहले 4 युवकों ओर गिरफ्तारी कर ली थी। वहीं शुक्रवार को गैंगरेप में शामिल 8 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसआई प्रीति चौहान ने बताया कि नाबालिग अपने हमउम्र साथी से मिलने गई थी, जिसके बाद लापता हुई थी। गैंगरेप में उसका हमउम्र साथी भी शामिल था, शेष आरोपी उसके दोस्त सामने आये है।

दिन	490-3	270-9
मेन बाजार	368-7	466-6
कल्याण नाइट	678-1	148-3
मिलन डे	690-5	660-2
मिलन नाइट	580-3	770-4
मधुर डे	449-7	468-8
मधुर नाइट	489-1	349-6
शुभांक	9 8	7

बागरी समुदाय के बदमाशों से खुला 6 चोरियों का राज....

खेतों से मोटर-ट्रांसफार्मर से ऑयल करते थे चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिछले कुछ दिनों के दौरान नागदा में हुई चोरी की तीन वारदातों में शामिल बागरी समुदाय गिरोह के पांच बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में लिया तो उनसे 6 चोरी की वारदातों का खुलासा हो गया। बदमाशों को रिमांड पर लेकर 9 लाख से अधिक का सामान बरामद किया गया है।

नागदा थाना निरीक्षक अमृतलाल गवरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में चोरी के तीन मामले सामने आये थे। जिसमें एक खेत से पानी मोटर, तांबे की केबल, ट्रांसफार्मर से ऑयल और एक दुकान से किराना सामान चोरी हुआ था। कुछ दिनों के अंतराल में हुई तीनों चोरी के मामले में बदमाशों का सुराग तलाशने के लिये टीम गठित की गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने के साथ मुखबीर तंत्र को अलर्ट कर



सायबर टीम की मदद ली गई।

सुराग मिलते ही बागरी समुदाय के पांच बदमाशों जितेन्द्र पिता अशोक 22 वर्ष ग्राम रोहल खुर्द, नवल सिंह उर्फ भोला पिता भंवर 24 वर्ष निवासी ग्राम भाडला, कन्हैया उर्फ कान्हा पिता समर्थ 24 वर्ष निवासी ग्राम रोहल खुर्द, करण पिता सेवाराम 35 वर्ष निवासी झांझाखेडी और दीपक पिता नरसिंग्र 27 वर्ष, निवासी झांझाखेडी, नागदा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान सभी ने तीनों चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया। आरोपियों से तीनों चोरी का माल बरामद कर अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ शुरू की गई तो पूर्व में की गई 3 चोरी की वारदातों का ओर सुराग मिल गया। पांचों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया और पूर्व में की गई चोरियों का सामान भी बरामद कर लिया गया। बागरी समुदाय के बदमाश गिरोह से 9 लाख 64 हजार का सामान 2 पानी की मोटर, ट्रांसफार्मर से चुराया ऑयल, किराना सामान के साथ चोरी में प्रयुक्त कार के साथ ट्रेक्टर जप्त किया गया है। शुक्रवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

कार से निकलते, ट्रेक्टर में भरते सामान

लगातार चोरी की वारदात करने वाले बागरी गिरोह ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चोरी के लिये कार के साथ ट्रेक्टर लेकर निकलते थे। पहले सूनसान खेत देखते थे फिर चोरी के बाद ट्रेक्टर में सामान रखकर निकल जाते थे। ट्रेक्टर में पानी की मोटर, ऑयल की केन रखी होने पर कोई शंका नहीं करता था। रास्ते में सूनसान क्षेत्र में दुकान देखकर वहां भी चोरी को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार बदमाशों से बाइक चोरी का भी खुलासा हुआ है।

12 अक्टूबर से देवासगेट बस स्टैंड को बंद किया जाकर बसे ले जाने पर लगायी रोक, आदेश जारी

उल्लंघन करने पर परमिट निरस्तीकरण और आरसी कैंसिल की कार्रवाई, सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच बस संचालन व्यवस्था में बदलाव, नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों पर होगी सख्त कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से देवास गेट बस स्टैंड को बंद किया जाकर देवास गेट बस स्टैंड को नई जगह स्थानांतरित करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत 12 अक्टूबर से देवासगेट बस स्टैंड पर बसें ले जाने पर पूर्ण रूप रोक लगाते हुए सभी बसों का संचालन नानाखेड़ा बस स्टैंड से किए जाने का आदेश क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवम संभागायुक्त उज्जैन संभाग उज्जैन मध्यप्रदेश के द्वारा शासन के अन्य स्थानीय विभागो के प्रतिनिधियों एवम बस संचालकों की बैठक से प्राप्त परामर्श के पश्चात जारी किया गया है,

नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई, परमिट निरस्तीकरण, आरसी कैंसिल और चालानी कार्रवाई सहित अन्य वैधानिक कदम उठाए जाएंगे।



बस स्टैंड के संचालन के लिए पूर्व से संचालित नानाखेड़ा बस स्टैंड स्थित 1.689 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। नानाखेड़ा बस स्टैंड पर बसों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने के साथ यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नगर पालिका निगम उज्जैन के माध्यम से विकसित की जाएंगी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत बस स्टैंड के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपने का प्रावधान भी किया गया है। इसके अलावा देवासगेट से संचालित होने वाली लोकसेवा बसों को भी प्रस्तावित नए स्थल से संचालित करने की व्यवस्था का उल्लेख है। प्रशासन का उद्देश्य शहर के प्रमुख मार्गों पर बसों के अनावश्यक दबाव को कम करना और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना है। सिंहस्थ-2028 के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और यात्रियों के उज्जैन पहुंचने की संभावना को देखते हुए तथा शहर अंतर्गत हो रहे वृहद सड़क चौड़ीकरण , एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण तथा अन्य निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्यों के प्रगतिरत होने के कारण बसों के संचालन को सुव्यवस्थित करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई-12 अक्टूबर से लागू होने वाली बताई गई व्यवस्था के तहत देवासगेट बस स्टैंड पर बसें ले जाने के नियम का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें न्यायालयीन कार्यवाही, परमिट निरस्तीकरण, वाहन का पंजीयन प्रमाणपत्र (आरसी) निरस्त करने तथा चालान काटने जैसी कार्रवाई शामिल होगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद बसों के संचालन को निर्धारित स्थल पर व्यवस्थित करने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

गिरफ्त में बालिका को धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बालिका को फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।



मामला महिदपुर थाना क्षेत्र का है। 16 वर्षीय बालिका के साथ सालभर पहले शुभम पिता जालमसिंह चौहान निवासी ग्राम चितावद द्वारा दुष्कर्म किया था और धमकाया था। कुछ दिन पहले फिर से बालिका को अकेला पाकर युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया, बालिका ने विरोध किया तो फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। बालिका उसकी हरकतों से डर गई और बदनामी के डर से चूहामार दवा खा ली। हालत बिगडने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। बालिका के जहर खाने की खबर मिलने पर पुलिस पूछताछ करने पहुंची तो उसने शुभम की हरकतों का खुलासा किया। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मामला संगीन होने पर महिला अधिकारी ने बयान दर्ज किये और आरोपी के खिलाफ धारा 78(2) , 64 (2) एम , 3(5) बीएनएस 5 एल/ 6 पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। गुरूवार रात आरोपी को उसके गांव में दबिश देकर पकडा गया। जिसे शुक्रवार को जेल भेजा गया है। पूरे प्रकरण में विवेचना और आरोपी की गिरफ्तारी में एसआई एन. एस. कनेश, योगिता उपाध्याय (नागदा), आरक्षक राघव, समरथ पाटीदार, दीपिका परिहार का सहयोग रहा।

ग्रामीण क्षेत्रों में रातभर चली पुलिस की कॉम्बिंग गश्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्रों में अपराधियों की धरपकड और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। गुरूवार-शुक्रवार की रात की गई गश्त में 73 स्थायी और 86 गिरफ्तारी वारंट की तामील की।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर 2 दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की जा रही है। बुधवार-गुरूवार रात तराना अनुभाग के 3 थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया था। वहीं गुरूवार-शुक्रवार रात पुलिस ने जिले के सभी ग्रामीण थाना क्षेत्रों में एक साथ काम्बिंग गश्त की। इस दौरान 35 बदमाशों, 70 गुंडों और तीन चिन्हित अपराधियों की चेकिंग की। 18 असामाजिक तत्वों के खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से करीब 100 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई भी की गई। वहीं 159 स्थायी और गिरफ्तार वारंट की तामिली कराई गई। पुलिस के अनुसार कॉम्बिंग गश्त का उद्देश्य फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अपराधों की रोकथाम और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

उज्जैन-बड़नगर मार्ग पर आयशर-कार की भिड़ंत

उज्जैन। बड़नगर-उज्जैन मार्ग पर शुक्रवार रात आयशर-कार की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद आयशर पलटने से मार्ग पर जाम के हालत बन गये। घटना में किसी को चोंट नहीं आई, आयशर चालक की गलती होने पर पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

चिंतमाण थाना पुलिस ने बताया कि शाम 7.30 बजे के उज्जैन-बडनगर मार्ग गंभीर नदी पुलिया से पहले नलवा में कार और आयशर के बीच भिडंत हो गई थी। आयशर चालक मोबाइल पर बात करते हुये ड्रायविंग कर रहा था। जिससे उसका संतुलन बिगड गया और आयशर पलट गई। उसमें तेल के डिब्बे भरे थे जो सडक पर बिखर गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंच गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि कार में अमन मालवीय निवासी ग्राम कोलूखेडी और उसके साथी सवार थे जो अपने गांव लौट रहे थे। आयशर उज्जैन की ओर आ रही थी जिसका चालक भाग निकला था। कार क्षतिग्रस्त होने पर चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। दुर्घटना में कोई जनहानि होना सामने नहीं आया है, लेकिन कुछ देर के लिये उज्जैन-बडनगर मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई थी। तेल के डिब्बे सडक पर बिखर गये थे। जिसकी सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात की गई थी। चालक के सामने आने पर पता चलेगा कि आयशर कहां से आ रही थी और कहां जा रही थी।

अमावस्या की तैयारियों का एसपी ने किया निरीक्षण

उज्जैन। आज सर्वपितृ अमावस्या पर मोक्षदायिनी क्षिप्रा के घाटों पर आस्था का नहान होगा। शनि मंदिर से रामघाट तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगें। जिसको लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारियां की है। देर शाम एसपी प्रदीप शर्मा ने शनि मंदिर त्रिवेणी घाट पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश जारी किये। श्रद्धालुओं का देर शाम से धार्मिक नगरी में पहुंचना शुरू हो गया था। रात 12 बजे बाद आस्था की डूबकी लगना भी शुरू हो गई थी।



महिदपुर स्टैंडर्ड शूज शॉप में लगी आग

उज्जैन। महिदपुर में शुक्रवार सुबह स्टैंडर्ड शूज शॉप में आग लग गई। आग पर काबू पाया जाता उससे पहले 20 लाख से अधिक का नुकसान हो चुका था। आगजनी की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची थी। महिदपुर तहसील के गांधी मार्ग पर स्टैंडर्ड शूज के नाम से शफीक खान द्वारा दुकान का संचालन किया जाता है। शुक्रवार सुबह अचानक दुकान के मीटर में शार्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। कुछ देर में पूरी दुकान आग से घिर गई थी। आगजनी की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की 2 गाडी मौके पर पहुंची और फायर फायटरों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि दुकान में लगी आग के बाद आसपास के दुकानदार भी मौके पर पहुंच गये थे। उन्हे डर था कि शूज शॉप की आग उनकी दुकानों तक नहीं पहुंच जाये। आगजनी में दुकानदार द्वारा 20 लाख का नुकसान होने की बात कहीं। वहीं पुलिस के अनुसार आगजनी की शिकायत करने पर बिजली विभाग के माध्यम से जांच कराई जायेगी।

दो मानसून सत्रों में गंभीर डेम की दो स्थिति सामने....

पिछले वर्ष डेम फूल था, इस वर्ष खाली, डेम में मात्र 659 एमसीएफटी पानी

मानसून सत्र बीतने पर भी 2250 एमसीएफटी क्षमता के डेम में मात्र 659 एमसीएफटी पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन की प्यास बुझाने के साथ शिप्रा में तीज त्यौहार पर स्नान के लिए जल प्रबंध को लेकर बनाया गया गंभीर डेम में इस मानसून सत्र के बावजूद मात्र 27 फीसदी पानी है। फसल के दौरान और गर्मी की स्थिति के पनपते ही इसमें जोरदार गिरवट दर्ज होना है। पिछले वर्ष इन दिनों में डेम अपनी पूर्ण क्षमता 483.35 मीटर एवं 2250 एमसीएफटी जल राशि से आच्छादित था। ऐसी स्थिति में शहर को जल निगम की नर्मदा पाईप लाईन के भरोसे ही जलआपूर्ति होना तय है।



सन 1980 में गंभीर नदी के घट्टिया तहसील अंतर्गत गांव अंबोदिया में बोरी बंधान के बांध से शुरूआत हुई थी। तत्कालीन दौर में लाल पूल तक पाईप लाईन के माध्यम से पानी लाया गया था और शिप्रा में छोडकर सिंहस्थ के आयोजन में भी उसका उपयोग किया गया था। इसके बाद बोरी बंधान के स्थान पर पक्का बांध बनाने की परियोजना को स्वीकृत किया गया और तीन चरणों में यह परियोजना सिंहस्थ 1992 के पूर्व पूर्ण हुई। सिंहस्थ में पेयजल के साथ स्नान के लिए भी इसी पानी का उपयोग हुआ। यही स्थिति सिंहस्थ 2004 में भी रही।

2016 से नर्मदा आई-गंभीर डेम की भरण क्षमता 2250 एमसीएफटीअपने प्रारंभिक काल के विपरित तीन दशकों से ज्यादा समय में कई कारणों से प्रभावित हुई। इसके चलते पेयजल की स्थिति को कायम रखने की प्राथमिकता रखी गई। सिंहस्थ 2016 में नर्मदा का पानी उज्जैन तक शिप्रा के माध्यम से लाया गया और स्नान में उपयोग हुआ।


मात्र 27 फिसदी पानी

गंभीर डेम में इस वर्ष कमजोर मानसून के दौर में मात्र 659.055 एमसीएफटी पानी है। वर्तमान में शहर में प्रतिदिन जलप्रदाय के लिए करीब 9 एमसीएफटी पानी की आवश्यकता है।डेम में 100 एमसीएफटी पानी डेड स्टोरेज की स्थिति में रहता है जिसका उपयोग संभव नहीं होता है। फसल के दौरान प्रतिबंध के बावजूद डेम से पानी खिंचने के मामले सामान्य हैं। इसके साथ ही वाष्पीकरण एवं सोखने की स्थिति भी गर्मी बढने के साथ बढेगी। ऐसे में डेम में बमुश्किल 60 दिन का पानी भी शेष नहीं हैं। अभी ठंड,गर्मी का पूरा दौर शेष है। करीब 250 दिनों के बाद ही अगला मानसून सत्र सामने होगा। मावठे के दौर से आस तो है लेकिन वह कितना सार्थक होगा अभी यह पुख्ता तौर पर कोई नहीं कह रहा है।

8 घंटे क्षेत्र में बारिश से भर सकता है डेम

तकनीकी रूप से डेम में सालों सेवा देने वाले अधिकारियों का कहना है कि यह इतना गजब तकनीक के साथ बनाया गया है कि अगर डेम क्षेत्र में 8 घंटे 4-6 इंच बारिश हो जाए तो यह अपनी क्षमता से भरने में देर नहीं करता है। इंदौर के यशवंत सागर बांध से इसका सीधा संपर्क है। इंदौर से लेकर उज्जैन क्षेत्र के सभी नाले गंभीर नदी में सीधे तौर पर मिलते हैं। इसके चलते पानी सीधे डेम क्षेत्र में ही आता है। यही कारण है कि पानी एकत्र होने में देर नहीं लगती है और 8 घंटे में 4-6 इंच बारिश में ही डेम भर जाता है। सिंहस्थ 2004 के पूर्व 2003 के मानसून के अंतिम दौर में ऐसा हुआ है।

पुराने को छोड़ना अच्छा



जब-जब समाज में क्रांति की कोई बात उठती है, तो सबसे बड़ी बाधा इस बात से पड़ती है कि हम इतने जरा-जीर्ण हो चुके हैं कि क्रांति करनी हो, तो कहां से करें? किस-किस चीज को बदलें? कैसे हो शुरूआत? इसलिए हजारों साल से इस देश में क्रांति नहीं होती, सुधार होते हैं। कभी इस दीवार को लीप-पोतकर ठीक कर लेते हैं, तो कभी उस दरवाजे पर रंग-रोगन कर देते हैं, कभी प्लस्तर गिर जाता है, तो उसको ठीक कर देते हैं, कोई दीवार गिरने लगती है, तो आड़ लगा देते हैं।

इस देश की जिंदगी में अगर क्रांति लानी हो, तो पहला सूत्र आपसे कहना चाहता हूं- पुराने को छोड़ने की हिम्मत जुटाएं। जो समाज पुराने को छोड़ने का साहस खो देता है, वह नए को जन्म देने की पात्रता भी खो देता है। नए को जन्म देने की पात्रता उनमें होती है, जो पुराने को नष्ट करने की क्षमता रखते हैं। निर्माण की कला केवल उन्हें ही आती है, जो विध्वंस की कला भी जानते हैं। हम विध्वंस की कला भूल गए हैं। मिटाना जानते ही नहीं हैं। ध्यान रहे, जैसे ही हम मिटाना भूल जाते हैं, बनाना भी भूल जाते हैं, क्योंकि बनाने का पहला कदम सदा ही मिटाना है। पुराने को मिटाए बिना नए समाज का जन्म नहीं हो सकता।

इसलिए कहना चाहता हूं- पुराने का स्वागत कम करो। नए का स्वागत बढ़ाओ, नए को सम्मान दो, नए का आलिंगन करो, लेकिन हम तो नए से भयभीत लोग हैं। उससे हम बहुत डरते हैं, क्योंकि नया होता है अपरिचित। अपरिचित का भरोसा नहीं होता, पुराना होता है परिचित। परिचित का भरोसा होता है। यहां तक हमारी हालत हो गई है कि पुरानी जंजीरें छोड़ने में भी कष्ट मालूम होता है। जब कोई समाज जंजीरों को आभूषण समझने लगे और पुरानी बीमारियों को संगी-साथी मान ले, तो फिर उसके भाग्य का कोई भी ठिकाना बताना मुश्किल है।

फ्रांस में क्रांति हुई, तो क्रांतिकारियों ने जैसे ही फ्रांस की सत्ता पर कब्जा किया, उन्हें ख्याल आया बैस्टिल के किले का। इस किले में फ्रांस के जघन्य अपराधियों को बंद किया जाता था। उस किले में ऐसे-ऐसे कैदी थे, जो 30-40 साल से बंद थे। कई की उम्र 70-80 साल हो गई थी। क्रांतिकारियों ने उस किले को तोड़ दिया। उन्होंने सोचा, कैदी कितने खुश हो जाएंगे, जब हम उन्हें मुक्त करेंगे और उन्होंने कैदियों को उनकी अंधेरी कोठरियों से बाहर निकालना शुरू कर दिया।

हैरानी उन्हें तब हुई, जब कई कैदियों ने कारागृह से निकलने से इनकार कर दिया, क्योंकि वह उन्हें घर जैसा लगने लगा था। कहने का अर्थ यह है कि जो परतंत्र होने के लिए उत्सुक है, उसके शरीर को हम स्वतंत्र भी कर दें, तो उसकी आत्मा कभी स्वतंत्र नहीं हो सकती।

सम्पादकीय

प्रदर्शन में सावधानी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए चल रहे आंदोलन का दिनों-दिन तेज होना बड़ी चिंता और चिंतन की बात है। विगत 2 अक्तूबर से शुरु हुआ आंदोलन धीरे-धीरे विस्तार पा रहा है और इसके पक्ष के साथ ही, विपक्ष में भी खूब बयान जारी हो रहे हैं। जहां एक ओर, दिल्ली में 10 अक्तूबर को विशाल प्रदर्शन के लिए देश-विदेश से समर्थक पहुंचने लगे हैं, वहीं 42 पूर्व जजों ने चुनाव आयोग, न्यायपालिका और अन्य सांविधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान पर गहरी चिंता का इजहार किया है। बगैर पुख्ता सुबूत सांविधानिक अधिकारियों को बार-बार ह्यचोरह्न कहना क्या लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को कमजोर करना नहीं है? हालांकि, इस सवाल से परे प्रदर्शनकारियों और विपक्षी दलों का विरोध लगातार विस्तार पा रहा है। प्रदर्शन केवल दिल्ली या मुंबई तक सीमित नहीं है, पटना में भी गुरुवार को एकजुट विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए राजभवन की ओर मार्च किया है। ऐसे प्रदर्शनों में अब परस्पर झड़पें भी हो रही हैं और आम जनजीवन पर भी असर पड़ने लगा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में पहली बार विपक्ष को सड़कों पर ऐसे उतरते देखा जा रहा है। किसी प्रदर्शन या किसी मांग के लिए ऐसी विपक्षी एकजुटता पहले कभी नहीं दिखी थी। ऐसी एकजुटता चुनाव के समय भी भाजपा विरोधी दलों में नहीं दिखती है। शायद मिलकर चुनाव लड़ना मुश्किल है और मिलकर विरोध प्रदर्शन करना आसान है। खैर, जब विपक्षी दल सड़क पर एकजुट दिख रहे हैं, तब कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसा भी नहीं है कि सड़क पर केवल सरकार विरोधी लोग आ रहे हैं, सरकार के समर्थक भी सामने आने लगे हैं। मिसाल के लिए, दिल्ली में जब एक कश्मीरी युवा सरकार के समर्थन के लिए सामने आया, तब प्रदर्शनकारियों ने कथित रूप से उसके साथ बुरा बर्ताव किया है। ऐसी सीधी झड़प खतरनाक हो सकती है। भीड़ जुटना चिंता की बात नहीं है, लेकिन भीड़ का अनियंत्रित या उग्र हो जाना आफत की बारिश कर सकता है। सीजेपी के पिछले आंदोलन में भी उग्रता दिखी थी और पुलिसिया कार्रवाई की निंदा हुई थी, मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया था।

सर्व पितृ अमावस्या पर विशेष

श्राद्ध केवल कर्मकाण्ड नहीं, श्रद्धा, कृतज्ञता और संस्कार का पर्व है



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

श्राद्ध शब्द ही श्रद्धा से बना है। अपने दिवंगत माता-पिता और पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करना, उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना, उनके नाम से तर्पण, दान और अन्नदान करना तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन और संस्कारों से परिचित कराना–श्राद्ध का यही व्यापक भाव है। भारतीय संस्कृति में श्राद्ध का मूल आधार कर्मकाण्ड नहीं, बल्कि श्रद्धा, स्मृति और कृतज्ञता है।



इसलिए यदि विस्तृत कर्मकाण्ड सम्भव न हो तो भी कम-से-कम माता-पिता की मृत्युतिथि और पितृपक्ष में श्रद्धापूर्वक उनका स्मरण अवश्य करें। जल अर्पित करें, तर्पण करें, सात्त्विक भोजन बनाएँ, किसी जरूरतमंद को भोजन दें और अपने बच्चों को अपने पूर्वजों के बारे में बताएँ। भारतीय चिंतन में माता-पिता और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता को पितृऋण के रूप में देखा गया है।

पितृपक्ष का शास्त्रीय आधार

भारतीय धर्मग्रन्थों में पितरों के लिए विशेष काल का उल्लेख मिलता है। मनुस्मृति में कहा गया है–

पित्र्ये रात्र्यहनी मासः प्रविभागस्तु पक्षयोः।
कर्मचेष्टास्वहः कृष्णः शुक्लः स्वप्नाय शर्वरी॥
– मनुस्मृति, 1.66

अर्थात मनुष्यों का एक मास पितरों का एक अहोरात्र माना गया है। कृष्णपक्ष उनका दिन और शुक्लपक्ष उनकी रात्रि माना गया है। वायुपुराण में भी लगभग यही भाव मिलता है।

इसी कारण आश्विन कृष्णपक्ष को भारतीय परम्परा में पितृपक्ष अथवा महालय पक्ष कहा गया है। यह समय दिवंगत पूर्वजों को स्मरण करने, तर्पण करने और उनके निमित्त श्रद्धापूर्वक अन्न-जल अर्पित करने के लिए विशेष माना गया है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भी कहा गया है–

कुर्यादपरपक्षीयं मासि प्रौष्ठपदे द्विजः।
श्राद्धं पित्रोर्यथावित्तं तद्बन्धूनां च वित्तवान॥
– श्रीमद्भागवत, 7.14.19

श्राद्ध का अर्थ आडम्बर नहीं

श्राद्ध को लेकर एक भ्रम यह भी है कि इसके लिए बहुत बड़ा आयोजन और अधिक धन आवश्यक है। शास्त्र इसका समर्थन नहीं करते। मत्स्यपुराण में कहा गया है–

कुर्यादहरहः श्राद्धमन्नाद्येनोदकेन वा।
पयोमूलफलैर्वापि पितृभ्यः प्रीतिमावहन॥
– मत्स्यपुराण, अध्याय 16

अर्थ स्पष्ट है–अन्न, जल, दूध, मूल अथवा फल से भी श्रद्धापूर्वक पितरों का स्मरण किया जा सकता है। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि श्राद्ध का महत्त्व खर्च में नहीं, भावना और श्रद्धा में है।

मृत्युतिथि भी न भूलें

पितृपक्ष के साथ-साथ माता-पिता अथवा निकट परिजन की वार्षिक मृत्युतिथि का भी महत्त्व है। कूर्मपुराण में कहा गया है–

पार्वणेन विधानेन संवत्सरिकमिष्यते।
प्रतिसंवत्सरं कार्यं विधिरेष सनातनः॥
– कूर्मपुराण, उत्तरभाग, अध्याय 23

अर्थात संवत्सरिक अर्थात वार्षिक श्राद्ध प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए।

पितृ-स्मरण से विश्व-कल्याण तक

श्राद्ध का एक बहुत व्यापक रूप विष्णुपुराण में मिलता है–

ब्रह्मेन्द्ररुद्रनासत्यसूर्याग्निवसुमारुतान।
विश्वेदेवान्पितृगणान वयांसि मनुजान्पशून॥
श्राद्धं श्रद्धान्वितः कुर्वन प्रीणयत्यखिलं जगत॥
– विष्णुपुराण, 3.14.1-2

यहाँ श्राद्ध को केवल अपने परिवार के दिवंगत व्यक्ति तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि श्रद्धापूर्वक किया गया पितृकर्म सम्पूर्ण जीव-जगत के कल्याण से जुड़ता है। यही कारण है कि भारतीय परम्परा में पितृपक्ष के दिनों में गाय, कौए, कुत्ते और अन्य जीवों के लिए भी अन्न निकालने की परम्परा रही है। इसका गहरा संदेश है–अपने पूर्वजों को याद करते हुए हम जीवमात्र के प्रति संवेदना विकसित करें।

श्राद्ध और नई पीढ़ी

आज श्राद्ध की सबसे बड़ी आवश्यकता शायद इसी कारण है कि परिवारों की स्मृति-संरचना कमजोर हो रही है। अनेक बच्चों को अपने परदादा-परदादी अथवा नाना-परनाना तक के नाम ज्ञात नहीं होते। श्राद्ध के दिन केवल कर्मकाण्ड करने के बजाय परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठें। घर के वरिष्ठ सदस्य बच्चों को बताएं कि उनके पूर्वज कौन थे, उन्होंने जीवन में क्या संघर्ष किया, उनकी विशेषताएँ क्या थीं और परिवार को उनसे क्या मूल्य प्राप्त हुए। पुराने चित्र, पत्र, हस्तलिखित सामग्री और पारिवारिक प्रसंग सुरक्षित किए जाएँ। परिवार का एक छोटा वंशवृक्ष बनाया जाए।

जीवित माता-पिता की सेवा सबसे पहले

श्राद्ध का अर्थ केवल मृत्यु के बाद कर्म करना नहीं है। यदि माता-पिता जीवित हैं तो उनकी सेवा, सम्मान और देखभाल सबसे बड़ा कर्तव्य है। यह उचित नहीं कि जीवनकाल में हम माता-पिता के लिए समय न निकालें और उनके निधन के बाद बड़े कर्मकाण्ड करें। भारतीय संस्कृति की भावना दोनों को जोड़ती है–जीवित माता-पिता की सेवा और दिवंगत माता-पिता का श्रद्धापूर्वक स्मरण।

श्राद्ध कृतज्ञता का संस्कार है। जिस घर में पूर्वजों की चर्चा सम्मानपूर्वक होती है, वहाँ बच्चों को अपनी जड़ों का बोध होता है। वे समझते हैं कि उनका जीवन केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का परिणाम नहीं, बल्कि पूर्वजों के अनेक त्याग और संघर्षों की देन भी है। श्राद्ध हमें मैं से हम की ओर ले जाता है। यह मृत्यु का भय उत्पन्न करने वाला संस्कार नहीं, बल्कि यह बताने वाला संस्कार है कि हमारे जीवन में जो कुछ श्रेष्ठ है, उसके पीछे अनेक पीढ़ियों का योगदान है।

श्रद्धांजलि :

नाना पाटेकर हिन्दी, मराठी के बेहतरीन कलाकार



अभिनेता, पटकथा लेखक, फिल्म निमार्ता विश्वनाथ नाना पाटेकर का असमय निधन फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है , अपनी संवाद अदायगी के लिए नाना पाटेकर काफी पसंद किए जाते रहे हैं और देश का एक बडा. वर्ग उनके डायलाग बोलने के लहजे. का दिवाना रहा है ,

नाना पाटेकर ने अपने उत्कृष्ट अभिनय के दम पर कई बार फिल्म पुरस्कार, फिल्म फेयर पुरस्कार और ढेरसारे पुरस्कार अपने नाम किए , 2013 में भारतीय सिनेमा में योगदान हेतु उन्हें पद्मश्री सम्मान भी दिया गया ,

गमन और परिंदा से अभिनय जीवन की शुरूआत करने वाले नाना ने अपनी पहली फिल्म परिंदा में ही अपना अभिनय कौशल दिखाया और सर्वश्रेष्ठ खलनायक और सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार और फिल्म फेयर पुरस्कार अपने नाम किया , उसके बाद तो उन्होंने क्रांतिवीर, खामोशी, यशवंत,अब तक छप्पन,अपहरण,वेलकम, राजनीति आदि ढेर सारी हिन्दी और मराठी फिल्मों में अपने अभिनय और संवाद अदायगी से लोगों को अपना दीवाना बना लिया,नाना को महाराष्ट्र सरकार द्वारा राजकपूर पुरस्कार और मराठी फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त हुए , नाना पाटेकर की संवाद अदायगी लोगों को इतनी पसंद है की आज कई मिमिक्री आर्टिस्ट उनकी नकल कर अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं , इतने प्रतिभाशाली नाना पाटेकर की कमी हमेशा खलेगी, श्रद्धांजलि नाना पाटेकर!!

– संजय डागा

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10 अक्टूबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि- अमावस्या 20:20 उपरांत एकम
नक्षत्र- हस्त 21:54 उपरांत चित्रा
योग- ऐन्द्र23:15 उपरांत वैधृति
करण - चतुष्पाद
चन्द्रमा - कन्या मे
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 28तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। व्यापारिक सौदों में लाभ के योग हैं। मानसिक शांति बनी रहेगी।
वृषभ- पारिवारिक माहौल सुखद और शांतिपूर्ण रहेगा। वित्तीय मामलों में दिन शुभ रहेगा।
मिथुन- कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं बनेंगी। व्यापारिक यात्राएं सफल और लाभदायक होंगी।
कर्क- प्रेम संबंधों में निकटता और विश्वास बढ़ेगा। आय के नए साधन बनेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, ताजगी रहेगी।
सिंह- करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में नेटवर्किंग से भारी लाभ होगा।
कन्या- दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा।
तुला- कार्यक्षेत्र में रुकी हुई योजनाएं चल पड़ेंगी। व्यापार में लाभ के मजबूत योग हैं।
वृश्चिक- मित्रों और परिवार का साथ मिलेगा। आर्थिक मजबूती देखने को मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा।
धनु- धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, सफलता मिलेगी। व्यापार में नए अवसर सामने आएंगे।
मकर- संतान पक्ष से राहत मिलेगी। आर्थिक पक्ष सुदृढ़ रहेगा। सेहत बढ़िया रहेगी, प्रसन्न रहेंगे।
कुंभ- कार्यक्षेत्र में नए मुकाम हासिल होंगे। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। कार्यस्थल पर आपकी बातों का प्रभाव पड़ेगा।
मीन- निजी जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

संजा पर्व पन्द्रहवाँ दिन

आज बनेगी संजा बई की डोली

संजा पर्व के पन्द्रहवे दिन चतुर्दशी को किलाकोट में संजा बई की पालकी बनाई जाएगी। संजा के माण्डने हेतु अंतिम रूप में बन रह किला कोट चतुर्दशी को पूरी तरह से सज जाएगा। बारात के आने की तैयारियां पूरी हो जाएगी। संजा बई की डोली उनके ससुराल से आने का आशय रहेगा कि एक दिन बाद संजा बई की बिदाई तय है। इस बिदाई की बेल की कल्पना से ही संजा की सखियां रूआंसी होने लगती है। विगत 14 दिन से सतत अंकन करते हुए उनका मानसिक एवं भावनात्मक जुड़ाव संजा से हो जाता है। संजा की सखियां एवं परिजन उसके बचपन के दिनों को याद करते है। वे यह महसूस करते हैं कि अब संजा पराई हो जाएगी। वे याद करते हैं कि संजा को कौन सी वस्तुएं, भोजन पसंद है और किन चीजों को वह पसंद नहीं करती है। सखिया इसलिए रो पड़ती है क्योंकि अब उनके साथ कौन खेलेगा? वे किसे चिढ़ाएंगे और किससे दो मीठी बातें करेंगे। संजा की भाभियां विवाह की तैयारियों के बीच रूआसी हो जाती है। उनकी फूल प्यारी संजा बिदा जो होने जा रही है। वे बातों बातों में संजा को दुलार करके कहती भी है कि यदि उनसे कभी लालन+पालन के दौरान गलती हुई हो तो माफ कर देना। इधर संजा बहुत रूठी हुई है। एक तो वह विवाह नहीं करना चाहती थी। दूसरे अब बिदा नहीं होना चाहती है। लेकिन उसकी मां समझाती है कि हम तुम्हे जल्द ही लेने आ जाएंगे। संजा कहती है कि मां, तुम बापू को जल्द लेने भेजना। मैरा वहां मन नहीं लगेगा। वहां मैरी न तो कोई सखी है ओर न ही कोई परिचित? यह सुनकर संजा की मां,भाभियां एवं रिश्तेदार हंस देते है। अबोध संजा यह नहीं जानती कि विवाह के मायने क्या होते हैं?

जाड़ी जसोदा-पतली पेमा की कहानी

संजा पर्व के दौरान बुजूर्ग महिलाएं संजा माण्डने वाली कुंवारी कन्याओं को कथाएं सुनाती है। इन कथाओं के माध्यम से जहां लड़कियों में लोकाचार की भावना जाग्रत होती हैवहीं समझ विकसित होती है कि ससुराल में किसप्रकार से रिश्तेदारों के साथ व्यवहार करना चाहिए। अन्यथा बाद में जो परिणाम सामने आते हैं वे कितने गंभीर होते हैं। जसोदा नाम की एक गरीब महिला थी। वह इतनी गरीब थी कि अपने बच्चों को एक समय का भोजन भी नहीं करा पाती थी। उसके माता-पिता का निधन हो चुका था वहीं एक भाई था, जो पत्नि के व्यवहार के कारण दूरी बनाकर रहता था। श्राद्ध पक्ष आया तो भाई तीर्थ क्षेत्र में अपने माता-पिता का तर्पण करने गया। पत्नि को कह गया कि बहन को श्राद्ध पर बुलाना और भोजन कराना। इधर जोधा को भी पता था कि हर वर्ष भाई के घर से बुलावा आता है। इसलिए वह इंतजार करती रही कि भाभी बुलाने आएगी। जब श्राद्ध वाले दिन भी भाभी बुलाने नहीं आई तो स्वयं जसोदा अपने बच्चों को लेकर भाई के घर पहुंची।

जसोदा अपनी भाभी के व्यवहार से परिचित थी। सो उसने बच्चों के कहाकि मैं आटा गुंधूंगी। तुम बाहर नाली के पास बैठ जाना। जैसे ही में हाथा धोउंगी, नाली से आटे का पानी निकलेगा, तुम दोनों उसे बर्तन में एकत्रित कर लेना। हम बाद में उसे पका लेंगे। जसोदा आटा गूंधने लगी। जैसे ही उसने हाथ धोना चाहा, प्रमा ने उसे कहा-रूको भाभी, आटे के हाथ धोओगी तो चींटी खाएगी, इससे श्राद्ध का भोजन झूठा हो जाएगा। मैं तुम्हारे हाथ से आटा उतार देती हूं। इतना कहकर उसने चाकू से हाथ पर चिपका आटा निकाला। ऐसा करने से जसोदा के हाथ लहूलुहान हो गए। इधर भाई पिण्डदान कर रहा था तो पिण्डों में से खून की बूंदे निकलने लगी। भाई ने पण्डित से कारण पूछा तो उसने बताया कि तुम्हारे घर कोई संकट आने वाला है।

जसोदा अपने घर आ गई। बच्चे भूखे सोए लेकिन वह रातभर जागती रही। उसके घर के बाहर एक बेल और एक कुत्ता बात कर रहे थे। वे कह रहे थे कि इस घर के चारों कोनों में बहुत सारा धन गड़ा है। यह सुनकर जसोदा ने चारों कोनें खोदे। बहुत सारा धन निकला। ऐसा होने से जसोदा की गरीबी जाती रही। उसने महल बनवाया और ठाठ से रहने लगी। इधर तर्पण करके भाई लोटा तो पत्नि से पूछा कि जसोदा आई थी या नहीं? भोजन कराया या नहीं? प्रेमा बोली-हां, आई थी। सभी को भोजन करवा दिया। एक वर्ष बाद फिर श्राद्ध आया। इस बार भाई जसोदा को उसके घर भोजन पर बुलाने गया। जोधा के महल, वैभव देखकर वह चौंक गया। जसोदा ने निमंत्रण स्वीकार किया। जब वह भोजन करने भाई के घर गए तो भोजन की थाली में रखी सामग्री से सोने के जेवरों को छू कर कहने लगे-खाओ नथ भोजन, खाओ ठुस्सी एरन। ऐसा करने से भाई, भोजाई शर्मिंदा हुए। हरियाणा में आज भी यह कहानी संजा पर्व के दौरान सुनाई जाती है। उसमें जसोदा की जगह धोंधा बाई नाम का जिक्र रहता है।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

मन से पीड़ित होने की बजाय मन के मालिक बने

10 अक्टूबर ,वर्ल्ड मेंटल हैल्थ अवेयरनेस डे



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

दुनिया में एक अरब से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे है, जिसमें चिंता और अवसाद (डिप्रेशन) सबसे प्रमुख है। यदि देखा जाय तो दुनिया में हर सातवाँ व्यक्ति किसी न किसी मानसिक रोग से पीड़ित है। भारत में मानसिक समस्याओं से ग्रसित लगभग 30 करोड लोग देखे गए हैं। वहीं मानसिक स्वास्थ्य जीवन की गुणवत्ता को सीधा प्रभावित करता है। किसी भी व्यक्ति के भीतर क्रोध, अकेलापन और निराशा जैसी भावनाएँ ठीक है, लेकिन यदि ये भावनाएं अकसर बनी रहती है, तो यह ठीक नहीं। यह बात श्रीश्री रविशंकर ने कही।

उन्होने कहाँ- आजकल यह बहुत आम हो गया है, कि समृद्ध घरों के लोग, जिनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है, जो शादीशुदा है, या फिर किसी रिश्ते में हैं, वे भी अकेलापन तनाव, चिंता और अवसाद के शिकार हो जाते हैं। ऐसा क्यों है ? क्योंकि हमने मन, भावनाओं और उससे अपने शरीर पर होने वाले प्रभाव के बारे में नहीं सीखा है। हमें न तो स्कूल में और न ही घर पर यह सिखाया जाता है, कि मन और भावनाओं को कैसे संभालना है।ॾ मन से पीड़ित होने की बजाय मन के मालिक बना आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में 10 से 19 साल के किशोरों में हर साल 7 में से एक किशोर मानसिक विकार का सामना कर रहा है, स्पष्ट है कि युवाओं और कामकाजी वर्ग में अवसाद, चिंता और नींद की समस्याए अधिक देखी जा रही है। अस्पतालों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लेने वालों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में 20-30 प्रतिशत तक बढ़ी है। वही मनोचिकित्सक की संख्या भी हमारे देश में .75 प्रतिशत ही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक लाख जनसंख्या पर तीन मनोचिकित्सकों की आवश्यकता है। अब मानसिक स्वास्थ्य का समय पर परीक्षण ओर देखभाल बहुत महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत को 2012 से 2030 के मध्य मानसिक स्वास्थ्य पर लगभग 81 लाख करोड रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। अवसाद का मानसिकता पर ही प्रभाव नहीं पड़ता , बल्कि शारीरिक दुष्प्रभाव भी उत्पन्न होते हैं।


मानसिक समस्याओं से पीड़ित व्यक्ति की पहचान ऐसे होती है , कि उसमें चिंता, डर, उदासी ,अत्यधिक नकारात्मक या एक ही तरह के विचार बार-बार आना, अनिंद्रा, बैचैनी, घबराहट, फोबिया, आत्म विश्वास में कमी, डिप्रेशन आदि। इन शुरूआती लक्षणों कों समय रहते पहचान लिए जाए तो उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है। देरी होने पर स्थिति गंभीर बन सकती है, तो आगे के जीवन की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ता है। क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े करीब 71 प्रतिशत मामलों में पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएँ भी नहीं मिल पाती है। इससे भावी जीवन की दिक्कतें बढ़ती जाती है।

पूरे विश्व में चिंता व अवसाद से प्रतिवर्ष 12 अरब वर्किंग डे का नुकसान होता है, जिसकी लागत 83 लाख करोड़ रू.है। अवसाद के 9 प्रतिशत मरीजों को ही इलाज मिल पाता है। गरीब देशों मे यह 3 प्रतिशत से कम है। अब तेज रफ्तार जिदंगी में मानसिक स्वास्थ्य की चर्चा पहले से बहुत अधिक हो रही है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओ के मुहाने पर संख्या की लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। लेकिन मदद लेने वालो की संख्या अपेक्षाकृत बहुत कम है। अब इस बीमारी के प्रति जन जागृति की आवश्यता है। इस समय देश की बड़ी संख्या में युवाओं में अवसाद के मामले सामने आए हैं । आत्महत्या की खबरें आए दिन समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलती है।

कीर्ति शेष

हर किरदार को ईमानदारी से जिया नाना पाटेकर ने



संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

सिनेमा में अभिनेता बहुत आते हैं, सितारे भी बनते हैं, लेकिन कुछ कलाकार अपनी पहचान से आगे निकलकर किरदार की पहचान बन जाते हैं। नाना पाटेकर ऐसे ही अभिनेता थे। उन्होंने अभिनय को संवाद बोलने या चेहरे पर भाव लाने तक सीमित नहीं रखा। वे किरदार के भीतर उतरते थे और उसकी पीड़ा, बेचैनी, आक्रोश और संवेदना को इस तरह प्रस्तुत करते थे कि पर्दे पर दिखाई देने वाला पात्र काल्पनिक नहीं, हमारे आसपास का कोई परिचित व्यक्ति लगता था। नाना पाटेकर का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़े कलाकार की विदाई है। उनके साथ अभिनय की उस परंपरा का एक महत्वपूर्ण अध्याय भी समाप्त हुआ, जिसमें लोकप्रियता से अधिक विश्वसनीयता और चमक से अधिक संवेदना का महत्व था। 75 वर्ष की उम्र में उनके जाने की खबर उन लाखों दर्शकों के लिए निजी क्षति जैसी है, जिन्होंने उनके अभिनय में जीवन के अलग-अलग रंग देखे।

नाना पाटेकर का वास्तविक नाम विश्वनाथ पाटेकर था। महाराष्ट्र की धरती से निकले इस कलाकार का फिल्मी सफर संघर्षों के बीच शुरू हुआ। कोई फिल्मी विरासत उनके सामने तैयार नहीं थी। जीवन की कठिनाइयों ने उन्हें आम आदमी की दुनिया को करीब से देखने का अवसर दिया और यही अनुभव आगे उनके अभिनय की ताकत बना। उनके पात्रों में इसलिए बनावट कम और जीवन की सच्चाई अधिक दिखाई देती थी। 1978 में गमन से शुरू हुई उनकी फिल्मी यात्रा ने आगे चलकर कई पड़ाव देखे। सलाम बॉम्बे!, परिंदा, प्रहार, क्रांतिवीर, अग्निसाक्षी, खामोशीः द म्यूजिकल, अब तक छप्पन और वेलकम जैसी फिल्मों में उन्होंने एक-दूसरे से बिल्कुल अलग भूमिकाएं निभाईं। अपराध की दुनिया का कठोर चेहरा हो, व्यवस्था से लड़ता आम आदमी, संवेदनशील पात्र या हास्य से भरपूर किरदार–नाना ने हर भूमिका को उसकी अपनी प्रकृति के साथ स्वीकार किया।

परिंदा में उनका अभिनय उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में रहा। अपराध और रिश्तों के बीच उलझे चरित्र के भीतर के द्वंद्व को उन्होंने बेहद प्रभावी ढंग से सामने रखा। इस भूमिका के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि पुरस्कार नहीं, वह भरोसा था जो उन्होंने दर्शकों के मन में बनाया। क्रांतिवीर का प्रताप नारायण तिलक उनके अभिनय की अलग पहचान बना। व्यवस्था से क्षुब्ध और अन्याय के विरुद्ध खड़े एक आम आदमी के आक्रोश को उन्होंने ऐसी तीव्रता दी कि वह किरदार अपने समय की बेचैनी का प्रतीक बन गया। उनके संवादों में केवल शब्द नहीं थे; उनके पीछे उस व्यक्ति का संघर्ष था, जिसने व्यवस्था को स्वीकार करने के बजाय उससे सवाल करना चुना।

नाना की आवाज उनके अभिनय का खास हिस्सा थी। उसमें खुरदरापन था, ठहराव था और जरूरत पड़ने पर विस्फोट भी। वे संवादों को केवल बोलते नहीं थे, परिस्थिति के अनुरूप उनका वजन बदल देते थे। उनकी आंखें, चेहरे के भाव और देहभाषा संवादों के साथ मिलकर पात्र की मनःस्थिति रचते थे। कई बार उनकी खामोशी भी उतना ही असर छोड़ती थी जितना कोई लंबा संवाद। उनकी सबसे बड़ी खूबी थी कि उन्होंने कभी अपनी स्टार छवि को किरदार पर हावी नहीं होने दिया। नायक हो या खलनायक, कठोर हो या संवेदनशील–उन्होंने पात्र को उसकी कमजोरियों के साथ स्वीकार किया। उनके किरदार आदर्श मनुष्य नहीं थे; उनमें गुस्सा, स्वार्थ, डर, करुणा और असमंजस सब कुछ था। यही जटिलता उन्हें वास्तविक बनाती थी।

प्रहारः द फाइनल अटैक में उन्होंने अभिनय के साथ निर्देशन भी किया। सैनिक जीवन और अनुशासन को केंद्र में रखने वाली इस फिल्म में उनके व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण पक्ष दिखाई देता है। भारतीय सेना के प्रति उनका सम्मान और प्रादेशिक सेना से उनका जुड़ाव भी उनके जीवन का हिस्सा रहा। उनके लिए सैनिक केवल वर्दी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और अनुशासन का प्रतीक था। फिर वेलकम का उदय शेट्टी आया और नाना की अभिनय क्षमता का एक बिल्कुल अलग रंग सामने आया। गंभीर और आक्रोशपूर्ण भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले इस अभिनेता ने हास्य में भी अपनी अलग छाप छोड़ी।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी- टंच- 2,26,000 पाट- 2,25,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

वायु सेना दिवस पर पीटीएम में नशा मुक्ति प्रदर्शनी लगाई

शाजापुर। वायुसेना दिवस पर शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला शाजापुर के संयुक्त तत्वावधान में पवित्र वसुधा लोक कल्याण समिति के आव्हान पर शाजापुर विकासखंड के बेरछा मंडी स्थित एनिजी स्कूल की पीटीएम में नशामुक्ति प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी लगाने का उद्देश्य नशा मुक्त भारत की परिकल्पना में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित किया जाना रहा। प्रदर्शनी देखने के बाद आमजन भी समाज को नशामुक्त करने के इस अभियान में सहयोगी बनें, जिससे अभियान का उद्देश्य जन-जन तक पहुंचे। प्रदर्शनी कार्यक्रम के संयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि मनोज कुमार जायसवाल, विद्यालय डायरेक्टर प्रकाश पाटीदार, प्रियंका पाटीदार आदि मौजूद रहे।

विश्व दृष्टि दिवस पर 76 मरीजों की आंखों की जांच

शुजालपुर। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर 8 अक्टूबर को आंगनबाड़ी केंद्र फ्र ागंज में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें मरीजों को आंखों की नियमित जांच कराने और दृष्टि संबंधी समस्या होने पर समय पर उपचार लेने की जानकारी दी गई। शिविर में नेत्र सहायक मनीष महेश्वरी व अन्य सहयोगी ने 76 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इनमें 5 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जबकि चश्मे की जांच के लिए 42 मरीजों को अस्पताल बुलाया गया।

बाइक से जंगली सूअर टकराने पर चालक घायल

शाजापुर। बाइक के सामने जंगली सूअर आ जाने से चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पालखंडा निवासी जयराम पिता पन्नालाल 50 वर्ष दुपाड़ा रोड स्थित गार्डन से काम कर बाइक से अपने गांव जा रहा था, तभी भदौनी के पास अचानक जंगली सूअर आकर बाइक से टकरा गया। घटना में जयराम घायल हो गया। सूचना मिलने पर लालघाटी थाना स्टाफ की डायल-112 टीम आरक्षक देवांग ठाकुर और पायलेट कमलेश बड़कनिया मौके पर पहुंचे औ घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

नवरात्रि में जुलूस-डीजे और मांसाहारी दुकानें 9 दिन बंद

अकोदिया। नवरात्रि, दशहरा और शरद पूर्णिमा पर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार शाम शांति समिति की बैठक हुई। इसमें प्रशासन, पुलिस, नगर परिषद और उत्सव समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कानून-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता और सुरक्षा पर चर्चा की गई। शुजालपुर एसडीओपी निमेष देशमुख ने बताया कि नवरात्रि में जुलूस और धार्मिक आयोजनों में डीजे का इस्तेमाल नहीं होगा। गरबा सिर्फ तय पंडालों में ही होगा, व्यावसायिक पंडालों में नहीं। नायब तहसीलदार घनश्याम लोहार ने कहा कि नवरात्रि के 9 दिन नगर में मांसाहारी दुकानें बंद रहेंगी।

डीजे की अनुमति नहीं दी जाएगी

नवरात्रि को लेकर थाने पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, सुरक्षा इंतजामों पर जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



नवरात्रि पर्व को लेकर गुरुवार को एसडीएम सभागृह में शांति समिति एवं नवदुर्गा उत्सव समितियों की बैठक हुई। एसडीएम अंकिता पाटकर, एसडीओपी निमेष देशमुख, एसडीओ पीडब्लूडी शुभम मोर्य, सीएमओ ओम त्रम्बकेश्वर मिश्रा, तहसीलदार मुकेश सांवले सहित शांति समिति सदस्य एवं झांकी आयोजक मौजूद रहे। बैठक में पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

प्रशासन ने उत्सव समितियों को पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। फ ायर सेफ्टी, भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा इंतजामों पर चर्चा की गई। आयोजकों से विद्युत व्यवस्था के लिए वैध कनेक्शन लेने की अपील की गई। पीडब्ल्यूडी को झांकी एवं पंडालों में बनाए जा रहे स्ट्रक्चर का सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शासन द्वारा जारी निदेशों का पालन करते हुए उत्साह और शांतिपूर्ण माहौल में नवरात्रि पर्व मनाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि डीजे पर प्रदेश स्तर से रोक के निर्देश हैं और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। बैंड-बाजे और ताशे कम आवाज में बजाने पर रोक नहीं रहेगी।

बता दे सावन माह में बिना अनुमति के डीजे बजाने पर शुजालपुर में एक एफआईआर दर्ज हुई थी, साथ ही गणेश उत्सव के दौरान भी प्रतिबंध के उल्लघंन पर 7 डीजे संचालकों को सूचना पत्र जारी किए जा चुके है।

डीजे पर रोक समितियों ने मुद्दा उठाया

नवरात्रि में डीजे को लेकर अधिकांश उत्सव समिति सदस्यों ने प्रशासन के प्रतिबंध का पालन करने पर सहमति जताई। वहीं कुछ सदस्यों ने कम आवाज में डीजे संचालन की अनुमति देने और इससे जुड़े रोजगार का मुद्दा अधिकारियों के सामने रखा। इस पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि डीजे की अनुमति नहीं दी जाएगी।



वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने मनाया काला दिवस, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की माँग

शुजालपुर। ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस की ओर से गुरुवार को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस मनाते हुए वोट चोरी के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता शाम 4 बजे सिटी स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। यहां से पैदल मार्च निकालकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर भी कांग्रेस नेताओं ने निशाना साधा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम काटने और कथित रूप से अपात्र मतदाताओं के नाम जोड? को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लंबे समय से वोट चोरी के मुद्दे को उठा रहे हैं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची की पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण है और इससे जुड़े सवालों का जवाब निर्वाचन आयोग को देना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। इनमें दो कचौरी, एक समोसा, ज्ञानेश कुमार का क्या भरोसा नारा भी चर्चा में रहा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, गजेंद्र सिसोदिया, अचल सिंह मेवाड़ा, अजयपाल सिंह जादौन, रमेश चौपड़ा, रचना जैन,केदार मेवाड़ा, पार्षद बल्ला सोनी, अन्नू पठान, रईस पठान, विक्रम सिसोदिया, एलम सिंह मेवाड़ा, बाबूलाल सरपंच, चांद सिंह राजपूत, विष्णु शर्मा, कैलाश कुशवाह, जीवन राणा, सिद्दीक पठान, शुजाउर्रहमान, सर्वजीत सिंह राजपाल, ब्रजकिशोर परमार, अनिल सिसोदिया, आमीन खां, मनोहर भारती व कैलाश सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। 7

देवास में की शादी, फिर पैसे लेकर भागी झाबुआ में दूसरे युवक की पत्नी बनी

■ देवास में 'लुटेरी दुल्हन' गैंग का खुलासा, 5 गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में बैंक नोट प्रेस पुलिस ने गुरुवार को लुटेरी दुल्हन गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह की दुल्हन समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह शादी के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर पैसे ठगता था।

जांच में सामने आया कि जिस युवती ने देवास में शादी की थी, वह पहले भी दो शादियां कर लोगों को ठग चुकी थी। देवास में शादी के लिए गिरोह ने शिकायतकर्ता से करीब डेढ़ लाख रुपए लिए थे। महाराष्ट्र के एक मंदिर में शादी के बाद दुल्हन देवास से भाग गई थी।

पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गिरोह का खुलासा किया।

पुलिस ने 5 लोगों को पकड़ा

भागने के बाद उसने झाबुआ में एक और युवक से शादी कर ली। उसके साथ रहने लगी। पुलिस ने झाबुआ पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया। गिरोह के चार अन्य आरोपियों को महाराष्ट्र से पकड़ा गया है।

बैंक नोट प्रेस थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी सबूतों और जानकारी के आधार पर जांच शुरू की। इसी जांच में गिरोह का महाराष्ट्र से जुड़ाव भी सामने आया।

11 गुम मोबाइल बरामद 1.38 लाख के फोन मालिकों को लौटाए जा रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई करते हुए गुम हुए 11 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। इन मोबाइल की अनुमानित कीमत 1 लाख 38 हजार 481 रुपए है। वैधानिक सत्यापन के बाद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में साइबर अपराध और मोबाइल गुम होने की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए थानों में साइबर पुलिस इकाई गठित की गई है। इसी क्रम में शुजालपुर मंडी थाने में प्राप्त गुमशुदा मोबाइल संबंधी आवेदनों पर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई की गई।

एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने सीईआईआर पोर्टल के जरिए मोबाइल की तकनीकी जानकारी जुटाई और लगातार प्रयासों के बाद 11 मोबाइल बरामद किए। कार्रवाई में थाना प्रभारी शिवकुमार यादव, उनि तेजप्रकाश बोहरे, प्रआर बलराम यादव और आरक्षक संजय परमार की विशेष भूमिका रही।

हिरणों के रेस्क्यू के लिए दक्षिण अफ्रीका से पहुंचा 13 सदस्यीय दल, आज होगा हांका



शुजालपुर। शाजापुर जिले में हिरणों की बढ़ती संख्या और फ सलों को हो रहे नुकसान के मद्देनजर वन विभाग ने एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया है। अभियान में सहयोग के लिए दक्षिण अफ्रीका से 13 सदस्यीय वन्यजीव विशेषज्ञ दल गुरुवार को शुजालपुर पहुंचा। दल का भारतीय संस्कृति के अनुरूप स्वागत किया गया। स्कॉलर्स स्कूल के बच्चों ने पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर विशेषज्ञों का अभिनंदन किया। इस दौरान देवास, शाजापुर सहित आसपास के जिलों से आए वन मंडल अधिकारी और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। हन्नूखेड़ी में बन सकता है पहला बोमा वन विभाग के अनुसार हन्नूखेड़ी गांव के समीप पहला बोमा लगाए जाने का प्रस्ताव है। आज शनिवार से हेलीकॉप्टर के माध्यम से हिरणों के झुंड को हांका देकर बोमा तक लाया जाएगा। इसके बाद हिरणों का रेस्क्यू कर उन्हें चिह्नित अभयारण्यों में भेजा जाएगा। अभियान के तहत करीब 2000 हिरणों को रेस्क्यू करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के लिए अन्य बोमा स्थलों को चिह्नित करने की प्रक्रिया भी जारी है। वन विभाग की निगाह उन क्षेत्रों पर है, जहां तीन से पांच किलोमीटर के दायरे में 200 से 500 हिरणों के झुंड लगातार दिखाई दे रहे हैं। वन अमला इन क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर निगरानी कर रहा है।

अभाविप का तेजस्विनी युवती सम्मेलन

छात्राओं ने लिया सुरक्षा, स्वाभिमान और राष्ट्र निर्माण का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ह्लसेवा मेरा योगदानह्व कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण एवं उनके उत्साहवर्धन के उदेश्य से नवज्योति विशेष विद्यालय शाजापुर में गुरुवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कंचन वेलफेयर सोसाइटी, शाजापुर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सक्सेना ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर मौजूद रहे। वहीं विशेष अतिथि नवज्योति विशेष विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर शोभिता, सिस्टर विमल, जिला शिक्षा केंद्र शाजापुर प्रकाश सोनगरा, नवीन कारपेंटर, मोहन बड़ोदिया अनिल मालवीय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रार्थना के साथ किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की प्रतिभा और क्षमता के विकास में बाधा नहीं है। आवश्यकता है कि बच्चों को उचित अवसर, सहयोग, सम्मान एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाए।

पूजा के दौरान मधुमक्खियों के हमले में 12 लोग घायल

सुसनेर। शुक्रवार दोपहर मटन मार्केट के पीछे एक खेत में मधुमक्खियों के हमले से भगदड़ मच गई। यहां 'घायल की चवदश' पर पोलिया महाराज की पूजा करने पहुंचे करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। अचानक हुए इस हमले से लोग घबरा गए और बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मधुमक्खियों ने कई लोगों को काट लिया, जिससे वे चोटिल हो गए। हमले के बाद तीन घायलों को पुराना बस स्टैंड स्थित सिविल अस्पताल सुसनेर ले जाया गया। डॉक्टर नीलम जैन ने उनका शुरूआती इलाज किया और इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर लिया। उनका इलाज चल रहा है।

बताया गया कि कुल करीब एक दर्जन लोग घायल हुए थे। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि कम चोटें लगने की वजह से बाकी लोग अस्पताल नहीं गए।

स्कूटी से नीलगाय टकराई, दो महिला पुलिसकर्मी घायल, इंदौर रेफर

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में शुक्रवार को उज्जैन रोड पर राधास्वामी सत्संग न्यास के पास एक हादसा हो गया। नीलगाय की टक्कर से स्कूटी पर सवार दो महिला पुलिसकर्मी घायल हो गईं।

आरक्षक वैशाली राठौर को गंभीर चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार और सिटी स्कैन के बाद इंदौर रेफर किया गया। वैशाली अभी बेहोश बताई जा रही हैं।

एएसआई एम. दिव्या तोमर को हल्की चोटें आईं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज किया गया। दिव्या की हाल ही में एसपी कार्यालय में तैनाती हुई थी।

हादसे की खबर मिलते ही एसपी दिलीप सोनी, एडिशनल एसपी रवींद्र कुमार बोयट, एसडीओपी नीलम बघेल और थाना प्रभारी नागेश यादव समेत कई पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों का हालचाल जाना और गंभीर आरक्षक को बेहतर इलाज दिलाने के लिए जरूरी कदम उठाए।

एसपी कार्यालय जा रहीं थी दोनों

दोनों महिला पुलिसकर्मी स्कूटी से नवीन एसपी कार्यालय जा रही थीं। तभी अचानक एक नीलगाय स्कूटी के सामने आ गई और टक्कर से दोनों घायल हो गईं। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

शाजापुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह जावदी जोड़ के पास बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे अरनिया गांव निवासी सीताराम सूर्यवंशी घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर डायल-112 के राजपाल सिंह और मोहन बड़ोदिया थाने के आरक्षक शिवचरण दांगी मौके पर पहुंचे और घायल को मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

अकोदिया क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया सहित गुलाना, बोलाई, मदाना और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग दिन में लोड मेंटेनेंस के नाम पर सुबह से शाम तक बिजली बंद रखता है, जबकि रात में हर आधे घंटे में बिजली गुल हो रही है। इससे किसान, व्यापारी, बच्चे और बुजुर्ग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के बावजूद उन्हें मनमाने बिल दिए जा रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले कई दिनों से रात में बिजली कटौती बढ़ गई है। बार-बार बिजली जाने से लोगों की नींद खराब हो रही है और गर्मी व मच्छरों से परेशानी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो रहे हैं। हाल ही में क्षेत्र में किसानों की मोटरें और केबल चोरी होने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

माता टेकरी मंदिर की दान पेटियां खुलीं

5.71 लाख नकद, विदेशी मुद्रा-गहने मिले, चिट्ठियों में मकान, बेटे की नौकरी मांगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में गुरुवार को माता टेकरी की दान पेटियां नवरात्रि से पहले खोली गईं। इनमें रुपयों, गहनों और विदेशी पैसों के साथ श्रद्धालुओं की चिट्ठियां भी मिलीं। इन चिट्ठियों में लोगों ने अपनी दिल की दुआएं और परेशानियां लिखी थीं।

प्रशासन की निगरानी में करीब 62 कर्मचारियों ने चढ़ावे की गिनती की। पेटियों से 5 लाख 71 हजार रुपए नकद, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, चांदी के गहने और दूसरी धातु की चीजें मिलीं।

चिट्ठियों में अलग-अलग तरह की इच्छाएं सामने आईं। किसी ने बिछड़े साथी को वापस लौटाने और शादी कराने की मांग की, तो किसी ने अपने घर के लिए दो कमरों का मकान मांगा। एक महिला ने पति की मौत के बाद बेटे की पढ़ाई और अच्छी नौकरी के लिए प्रार्थना की। कुछ श्रद्धालुओं ने बेटों की पढ़ाई में सफलता, किराना दुकान को बढ़ाने और मां की बीमारी ठीक करने की गुहार लगाई। एक मां ने अपने बेटे को नशे से दूर रखने और सही रास्ते पर लाने की भी इच्छा जताई। एक व्यक्ति ने भवानी सागर क्षेत्र की समस्याओं पर प्रशासन से कार्रवाई की उम्मीद जताई। दान पेटियों में मिली एक लंबी चिट्ठी सबसे अलग रही। श्रद्धालु ने अपनी निजी समस्या के बजाय भवानी सागर क्षेत्र की समस्याएं माता के सामने रखीं।

सार्वजनिक रास्तों और नालियों पर कथित अतिक्रमण, टीन शेड, निजी पार्किंग, नालियों के ऊपर निर्माण और गैरकानूनी गतिविधियों का उल्लेख करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष सर्वे और नियम विरुद्ध निर्माण पर कार्रवाई की मांग की गई। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, बिजली कनेक्शन और नगर निगम के करों से जुड़े मामलों की जांच की मांग भी की गई। अंत में अधिकारियों को निष्पक्ष निर्णय लेने की शक्ति देने के लिए माता से प्रार्थना की गई।

जाहिर सूचना

In The Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Badnagar District Court, Ujjain Presiding Officer: **श्रीमती ऋचा गोयल बंसल**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000007/2026)

अंकित रावका ------- आवेदक

Vs

सर्व साधारण..... अनावेदक

Process Id-/2026

पेशी दिनांकः 13/10/2026

प्रेषिती

(1) सर्व साधारण पता- सर्वसाधारण

(2) आम जनता

मृतक. आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित रावका पता ने जिनेन्द्र कुमार रावका पिता रतनलालजी रावका निवासी बड़नगर, जिला उज्जैन की रुपये 62,00,000/- बासठ लाख रुपये राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 09 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(ऋचा गोयल बंसल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बड़नगर,
जिला-उज्जैन (मप्र)

कृपया ध्यान देः- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम पिरझलार तह बडनगर में स्थित कृषि भूमि सर्वे 1012/1 रकबा 0.35 हे. 1012/2 रकबा 0.35 हे. 1012/3 रकबा 0.35 हे. 1012/4 रकबा 0.37 हे. कुल किता 04 कूल रकबा 1.42 हे. भूमि को गीता बाई पति करण सिह जाति गारी निवासी ग्राम पिरझलार से क्रय करने का सोदा मेरे पक्षकार द्वारा तय किया गया है और मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि का आंशिक विक्रय मूल्य बयाना राशि भी अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा कर उपरौक्त भूमि विक्रय पत्र निष्पादित करवाया जाना है। उक्त भूमि के संबध में किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय बैक, व्यक्ति का कोई ऋण बकाया हो अथवा उक्त भुमि के संबध में कोई वाद न्यायालय में विचाराधिन हो अथवा किसी अन्य व्यक्ति का किसी प्रकार से हित, स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि में मय लेखी प्रमाण के लिखित में अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें उक्त अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मंजुर नही की जावेगी। मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनाक 09.10.2026 स्थान :- बडनगर

लोकेन्द्र सिह सिसोदिया एड्व्होकेट
कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.
मोबाईल नंबर 7747869029

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अफसाना पटेल (AFSANA PATEL) पति करामत पटेल (KARAMAT PATEL) जाति मुसलमान निवासी ग्राम जांदला पोस्ट बिरियाखेड़ी तह. बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम अफसाना (AFSANA) पति करामत पटेल (KARAMAT PATEL) था। चूकि अब मेरा नाम अफसाना पटेल (AFSANA PATEL) पति करामत पटेल (KARAMAT PATEL) हो चुका है।

अतः मेरे सभी कागजों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम अफसाना पटेल (AFSANA PATEL) पति करामत पटेल (KARAMAT PATEL) के नाम से जाना जायें।

दिनांक 10.10.2026

अफसाना पटेल पति करामत पटेल ग्राम जांदला पोस्ट बिरियाखेड़ी
तह. बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9827514843

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री गौरव मेहरा पिता श्री एस.के. मेहर, निवासी-एच.आई.जी. 06, महिष्मती, बाग मुगालिया, अरविन्द विहार, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) व कृषक ग्राम लालपुर, पटवारी हल्का धतरावदा, तहसील कोठी महल व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 114/1/1/2 (एस) रकबा

0.1470 हेक्टर, स्थित ग्राम लालपुर, पटवारी हल्का धतरावदा, तहसील कोठी महल व जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं तथा जिसके पूर्व दिशा में-शामलाती रास्ता, पश्चिम दिशा में अन्य की सम्पत्ति, उत्तर दिशा में- शामलाती रास्ता व दक्षिण दिशा में अन्य की सम्पत्ति हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें । बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा । दिनांक-08.10.2026. उज्जैन.

निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट
कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,
आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन
मोबाईल नम्बर-9301376778

पुष्प वाटिका में गौरी पूजन की लीला का हुआ मंचन

गुना। सार्वजनिक श्री रामलीला एंव दशहरा पर्व समिति पुरानी गला मंडी गुना के तत्वावधान में चल रही रामलीला के तीसरी दिवस की लीला में दिखाया गया कि महामुनी विश्वामित्र अपने आश्रम में यज्ञ करते है तब सुबाहु मारीच आदि राक्षस यज्ञ विध्वंस कर देते है। मुनि विश्वामित्र को चिंता होती है और अयोध्या से महाराज दशरथ जी से राम लक्ष्मण को यज्ञ रक्षा के लिए ले आते है। रास्ते में राम ने ताड़का का वध कर यज्ञ कि रक्षा की। इधर गौतम मुनि के श्राप से पत्थर कि शिला बनी अहिल्या को राम ने अपने चरण स्पर्श करा कर अहिल्या का उद्धदार किया एंव प्रयागराज पहुंचकर गंगा अवतार कि कथा का बर्णन हुआ। मितलापुर मे महाराज जनक जी ने राम, लक्ष्मण, विश्वामित्र जी का स्वागत किया। जानकी जी गौरी पूजन के लिए पुष्प वाटिका में जाती है और वाटिका में श्रीराम को देखा तो पिता जानक राज का शिव धनुष सम्बन्धी प्रण याद कर अधीर हो उठी। इसी अधीरता में बार बार गौरी माता से श्रीराम जी को पति रूप में वरण करने की प्रार्थना करती तब माता गौरी मुस्कुराई और सीता जी की मनोकामना पूरी होने का आशीर्वाद देती है। सुन सिया सत्य आशीष हमारी / होई पूर्ण मन कामना तुम्हारी आदि लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया।

रात्रि में आबकारी विभाग की कार्रवाई, 64 लीटर शराब जब्त

गुना। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026 की रात आबकारी विभाग की टीम ने होंडा शोरूम के पास कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल से अवैध कच्ची शराब का परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 64 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और मोटरसाइकिल सहित लगभग 75 हजार रुपये कीमत की सामग्री जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया को मुखबिर से सूचना मिली कि बिलाखेड़ी की ओर से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बोरियों में भरकर अवैध शराब ले जा रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने निर्धारित स्थान पर घेराबंदी की। इस दौरान हाईवे की ओर से आ रहा मोटरसाइकिल सवार आबकारी विभाग के वाहन को देखकर घबरा गया और मोटरसाइकिल वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। हालांकि, टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम बृजलाल पुत्र परसराम पारदी, निवासी बिलाखेड़ी बताया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल से बंधी दो बड़ी बोरियों और एक झोले में पन्नी पाउच में भरी हाथ भट्टी मदिरा मिली। पाउच की गिनती करने पर कुल 92 पाउच पाए गए, जिनमें लगभग 64 लीटर मदिरा होना बताया गया। शराब से तेज गंध आने के कारण नमूने लेकर जांच के लिए एफएसएल, ग्वालियर भेजने की प्रक्रिया की गई।

खालवा क्षेत्र के ग्राम मलगांव की सनसनीखेज वारदात

खंडवा। अतिरिक्त सत्र न्यायालय हरसूद ने रंजिश और अवैध संबंध के संदेह में युवक की नृशंस हत्या करने के चर्चित मामले में त्वरित एवं कड़ा न्याय सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुष्पक पाठक की अदालत ने प्रकरण की गंभीरता और अभियोजन के मजबूत साक्ष्यों के आधार पर दोनों मुख्य आरोपियों—तिरन उईके (40) एवं धर्मेन्द्र भल्लावी (32)—को धारा 103(1) सहपठित धारा 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोनों पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है; राशि न चुकाने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। घटना 4 और 5 अगस्त 2025 की दरमियानी रात खालवा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम मलगाँव की है। मृतक देवीराम अपने पिता कालू के साथ गांव के ही राम मंदिर में आयोजित भागवत कथा में गया था, जहाँ उसने भक्तिभाव से ढोलक बजाई। कथा समाप्त होने के बाद पिता घर आकर सो गए, जबकि देवीराम थोड़ी देर मंदिर में ही रुक गया था। देर रात जब वह घर लौट रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे अपने चंगुल में ले लिया। पुलिस जांच और मेमोरेंडम से इस हत्याकांड की जो कड़ियां खुलीं, वे रोंगटे खड़े करने वाली थीं। मुख्य आरोपी तिरन उईके को अपने खेत पड़ोसी देवीराम पर अपनी पत्नी (दुर्गाबाई) से बातचीत करने का गहरा संदेह था। इसी शक के चलते तिरन ने अपने साथी धर्मेन्द्र भल्लावी के साथ मिलकर खूनी साजिश रची। वारदात की रात आरोपियों ने बत्ती बंद कर अंधेरे में घात लगाई। जैसे ही देवीराम वहाँ से गुजरा और आहट सुनकर भागने लगा, वह पानी की टंकी के पास बने गड्ढे में गिर पड़ा। आरोपियों ने तुरंत उसे दबोच लिया, रस्सियों से बांधकर घसीटा और फिर चमड़े की बेल्ट तथा बांस की मोटी लकड़ियों से उस पर अंधाधुंध वार शुरू कर दिए।

तीन स्थायी वारंट तामील आरोपी गिरफ्तार

खंडवा। स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन खोज के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने तीन स्थायी वारंट तामील किए। वर्ष 2022 के मारपीट प्रकरण में ओमप्रकाश उर्फ गोलू और विजय, दोनों निवासी रामेश्वर चौकी के पास खंडवा, को गिरफ्तार किया गया। वहीं, चेक बाउंस के प्रकरण में एसएन कॉलेज के पीछे निवासी प्रवीण को गिरफ्तार कर वारंट तामील किया गया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रफीक खान, विकास मंडलोई और आरक्षक रामलाल की सराहनीय भूमिका रही।

दोपहर उपरांत अंचल से पहुंचने लगे थे बडी संख्या में शहर श्रद्धालु....

देर रात से त्रिवेणी पर ख्याता, शिप्रा, गंडकी के संगम पर स्नान

त्रिवेणी बैराज में नर्मदा का भरपूर जल,फव्वारे लगे,प्रशासन एवं निगम ने जुटाई व्यवस्थाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



त्रिसंयोग में शनिवार को शनिश्चरी अमावस्या का त्रिवेणी पर श्रद्धालु स्नान होगा। त्रिवेणी पर बाहर से आए श्रद्धालुओं ने देर रात से ही यहां स्नान का क्रम शुरू कर दिया। त्रिवेणी पर ख्याता (कान्ह),शिप्रा एवं गंडकी नदी के संगम पर श्रद्धालुओं का स्नान की परंपरा है। स्नान का क्रम शनिवार को दोपहर उपरांत तक जारी रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु त्रिवेणी स्थित नव ग्रह शनि मंदिर पर दर्शन पूजन भी करेंगे।

त्रिवेणी स्थित मंदिर के पुजारी जितेन्द्र बैरागी के अनुसार त्रिवेणी पर तीन नदियों का संगम की मान्यता है और उसी के जल में स्नान की परंपरा है। यहां ख्याता (कान्ह),शिप्रा एवं गंडकी नदी का संगम है। गंडकी नदी गुप्त है। कान्ह को शास्त्रोक्त ख्याता कहा जाता है। त्रिवेणी संगम पर स्नान का शास्त्रोक्त महत्व है। शनिश्चरी अमावस्या का स्नान शुक्रवार रात 12 बजे बाद से शुरू होता है। इसके उपरांत यह स्नान शनिवार को दोपहर उपरांत तक जारी रहेगा। श्रद्धालु स्नान के उपरांत मान्यता अनुसार अपने पुराने वस्त्र एवं जूते-चप्पल यहां त्यागते हैं। भगवान शनि देव का दर्शन कर उन्हें तेल,श्री फल अर्पित कर पूजन अर्चन करते हैं। इसी के साथ नवग्रह के दर्शन किए जाते हैं।

महापौर ने देखी व्यवस्था

महापौर मुकेश टटवाल ने शुक्रवार को शनि मंदिर घाट पहुंचकर निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया । नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं के लिए स्नान हेतु शुद्ध जल एवं फव्वारों की व्यवस्था, वस्त्र बदलने के लिए पृथक प्रथक चेंजिंग रूम, पेयजल, संकेतक बोर्ड, नियंत्रण कक्ष तथा घाट परिसर में साफ-सफाई सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर घाट के साथ-साथ शहर के अन्य प्रमुख घाटों पर भी अमावस्या पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं के स्नान एवं आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

अधिकारियों ने लिया जायजा

शनिचरी अमावस्या स्नान को लेकर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा शुक्रवार को अधिकारियों के दल को लेकर घाट पर पहुंचे थे। उन्होंने त्रिवेणी संगम घाट का विशेष निरीक्षण किया। निरीक्षण में श्रद्धालुओं की संभावित भीड को ध्यान में रखते हुए घाट परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

जन विश्वास कार्यक्रम में कलेक्टर ने सुनीं 31 ग्राम पंचायतों की समस्याएं

खरसौदकलां। मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह खरसौदकलां पहुंचे। यहां नवनिर्मित निर्मल वाटिका परिसर में आयोजित क्लस्टर स्तरीय कार्यक्रम में क्षेत्र की 31 ग्राम पंचायतों से संबंधित समस्याओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याओं और आवेदनों के निराकरण को लेकर संबंधित विभागों से जानकारी ली गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी त्रिशाष कुमठ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करणदीप सिंह, एसडीएम, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

स्कूल में विद्यार्थियों से एक घंटे तक चर्चा की- जन विश्वास कार्यक्रम में शामिल होने से पहले कलेक्टर रोशन कुमार सिंह खरसौदकलां स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से करीब एक घंटे तक संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और भविष्य की तैयारी को लेकर मार्गदर्शन दिया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने, समय का सदुपयोग करने और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की बात कही। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों पर जिज्ञासा भरे सवाल पूछे, जिनका कलेक्टर ने जवाब दिया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा और जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई।

बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम लाने के निर्देश-

स्कूल भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य वीरेंद्र सिंह भारद्वाज से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, परीक्षा की तैयारी और कमजोर विषयों पर अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

खरसौदकलां पहुंचने से पहले कलेक्टर ने बड़नगर मार्ग स्थित देवरूंदी गौशाला परिसर में नेशनल डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से स्थापित बायोगैस संयंत्र का अवलोकन किया। यहां प्रबंधन ने संयंत्र की कार्यप्रणाली और उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। प्रबंधन के अनुसार, 40 लाख रुपए से अधिक की लागत से तैयार इस संयंत्र में प्रतिदिन आठ क्विंटल से अधिक गोबर का उपयोग किया जाएगा। संयंत्र से प्रतिदिन करीब तीन किलोवाट विद्युत ऊर्जा के साथ बायोगैस का उत्पादन भी होगा। इसे जिले का पहला ऐसा संयंत्र बताया गया। बायोगैस संयंत्र से ऊर्जा उत्पादन के साथ गोबर से तरल और ठोस जैविक खाद भी तैयार होगी। इससे किसानों को जैविक उर्वरक उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। खेती में जैविक खाद का उपयोग बढ़ाने की दिशा में भी यह पहल उपयोगी साबित हो सकती है। गौशाला में एकत्रित होने वाले गोबर का उपयोग ऊर्जा और खाद बनाने में होने से अपशिष्ट का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। साथ ही बायोगैस और जैविक खाद के माध्यम से गौशाला के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत विकसित होने की उम्मीद है।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जाजू सागर बांध पर वृहद वृक्षारोपण संपन्न

नीमच। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जाजू सागर बांध के किनारे शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नीम, बांस, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के 1100 पौधे रोपे गए। अभियान के तहत अगले तीन दिनों में कुल 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण के साथ जल संरक्षण और पौधों की देखभाल करने का संदेश दिया।

विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के साथ-साथ पक्षियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष हमें शुद्ध हवा देते हैं और पक्षियों को आश्रय प्रदान करते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने, पानी बचाने और बिजली का कम से कम उपयोग करने की अपील की। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष कम बारिश के कारण उपलब्ध जल संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करना जरूरी है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा ने कहा कि प्रकृति के करीब रहने और हरियाली बढ़ाने से सकारात्मकता का संचार होता है। प्रकृति में होने वाले छोटे-छोटे बदलावों का भी व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए प्रकृति को समझना और उसका संरक्षण करना आवश्यक है।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या SnT_RTM_26_16_SIGNAL, दिनांक: 08.10.2026. कार्य का नाम:** रतलाम डिवीजन : एसएंडटी गियर की विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार के लिए विभिन्न खंडों में क्षतिग्रस्त सिग्नलिंग केबलों की सुरक्षा और पुनः बिछाने के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 8,78,19,38.29. **बयाना राशि:** रु 1,75 600/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 02.11.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 02.11.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाईन ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है। AK/6/1/291
हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धि पत्र संख्या 16/2026
निविदा सं. 38262317A जिसके खुलने की तिथि 17/10/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/34/2026 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं- **(1) निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरण:** 38262317A Description:- एडाप्टर नैरो (JAW) क्लास 'E' 6"x11" **Field Name:** From: **Tender Closing Date Time:** 17/10/2026, 12:30 **Tender Title:** ADAPTER (NARROW JAW) CLASS E 6"x11" To: **Tender Closing Date Time:** 21/10/2026, 12:30 **Tender Title:** ADAPTER (NARROW JAW) CLASS E 6"x11". अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in देखें।
(हस्ता.)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प.म.रे./ जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

जिला स्तरीय बैठक में शिक्षा एवं सामूहिक विवाह सहित अन्य विषयों पर हुआ मंथन

मनावर। अखिल भारतीय सिर्वी महासभा निमाड़ जिला कुक्षी,मनावर एवं गंधवानी की जिला स्तरीय बैठक श्री अन्नपूर्णा मांगलिक भवन पिपली में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने श्रीआईजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में समाज की विभिन्न गतिविधियों, सामूहिक विवाह, नवचेतना शिविर, विद्यार्थियों की परीक्षाओं सहित अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाकर विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने पर विशेष जोर दिया गया। सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर विशेष चर्चा की सामूहिक विवाह की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए !आगामी 11 फरवरी 2027 बसंत पंचमी को जाजमखेड़ी में धार-बड़वानी जिले का संयुक्त नववाँ सामूहिक विवाह समारोह आयोजित संपन्न होना है। 10 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है तथा पंजीयन प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोपाल वर्मा पिता पूरा लाल वर्मा निवासी ग्राम बिछड़ोद तहसील घटिया के स्वामित्व /आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित इस्तमुरार सर्वे नंबर 388 /1, 407, 419/2/2 , 420 /1, 420/2 ,434/2, 437/ 2 कुल क्षेत्र 2.60 हेक्टेयर ग्राम बिछड़ोद इस्तमुरार व भवन को बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित घटिया में गबन का बकाया वसूल किया जाना है। अत: उक्त संबंध में न्यायालय से संस्था को जय पत्र प्राप्त हो गया है। इनकी भूमि भवन पर कोई किसी प्रकार का लेनदेन खरीदी आदि न करें अन्यथा इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के लिए बी पैक्स घटिया स्वतंत्र रहेगी। सूचित हो

इति दिनांक 09/ 10./2026

प्रशासक /प्रबंधक बहु . प्रा
कृषि साख सहकारी संस्था घटिया

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार सनी खत्री पिता स्व. श्री वासुदेव खत्री निवासी 34 श्री विशाला क्षेत्र देवास रोड उज्जैन द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देशानुसार भवन क्रमांक बी-26/24 का भाग दक्षिण तरफ का नया क्रमांक बी 26/24/1 छब्बीस बटा चौबीस बटा एक श्रेणी एमआयजी वेदनगर नानाखेडा उज्जैन के संबंध में अनुबंध के विशिष्ट अनुपालन का वाद श्रीमती अर्पणा चेडे पति श्री भरत चेडे, भरत चेडे पिता श्री मधुकर चेडे, नेहा बोहरा पति सुमीत शमी, सुमीत शमी पिता श्री राजमोहन के विरूद्ध प्रस्तुत किया है, जो वर्तमान में प्रकरण क्रमांक 425/2021 आरसीएसए पर दर्ज होकर वर्तमान में माननीय द्वितीय सिविल जज वरिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में नेहा बोहरा एवं सुमीत बोहरा के पक्ष में उक्त मकान के संबंध में निष्पादित विक्रय पत्र दिनांक 12/8/2021 को भी चुनौती दी है। उक्त प्रकरण में दिनांक 09/3/2022 को उक्त सम्पत्ति के अंतरण के संबंध में अस्थाई निषेधाज्ञा का आदेश भी प्रदान किया है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली उक्त नेहा बोहरा एवं सुमीत शमी उक्त सम्पत्ति को विक्रय करने अथवा हस्तांतरित करने के प्रयास में है, जबकि उक्त सम्पत्ति पर वाद विचाराधीन है। इसलिये कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक उक्त सम्पत्ति को न तो क्रय करे और नाही रहन आदि रखे। यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किया जाता है अथवा रहन आदि रखा जाता है, तो ऐसा संव्यवहार शून्य एवं प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार के लिये मेरे पक्षकार संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंगे, जिसके होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं परिणामों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। सूचित हो। इति दिनांक: 08/10/2026

अमित कुमार व्यास एडव्होकेट
12, ब्राहम्णगली, बहादुरगंज, उज्जैन
मो. 6269211110

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी चंदर सिंह आंजना पिता श्री बद्रीलाल, निवासी-ग्राम चिन्तामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि सर्वे क्रमांक-487/1 रकबा 2.67 भूमि जो कि ग्राम चिंतामन जवासिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । दिनांक09-10-2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01. धमेन्द्र परमार पिता श्री अंतर सिंह परमार, 02. धमेन्द्र परमार पिता श्री अंतर सिंह परमार, दोनो-निवासी-जयसिंहपुरा, भगतसिंह मार्ग उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि सर्वे क्रमांक-486/2 रकबा 1.88 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-487/2 रकबा 0.40 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-489/2 रकबा 0.80 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 3.08 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम चिंतामन जवासिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंध कग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो ।

दिनांक-09-10-2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सोहम्मद शाहिद पिता स्व. सत्तार मोहम्मद कुरैशी के स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान जो कि 19 कंचन विहार नीलगंगा चौराहा उज्जैन पर स्थित है, जो कि 2 मंजिला निर्मित है, जिसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल74.42 वर्गमीटर है जिसकी चतु:सीमा उत्तर में भवन क्र. 20, दक्षिण में भवन क्र. 18, पूर्व में अन्य भवन, पश्चिम में कालोनी की सड़क है, जो कि उन्हें उनके स्वर्गीय पिताजी सत्तार मोहम्मद कुरैशी के स्वर्गवास के पश्चात प्राप्त हुआ है, जिसमें अन्य सहभागी शाईना कुरैशी पति मकसुद कुरैशी, रूबीना कुरैशी पति हिसामुद्दीन कुरैशी, संजिदा कुरैशी पति स्व. सत्तार मोहम्मद कुरैशी, सबिना कुरैशी पिता स्व. सत्तार मोहम्मद कुरैशी ने अपना हक त्याग दिनांक 19/05/2026 को पंजीयन कार्यालय उज्जैन में पंजीयन प्रारंभ आई डी क्रमांक आर18052600834091 द्वारा कर दिया है जिससे कि स्व. सत्तार मोहम्मद कुरैशी के नाम का उक्त मकान मेरे पक्षकार मोहम्मद शाहिद कुरैशी पिता मोहम्मद सत्तार कुरैशी के एकमात्र स्वामित्व एवं आधिपत्य का हो गया है। स्व. सत्तार मोहम्मद कुरैशी द्वारा यह मकान 27/06/2012 को दस्तावेज क्र. 553 के माध्यम से खरीदा था तभी से मेरा पक्षकार उस मकान में निवासरत है। उक्त मकान को मेरे पक्षकार ने पंजाब नेशनल बैंक शाखा फ्रीगंज उज्जैन में रहन रखकर ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मकान पर ऋण लेने से यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बक्शीश या लेना देना शेष हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में आकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। दिनांक 10/10/2026

अजय बासवान हाईकोर्ट एडवोकेट
कार्यालय-चेम्बर नं. 24, नवीन जिला कोर्ट परिसर,
उज्जैन मो. 9827355306

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी लाईटवाला पिता शब्बीर हुसैन लाईटवाला, निवासी आगर रोड, उज्जैन एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूमि नगर पालिक नियम क्रमांक 28/8 स्थित गौतम मार्ग, चन्द का कुंआ, गली नंबर 14 उज्जैन म.प्र. में अन्दर की ओर हैं। जो कि पुराना क्रमांक 28 का भाग हैं। जिस पर वर्तमान में तीन मंजिला भवन गार्डर फर्शी का निर्मित होकर कुल कार्पेट एरिया/क्षेत्रफल 39.21 वर्गमीटर हैं। उक्त वर्णित संपूर्ण भवन को मय तल भूमि के मेरे पक्षकार शेख आमिर पिता शेख अल्लारखा, निवासी 5/1, रविन्द्रनाथ टेगौर मार्ग, गली नं0 02. नवदुर्गा माता के सामने वाली गली, अब्दालपुरा, उज्जैन म0प्र0 ने भवन स्वामी से क्रय करने का तय कर दस्तावेज विक्रय अनुबंध पत्र का संपादन कर लिया है। जल्द ही उक्त संपूर्ण भवन के दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीकरण होना है। उक्त संपूर्ण भवन के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी आदि का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगडा आदि हो या उक्त वर्णित संपूर्ण भवन कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋ ण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त वर्णित संपूर्ण भवन से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित संपूर्ण भूखण्ड की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा किया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपूर्ण भवन को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

इति दिनांक 09/10/2026, स्थान: उज्जैन

शकील एहमद एडवोकेट सुहाना पैलेस
34. शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन मो. 87707-18997

न्यूज-कॉलम

अवैध मादक पदार्थ जप्त, एक आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के भानपुरा थाना पुलिस ने लेदी चौराहा भवानीमंडी आमरोड पर घेराबंदी कर एक आरोपी मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रोडुलाल (45) पिता मांगीलाल मेघवाल निवासी आवर पगारिया जिला झालावाड़ (राज.) के कब्जे से 1 किग्रा अवैध मादक पदार्थ अल्प्राजोलम (कीमत 1 लाख रु.), 5 किग्रा डोडाचूरा (कीमत 10 हजार रु.) तथा घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल जप्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/15, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है और आरोपी से नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

जघन्य हत्या के मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास

मंदसौर। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश (श्रीमती मंजू सिंह) ने वर्ष 2021 के एक चर्चित जघन्य हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी लतीफ, फिरोज और सद्दाम (सभी निवासी मुल्तानपुरा) को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासन द्वारा इस प्रकरण को चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा गया था। घटना 10 जून 2021 की रात मुल्तानपुरा स्थित सरकारी स्कूल के पास हुई थी, जहाँ आपसी विवाद को लेकर आरोपियों ने आबिद गुटी के साथ लोहे के पाइप और लाठियों से बेरहमी से मारपीट की थी। इलाज के दौरान इंदौर के एम.वाई. अस्पताल में आबिद की मृत्यु हो गई थी। मामले में अभियोजन का संचालन सहायक निदेशक गजराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। न्यायालय द्वारा निर्णय सुनाए जाने के दिन दो अन्य आरोपी शाहरूख और शकील फरार हो गए।

बालक की मृत्यु पर 50 हजार की सहायता

नीमच। ग्राम भाटखेड़ी निवासी 11 वर्षीय बालक धर्मपाल, पिता श्री मंगल की उपचार के दौरान आकस्मिक मृत्यु के मामले में जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार शोकाकुल परिजनों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया।

चड्डी-बनियान गिरोह का पदार्फाशः गुजरात के दाहोद से संचालित गैंग के तीन चोर व माल खरीदने वाला सर्राफा व्यापारी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश कुमार पन्द्रो और नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने शहर में महीनों से दहशत का पर्याय बनी 'चड्डी-बनियान गैंग' का पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने गुजरात के दाहोद जिले से वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले एक बुजुर्ग व्यापारी समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से १ किलो 200 ग्राम चांदी, 40 ग्राम सोने के आभूषण और 9 हजार नकद बरामद किए गए हैं।

दिन में रेकी, रात में चड्डी-बनियान पहनकर धावा

प्रेस वार्ता में एएसपी राकेश कुमार पन्द्रो ने बताया कि गैंग पिछले लगभग आठ महीनों से शहर की राम मंदिर, बिरियाखेड़ी, राजबाग जैसी कॉलोनियों को निशाना बना रही थी। आरोपियों का तरीका बेहद शातिराना था। आरोपी शनिवार की रात रतलाम पहुंचते थे और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सामान्य यात्रियों की तरह सो जाते थे। चोरी की जगह पहुंचने से पहले आरोपी चड्डी-बनियान पहन लेते थे ताकि शरीर का आकार ढका रहे और सीसीटीवी फुटेज से पहचान न हो सके। वारदात के तुरंत बाद वे कपड़े बदल लेते थे।जंगल के रास्ते आवाजाही पकड़े जाने के डर से आरोपी रेलवे स्टेशन या मुख्य मार्गों के बजाय तालाब की पाल और जंगल के रास्तों का इस्तेमाल करते थे। वारदात के बाद गिरोह अलग-अलग टीमों में बंट जाता था और अलग-अलग रास्तों व ट्रेनों से वापस गुजरात के दाहोद पहुंचता था।

स्वामित्व रजिस्ट्री को लेकर प्रशासन के खिलाफ धरना, कलमबंद हड़ताल जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

प्रदेश के साथ नीमच जिले मे भी स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान को लेकर पटवारियों और प्रशासन के बीच विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। जिले में तीन पटवारियों की बर्खास्तगी के विरोध में गुरुवार को बड़ी संख्या में पटवारी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। विरोध का अंदाज भी अनोखा रहा। पटवारी हाथों में फूल-मालाएं लेकर पहुंचे और बर्खास्त किए गए अपने साथियों का सम्मान कर प्रशासन की कार्रवाई पर विरोध दर्ज कराया। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह चुण्डावत ने कहा कि स्वामित्व रजिस्ट्री के काम में कई तकनीकी और व्यवहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर संघ ने पूर्व में प्रशासन को ज्ञापन भी दिया था। उनका आरोप है कि समस्याओं का समाधान किए 1- बिना ही पटवारियों पर काम का दबाव र बनाया जा रहा है। इसी बीच जिले के तीन की पटवारियों को बर्खास्त किए जाने से संघ पों में नाराजगी है।

पटवारी संघ ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश और जिले के अन्य पटवारी भी पीजी सस्याओं को कलेक्टर से मुलाकात नहीं हुई तो प्रवेश द्वार पर बैठे प्रदर्शन के दौरान पटवारियों ने 'जिला प्रशासन होश में आओ' के नारे लगाए और कलेक्टर से सीधे मुलाकात की मांग की। कलेक्टर से चर्चा नहीं होने पर पटवारी कलेक्टर कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ही धरने पर बैठ गए। इससे कार्यालय परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

बर्खास्त साथियों को पहनाई मालाएं प्रदर्शन के दौरान पटवारी अपने बर्खास्त साथियों के लिए फूल-मालाएं लेकर पहुंचे थे। जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह चुण्डावत ने कहा कि नौकरी से बर्खास्त किए जाने के बावजूद उनके साथी आंदोलन में उनके साथ खड़े हैं। इसलिए उनके सम्मान में मालाएं लाई गई हैं। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई पर तंज कसते हुए कहा कि यदि नौकरी समाप्त ही कर दी गई है तो प्रशासन उन्हें माला पहनाकर सम्मानपूर्वक घर भेज दे।

बूढ़ा, टकरावद सहित क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करे बिजली विभाग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बूढ़ा

अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्र में हाहाकार मचा हुवा है लगातार शिकायतों के बाद भी विधुत वितरण कम्पनी के कानों पर जु तक नही रेंग रही है। ग्रामीण ओर शहरी क्षेत्र में बगैर भेदभाव के समान विधुत वितरण व्यवस्था लागू की जाय।उक्त बात जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहते हुवे बताया की भाजपा के जनप्रतिनिधि बिजली आपूर्ति को लेकर बड़े बड़े दावे करते है लेकिन उनके दावों की पोल घन्टो बिजली कटौती इनके खोखले दावों की पोल खोल रही है।शर्मा ने कहा कि बिजली विभाग ग्रामीण क्षेत्रो में अंधाधुंध बिजली कटौती कर रहा है इससे लोगो को काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है और विभाग ग्रामीण ओर शहरी क्षेत्र की दुवाई देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहा है।शर्मा ने कहा कि बिजली के थोड़े राशि के बिल बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काट दिए जाते है ओर कुर्की कर पठानी वसूली की जाती है लेकिन बिजली पर्याप्त नही दी जारही है।शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में होरही रात्रि कालीन कटौती को तत्काल बंद करे अन्यथा बिजली उप भोक्ताओं के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे।



भानपुरा में आयोजित हुआ उद्यम संवाद में किसानों को उद्यमी बनाने की दिशा में पहल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत भानपुरा आईटीआई में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, कलेक्टर दिव्यांक सिंह तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने बताया कि एक ग्राम एक उद्यम की अवधारणा के तहत जिले की 350 से अधिक ग्राम पंचायतों में योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

जिले में लहसुन, संतरा, गाजर और पान प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने की योजना है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और प्रशासन उन्हें मार्केट लिंकेज व ब्रांडिंग में मदद करेगा।

इस दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को ऋण व स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। पान उत्पादक किसानों के लिये विशेष क्लस्टर- भानपुरा क्षेत्र के पान उत्पादक किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष कार्य योजना तैयार की गई है। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने पान उत्पादक किसानों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनीं और शासकीय योजनाओं के माध्यम से समाधान की रूपरेखा तय की।

क्षेत्र में पान उत्पादकों का एक विशेष क्लस्टर बनाया गया है। योजना के अनुसार, भानपुरा के पान को दिल्ली व जयपुर जैसी बड़ी मंडियों तक पहुंचाने के साथ-साथ पान कैंडी जैसे प्रसंस्करण उत्पादों के निर्माण के लिए किसानों को प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त पान बरेजों के लिए नेट शेड और पाली हाउस योजनाओं का लाभ भी प्रमुखता से प्रदान किया जाएगा।

महिला पीडीएस विक्रेताओं की दुकान बंद हड़ताल जारी

नीमच । महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित पीडीएस दुकानों की दुकान बंद हड़ताल मंगलवार को छठे दिन भी जारी रही। 200 प्रति क्विंटल कमीशन की प्रमुख मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा संगठनों के आह्वान पर प्रदेश भर में 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक पीडीएस विक्रेताओं द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। जिले में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित लगभग 120 दुकानों सहित कुल 324 पीडीएस दुकानें बंद हैं।

पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के खिलाड़ी ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए चयनित

मंदसौर। पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में उर्मिला सुथार (49 किग्रा), रत्ना प्रजापत (53 किग्रा), राजनंदनी (57 किग्रा) और सिमरन (86 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं पुरुष वर्ग में जीवन कुमार (60 किग्रा) और चेतन सोलंकी (85 किग्रा) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इन सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन मेहसाना (गुजरात) में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय विश्वविद्यालय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे, क्रीड़ा अधिकारी एवं स्टाफ ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं।

शासकीय कार्यों में लापरवाही पर रतलाम ग्रामीण के 10 पटवारियों को कारण बताओ सह आरोप-पत्र जारी

रतलाम। शासकीय योजनाओं एवं राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही और समय पर काम पूरा न करने के मामले में रतलाम प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर अजय कटेसरिया के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रतलाम ग्रामीण द्वारा तहसील रतलाम ग्रामीण के १० पटवारियों को दीर्घ शास्ति (दीर्घ दंड) संबंधी आरोप-पत्र जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई विशेष रूप से स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री तथा अन्य राजस्व संबंधी निर्धारित कार्यों के निष्पादन में दी गई ढिलाई और पेंडेंसी को देखते हुए की गई है।

11 पेटी अवैध शराब जब्त

रतलाम। रतलाम पुलिस द्वारा अवैध शराब के परिवहन पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक आल्टो कार से 11 पेटी अवैध शराब जब्त की है।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति पिपलिया, जिला- मन्दसौर

क्रमांक/मंडी/निमंत्रण/2026-27/657 पिपलिया, दिनांक 09-10-2026

"दी.ओ.टी. तौल कांटा हेतु तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना"

कृषि उपज मंडी समिति पिपलिया द्वारा उपमंडी प्रांगण मल्हारगढ़ में ई-टेंडर प्रणाली के माध्यम से रखने के काम पर लिफ्ट आपटर एंड इनलोवर (दी.ओ.टी.) आधार पर टील कांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनांक 13-10-2026 समय प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 02-11-2026 समय 17:00 बजे तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा, प्रपत्र एवं अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। स्थानीय किए जाने वाले टोल कांटा हेतु विवरण निम्नानुसार है:-

सिस्टम क्र.	इलेक्ट्रॉनिक टोल कांटा स्थापना का स्थान	टोल कांटे की क्षमता	न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम (राशि रूपए)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत
2026_MPSAM_542111_1	उपमंडी प्रांगण मल्हारगढ़	दो प्लेट टाइप टोल कांटा (50 से.टन एवं 10 में.टन)	25000/-	43200/-	5000/-

नोट:- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना में संशोधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल ऑनलाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति पिपलिया,
जिला-मन्दसौर

शासनशंधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति पिपलिया,
जिला-मन्दसौर

न्यूज कालम



लदुसा नरेश सांवरिया सेठ मंदिर के दानपात्र से निकले 9.70 लाख रु.

आज पारिजात पुष्पों से होगा विशेष श्रृंगार

मंदसौर। मालवा क्षेत्र के प्रसिद्ध सांवरिया सेठ मंदिर (लदुसा) में आश्विन मास की चतुर्दशी पर मंदिर समिति द्वारा दान पात्र खोले गए। गणना के उपरांत कुल 9 लाख 70 हजार 10 रु. की नकद राशि प्राप्त हुई, जिसे बैंक खाते में जमा करा दिया गया है। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा विदेशी नोट तथा सोने-चांदी के आभूषण भी दान स्वरूप अर्पित किए गए हैं।मंदिर ट्रस्ट के पं. महेश व्यास ने बताया कि अमावस्या के अवसर पर लदुसा नरेश का पारिजात के दुर्लभ एवं सुगंधित फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसके बाद भव्य महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य लाभार्थी ग्राम रिच्छाबच्चा निवासी रामकन्या बाई, घनश्याम और दिलीप परिहार रहेंगे। इसके साथ ही मंदिर के मुख्य मार्ग पर बन रहे भव्य प्रवेश द्वार के तोरण द्वार का पूजन कर स्थापना की गई है। समिति का लक्ष्य जनवरी 2027 में होने वाले वार्षिकोत्सव से पूर्व इसका निर्माण पूर्ण करने का है।

पेंशनर महासंघ ने 2 प्रतिशत महंगाई राहत व बकाये एरियर के लिए सीएम को लिखा पत्र



मंदसौर। सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ मंदसौर इकाई की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष बी.एस. सिसौदिया के मार्गदर्शन में नगरपालिका सभागृह में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ नंदकिशोर राठौर द्वारा प्रस्तुत लोकमंगल गीत से हुआ, जिसके पश्चात नवीन सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनवरी 2026 से देय 2 प्रतिशत महंगाई राहत को नियमित कर्मचारियों की भांति पेंशनरों को भी शीघ्र स्वीकृत करने हेतु मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को पत्र भेजा जाएगा। इसके अलावा, 26 अक्टूबर को प्रांतीय इकाई द्वारा भोपाल में आयोजित धरने में भाग लेने की रणनीति बनाई गई। इस प्रदर्शन के माध्यम से पेंडिंग 32 एवं 27 माह के एरियर भुगतान तथा विशेष पेंशन पात्रता की आयु 80 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष करने की मांग की जाएगी।


डॉ. बटवाल को डीजीपी ने प्रदान किया पुलिस मित्र सम्मान



मंदसौर। मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने मंदसौर के वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. घनश्याम बटवाल को पुलिस मित्र सम्मान से नवाजा। डॉ. बटवाल को यह सम्मान नशा मुक्ति अभियान और सेफ क्लिक साइबर सुरक्षा अभियान में उनकी सक्रिय व समर्पित सहभागिता के लिए प्रदान किया गया। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि जन सहयोग और जागरूकता से पुलिस नशा मुक्ति और साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पा सकती है। उन्होंने डॉ. बटवाल को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके द्वारा मीडिया और सामाजिक संगठनों के माध्यम से दिए गए योगदान की सराहना की।

शनिश्चरी और सर्वपितृ अमावस्या पर आज शनि मंदिर में तेलाभिषेक

मंदसौर। सर्वपितृ अमावस्या शनिवार को पड़ने से इस तिथि का धार्मिक महत्व अत्यधिक बढ़ गया है, जिसे देखते हुए स्थानीय खानपुरा स्थित शनि मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी।शनि मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष पं. अरुण शर्मा ने बताया कि इस विशेष योग पर मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी और पुष्प मालाओं से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के सुलभ और व्यवस्थित दर्शन हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। संध्या 7 बजे भगवान शनिदेव का विशेष तेलाभिषेक पूजन संपन्न होगा।



समाजसेवी मित्तल का निधन श्रद्धांजलि अर्पित की



तराना। तेजाजी चौक निवासी गुंजन(छोटू) और नितिन मित्तल के पिता वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक मित्तल का गुरुवार को अाक स्मिक निधन हो गया है। मित्तल धार्मिक एवं समाजसेवी थे। अंतिम यात्रा शाम 4:30 बजे निवास स्थल से निकाली गई। जिसमें रहवासी, परिजन, जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर शांतिवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

10 घंटे अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीणजन परेशान

ब्यावरा। समीपस्थ ग्राम मलावर क्षेत्र के 2 दर्जन अधिक गांव में लोडशेडिंग के नाम पर 24 घंटे में 9 से 10 घंटे की लगभग अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है जिसे क्षेत्र के ग्रामीण जन काफी परेशान है, ग्रामीणो ने बताया कि हर एक घंटे के बाद 1 घंटे से ज्यादा कटौती की जाती है जैसी रात के समय में भी बहुत कटौती हो रही है इस समय मौसमी बीमारी फैल रही है मच्छर का प्रकोप बढ़ रहा है,छोटे बच्चे, बुजुर्ग को एव छात्र छात्रों को परेशानी उठनी पड़ रही है पूर्व सरपंच कृष्णपाल सिंह सोंधिया, मुकेश नामदेव, भगवान सिंह सुमन बलराम सिंह यादव, सुरेश सुमन, आदि ग्रामिणों ने कहा कि अघोषित कटोती बंद की जाए नहीं तो हमको मजबूरन विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़ेगा।

पवन शर्मा के पुनः सांसद प्रतिनिधि बने

सुसनेर। पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री एवं वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा को सांसद रोडमल नागर द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सुसनेर में पुनः अपना सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। उनके पुनः सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

प्रेम नगर चंदेसरी में डॉ. शरद पाटीदार का स्वागत



चन्देसरा। निर्मला अस्पताल, प्रेम नगर, चंदेसरी में डॉ. शरद गोवा पाटीदार यूरोलॉजिस्ट एवं कंसल्टेंट लेप्रोस्कोपिक सर्जन का स्वागत किया गया। डॉ. पाटीदार अब प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक निर्मला अस्पताल में मरीजों को यूरोलॉजी संबंधी परामर्श प्रदान करेंगे। डॉ. शरद गोवा पाटीदार के निर्मला अस्पताल से जुड़ने के अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में निर्मला अस्पताल के निदेशक फादर डॉ. जोबिश मैनुअल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक ने कहा कि अस्पताल में यूरोलॉजी विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध होना क्षेत्र के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है।

पुलिस थाने पर शांति समिति की बैठक हुई

बड़नगर। नवरात्रि उत्सव को लेकर बुधवार शाम पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम धीरेंद्र पाराशर ने की, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित हुए। बैठक में एसडीओपी एमएसएस परमार, तहसीलदार रूपाली जैन, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, थाना प्रभारी कमलेश सिंगार के साथ ही विद्युत मंडल और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए।

सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर होगा सामूहिक श्राद्ध-तर्पण

ब्यावरा। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार, ब्यावरा द्वारा पितृपक्ष के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ इंदौर नाका ब्यावरा में निःशुल्क सामूहिक श्राद्ध-तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया जा रहा है। पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता एवं सद्भावना व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक जलांजलि अर्पित कर रहे हैं।

राहुल गांधी से हुई बर्बरता के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

देशव्यापी विरोध प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के निदेर्शानुसार भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के लिए 8 अक्टूबर, देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके तहत बड़नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की। विरोध प्रदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की गई।

कांग्रेस का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर दिल्ली में जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया था, इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों पर हमला स्वयं संविधान पर हमला है। इसी मुद्दे को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा कि यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाया नहीं जाता और चुनाव आयोग में आवश्यक सुधार नहीं किए जाते।

उन्हेल

गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के निदेर्शानुसार दिल्ली सरकार द्वारा राहुल गांधी पर बलपूर्वक जंतर मंतर जाने से रोका गया गया एवं बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया जिसको लेकर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर इसे देश के संविधान एवं लोकतंत्र पर हमला बताया।

पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार में कांग्रेस संसद प्रियंका गांधी सहित कई महिला संसद भी घायल हुई जोकि निंदनीय है देश का लोकतंत्र हमें शांतिपूर्ण आंदोलन के अपनी बात रखने का अधिकार देता है लेकिन भाजपा सरकार द्वारा नियमों को ताक पर रख विपक्ष के साथ ऐसा कृत्य करती है।देश को लोकतंत्र को बचाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का संरक्षण कर केंद्र सरकार लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रच रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबन्धन अंतिम सांस तक लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ेगा ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना होगा। ज्ञापन देने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड तक पैदल मार्च निकाल कर ज्ञानेश कुमार का पुतला भी फूंका जा पुलिस द्वारा पुतला छुड़ाने के लिए कांग्रेस नेताओं से झड़प भी हुई।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्रसिंह सोलंकी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, शहर अध्यक्ष रईस कुरैशी, संजय शर्मा 'स्वतंत्र', अजहरुद्दीन, बद्रीलाल आचार्य, पंकज जोशी, अनिल शर्मा, अमजद खान, मंडलम अध्यक्ष मोहन सिंह राठौर, कुलदीप नागर, कमल सिंह चौहान, महिपाल सिंह गौड़, चांद खां, हाजी जाकिर, कुलदीप सिंह राणावत, भंवरसिंह भाटी, ईश्वरलाल चौहान, पूर्व पार्षद शकील रहमानी, आला बाबू, संदीप परमार मौजूद रहे।

सेवा ज्योति यात्रा का तराना में भव्य स्वागत, मशाल लेकर पैदल चले ताराचंद गोयल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। सेवा ज्योति यात्रा 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजे आस्था गार्डन, उज्जैन से प्रारंभ हुई थी।

यात्रा तराना पहुंची, जहां पुराना पेट्रोल पंप से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए झंडा चौक पर विधिवत समापन किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया।यात्रा की सबसे खास बात यह रही कि सेवा ज्योति की मशाल को हाथ में लेकर तराना के पूर्व विधायक ताराचंद गोयल स्वयं पैदल चल रहे थे। उनके साथ कार्यकर्ता सेवा का संकल्प - विकसित भारत का संकल्प के नारों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।

इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष आकाश बोड़ाना, पार्षद विजय जायसवाल, सोनू शक्ति सिंह परिहार, अशोक चावड़ा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामसिंह बड़ाल, महामंत्री दीपक सोमानी, नरेंद्र सोलंकी, आकाश गवली, सत्यनारायण पाटीदार राजेश पाटीदार यशवंत आंजना मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव सुना

झंडा चौक पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव सुना गया और उनके सेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के 25 वर्षों की यात्रा को स्मरण कर विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

17 वर्षीय नाबालिग का शव मिला, 21 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत

■ प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक बेहद दर्दनाक हादसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक बेहद गंभीर और दर्दनाक मामला सामने आया है। 30 सितंबर से लापता 17 वर्षीय नाबालिग का शव मलावर थाना क्षेत्र के पगारी बंगला के पास जंगल में क्षत-विक्षत हालत में मिला। पुलिस के अनुसार शव का सिर धड़ से अलग था और घटनास्थल से आरी भी बरामद हुई है।

मामले की जांच में पुलिस ने मोबाइल की सीडीआर और टावर लोकेशन का सहारा लिया। जांच के दौरान सामने आया कि नाबालिग के संपर्क में रहने वाले 21 वर्षीय युवक की भी उसी दिन सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। जांच में यह भी सामने आया कि युवक नाबालिग को अपने साथ लेकर गया था। इसके बाद जंगल में दोनों के बीच विवाद हुआ और नाबालिग की हत्या किए जाने की आशंका है। घटनास्थल पर पेड़ से जुड़ा फंदा भी मिला है। पुलिस को आशंका है कि घटना के बाद युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन असफल रहने के बाद वहां से बाइक लेकर निकला और आगे सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई।

सजावट और धार्मिक आयोजनों को लेकर उत्साह

दिनों तक होगी आराधना नगर के मंदिरों में तैयारियां शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में तैयारियां तेज हो गई हैं। मां दुर्गा की आराधना के इस नौ दिवसीय पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा का आगमन हाथी पर सवार होकर होगा. जिसे शुभ और सुख-समृद्धि का संकेत माना जाता है। पूरे नौ दिनों तक नगर में धार्मिक वातावरण बना रहेगा और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ेगी। नवरात्रि पर्व के लिए नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर परिसरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का कार्य किया जा रहा है। वहीं मंदिरों को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाने की तैयारियां भी चल रही हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिरों में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना और आरती होगी। कई मंदिरों में भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

नौ दिनों तक अलग-अलग स्वरूपों की होगी पूजा

नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाएगी। श्रद्धालु सुबह-शाम मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन करेंगे और आरती में शामिल होंगे। बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां भी नवरात्रि के दौरान व्रत रखकर देवी आराधना करेंगी।

माता के पंडाल सजाने की भी तैयारी

नगर के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख स्थानों पर माता के पंडाल सजाने की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। समितियों द्वारा पंडाल निर्माण, सजावट, विद्युत व्यवस्था और धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। नवरात्रि के दौरान कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। शाम के समय मंदिरों और माता के पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आएगी।

राहुल गांधी के साथ पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर।



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी महिदपुर द्वारा प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के निर्देश पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में तहसील कार्यालय स्थित निर्वाचन कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की गई।

कार्यक्रम से पूर्व, विधायक दिनेश जैन बोस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर चौक स्थित संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 6 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित प्रजातंत्र बचाओ मार्च के दौरान राहुल गांधी के साथ हुई पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र और संविधान की आवाज दबाने का प्रयास बताया।

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

इस अवसर पर विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि राहुल गांधी के साथ पुलिस द्वारा किया गया व्यवहार शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संविधान की आवाज को दबाना चाहती है। कांग्रेस की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार संतुष्टि पाल को सौंपा गया।

युवा संस्कार परिवार द्वारा सामूहिक पितृतर्पण का निःशुल्क आयोजन आज

नागदा। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार के तत्वावधान में पितरों की श्रद्धा एवं स्मृति में सामूहिक पितृ तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन कल प्रातः 8 बजे से बाल हनुमान मंदिर परिसर में किया जाएगा। लगातार 12वें वर्ष होने वाले इस निःशुल्क आयोजन में वैदिक आचार्यों के मार्गदर्शन में तर्पण, जलांजलि एवं पिंडदान की विधि संपन्न कराई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक निलेश मेहता ने बताया कि बाल हनुमान मंदिर का मार्ग मुक्तिधाम के समीप से होकर निकलता है तथा मंदिर चंबल तट के समीप स्थित है।

मतदाता जागरूकता एवं विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु विशेष अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



निर्वाचन कार्यालय, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 218 बड़नगर के निदेर्शानुसार शासकीय महाविद्यालय बड़नगर में 18झ19 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मतदाता जागरूकता हेतु विशेष अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में मतदाता हेल्प डेस्क स्थापित की गई। नोडल अधिकारियों प्रो. मोहित नागर एवं प्रो. पुष्पेंद्र सिंह परमार द्वारा विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से नए मतदाता के रूप में पंजीयन कराने की प्रक्रिया एवं इसके महत्व से अवगत कराया गया।

विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है अथवा 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने वाली है, ताकि वे समय पर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

इस अभियान में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं बाढ़-चढ़ कर सहभागिता की। हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों की पंजीयन संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया तथा कई विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से पंजीयन हेतु रजिस्टर कराया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को उनके मताधिकार, लोकतांत्रिक जिम्मेदारी एवं मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में अपने मताधिकार के प्रति सकारात्मक एवं जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया।

छात्र लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी निभाए

महाविद्यालय में आयोजित यह मतदाता जागरूकता अभियान सफल रहा तथा विद्यार्थियों ने इसमें सक्रिय सहभागिता करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रति उत्साह प्रदर्शित किया।



पटेल का चयन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हुआ

खाचरोद। विद्यालय प्राचार्या येशा भंसाली ने बताया कि दिनांक 06/10/2026 को रतलाम के समता इंटरनेशनल स्कूल में संभाग स्तरीय ताइक्वांडो 19 वर्ष आयु समूह प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कृष्णा पटेल ने फाइनल बाउट में नीमच के खिलाड़ी को हराकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना चयन सुनिश्चित किया । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की दिनांक 01/10/2026 से 05/11/2026 तक देवास में आयोजित होगी । बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था संचालक ललीत कांकरिया , बालेश बुपकिया , श्रुति बुपकिया प्राचार्या येशा भंसाली , उप प्राचार्य राजकुमार सेजवार खेल शिक्षक निमित शर्मा , नीलम रॉय , सुभाष प्रजापत एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

मलावर शासकीय विद्यालय के सामने कचरे की समस्या के स्थायी समाधान की मांग



ब्यावरा। मलावर शासकीय विद्यालय के सामने लंबे समय से बनी कचरे की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर एनएसयूआई ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार गोपाल चौहान को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई नगर अध्यक्ष मलावर सुभाष यादव ने बताया कि विद्यालय के सामने कचरा डाले जाने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। समय-समय पर सफाई तो की जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद पुनः कचरा जमा हो जाता है। इससे विद्यार्थियों एवं विद्यालय के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे पूर्व एनएसयूआई ने स्वच्छता जागरूकता यात्रा निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया था और समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई गई थी। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि एक सप्ताह के भीतर विद्यालय के सामने कचरा डाले जाने पर पूर्णतः रोक लगाते हुए समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में दोबारा वहां कचरा जमा न हो।

महिदपुर मंडी में अब 50 हजार तक नकद भुगतान, शेष राशि बैंक खाते में आएगी

महिदपुर। कृषि उपज मंडी महिदपुर में 9 अक्टूबर 2026 से किसानों को 50 हजार रुपये तक नकद भुगतान किया जाएगा। शेष राशि के माध्यम से बैंक खाते में जमा होगी। किसानों से बैंक पासबुक और आधार कार्ड साथ लाने की अपील की गई है।

मंडी में 10 मीट्रिक टन तौल कांटे का शुभारंभ

महिदपुर। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को नवनिर्मित 10 मीट्रिक टन



तौल कांटे का शुभारंभ विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान एवं एसडीएम अजय हिंगे की उपस्थिति में हुआ। मंडी सचिव प्रीतमसिंह चौधरी ने बताया कि नए तौल कांटे से किसानों का समय बचेगा और मंडी में यातायात व तौल व्यवस्था बेहतर होगी। इस दौरान व्यापारी, किसान, जनप्रतिनिधि एवं हम्माल-तुलावटी उपस्थित रहे।

जूता-चप्पल की दुकान में लगी आग, लाखों का माल खाक



महिदपुर। नगर के गांधी मार्ग स्थित स्टैंडर्ड शू स्टोर में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। आग से दुकान में रखा जूते-चप्पलों सहित लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार, सुबह दुकान से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम और दुकान मालिक को सूचना दी। आग तेजी से फैलने के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक दिलदारपुरा स्थित अपने निवास से जब दुकान पर पहुंचे, तब तक आग से दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था। आग लगने के कारण स्पार्कलिंग बताया जा रहा है पूर्ण रूप से पुष्टि अभी तक हो नहीं पाई है।

बच्चा आपसे दिल की बात नहीं करता...?



कई बार घर का माहौल और माता-पिता का प्रतिक्रिया देने का तरीका भी बच्चे के व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। अगर बच्चा आपसे अपनी बात कहने के बजाय दोस्तों, मोबाइल या किसी और व्यक्ति के साथ ज्यादा सहज महसूस करने लगा है, तो अभिभावकों को अपनी कुछ आदतों पर जरूर ध्यान देना चाहिए।

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा उनसे अपनी हर खुशी, परेशानी और डर खुलकर शेयर करे। लेकिन जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, कई बार वे माता-पिता से बातें छिपाने लगते हैं या अपनी भावनाएं व्यक्त करने से बचते हैं। इसका मतलब हमेशा यह नहीं होता कि बच्चा जिद्दी या बदल गया है।



कई बार घर का माहौल और माता-पिता का प्रतिक्रिया देने का तरीका भी बच्चे के व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। अगर बच्चा आपसे अपनी बात कहने के बजाय दोस्तों, मोबाइल या किसी और व्यक्ति के साथ ज्यादा सहज महसूस करने लगा है, तो अभिभावकों को अपनी कुछ आदतों पर जरूर ध्यान देना चाहिए।

छोटी-छोटी गलतियां बच्चे के मन में यह भावना पैदा कर सकती हैं कि उसकी बात सुनी या समझी नहीं जाएगी। ऐसे में डांटने या दबाव बनाने के बजाय भरोसे और संवाद का माहौल बनाना ज्यादा जरूरी है।आइए जानते हैं वे 7 आम गलतियां, जिन्हें माता-पिता को बच्चे के साथ बेहतर रिश्ता बनाने के लिए छोड़ देना चाहिए।

हर बात पर डांटना

अगर बच्चा कोई बात बताता है और उसे तुरंत डांट मिलती है, तो वह अगली बार अपनी समस्या शेयर करने से बच सकता है। पहले उसकी पूरी बात सुनना जरूरी है।

बात को छोटा समझना

बड़ों को बच्चे की परेशानी छोटी लग सकती है, लेकिन बच्चे के लिए वही समस्या बहुत बड़ी हो सकती है। उसकी भावनाओं को नजरअंदाज करने के बजाय उन्हें समझने की कोशिश करें।

दूसरे से तुलना करना

देखो, दूसरा बच्चा कितना अच्छा हैह्व जैसी बातें बच्चे के आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती हैं। तुलना की जगह बच्चे की अपनी प्रगति पर ध्यान दें।

सजा की धमकी देना

अगर बच्चे को लगता है कि सच बताने पर उसे सजा मिलेगी, तो वह सच छिपाना शुरू कर सकता है। गलत व्यवहार पर समझाना और परिणामों के बारे में शांत तरीके से बात करना ज्यादा प्रभावी हो सकता है।

बात बीच में काटना

बच्चा अपनी बात पूरी करना चाहता है। बार-बार बीच में रोकने या तुरंत सलाह देने के बजाय उसे पूरा बोलने दें। इससे उसे महसूस होगा कि उसकी बात की अहमियत है।

निजी बात दूसरों को बताना

बच्चे ने भरोसे में कोई बात कही और माता-पिता ने उसे रिश्तेदारों या दोस्तों के सामने बता दिया, तो उसका भरोसा टूट सकता है। उसकी निजी बातों का सम्मान करना जरूरी है।

परिणामों पर ध्यान देना

अगर बातचीत हमेशा पढ़ाई, नंबर, अनुशासन या भविष्य को लेकर होती, तो धीरे-धीरे बच्चा अपनी परेशानियां और भावनाएं खुलकर शेयर कर सकता है है, तो बच्चा भावनात्मक बातें शेयर करने से बच सकता है। रोज कुछ समय बिना किसी दबाव के उसके साथ बिताएं।




बच्चों को हिंदी पढ़ना नहीं पसंद?


आज के डिजिटल दौर में बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल, वीडियो, गेम और सोशल मीडिया जैसे माध्यमों के बीच बीतता है। ऐसे में किताब पढ़ने की आदत विकसित करना अभिभावकों के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। खासतौर पर हिंदी पढ़ने को लेकर कई बच्चों की रुचि कम दिखाई देती है, क्योंकि उनकी रोजमर्रा की पढ़ाई और मनोरंजन का बड़ा हिस्सा अंग्रेजी या स्क्रीन आधारित सामग्री के आसपास रहता है। हालांकि बच्चों को हिंदी से जोड़ने के लिए उन्हें लंबे पाठ या कठिन किताबें पढ़ने के लिए मजबूर करना जरूरी नहीं है। छोटी कहानियों, चित्रों वाली पुस्तकों, कविताओं और रोजमर्रा की बातचीत से भी हिंदी पढ़ने की आदत विकसित की जा सकती है।

बच्चों को हिंदी भाषा से जोड़ने का यह एक अच्छा अवसर हो सकता है। भाषा सीखना केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। पढ़ने की आदत बच्चों की कल्पनाशक्ति, शब्दावली और अभिव्यक्ति को भी बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। जब बच्चा अपनी पसंद की कहानी, कविता या रोचक विषय हिंदी में पढ़ता है, तो भाषा उसके लिए पढ़ाई का बोझ नहीं, बल्कि मनोरंजन का माध्यम बन सकती है। बच्चों को शुरूआत में मोटी किताबें या कठिन भाषा वाली कहानियां देने से वे जल्दी ऊब सकते हैं। इसलिए उनकी उम्र और रुचि के अनुसार छोटी कहानी की किताबें, चित्र पुस्तिकाएं और सरल कविताएं चुनें।

रंग भरकर चित्र बनाओ



रास्ता खोजो



बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



Sport

चैपमैन और फाउल्क्स की जगह टिकनर-क्लार्कसन को मौका; 22 अक्टूबर से टी-20 सीरीज

सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के 2 खिलाड़ी चोटिल

एजेंसी ▸▸ न्यूजीलैंड

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को 2 खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। इनमें मार्क चैपमैन और जैक फाउल्क्स शामिल हैं। दोनों को सीरीज से बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को बताया कि चैपमैन की बाईं हैमस्ट्रिंग और फाउल्क्स के दाएं हिप फ्लेक्सर में चोट लगी है। ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है। टी-20 सीरीज 22 अक्टूबर से शुरू होगी। मार्क चैपमैन को यूरोपियन टी 20 प्रीमियर लीग के पहले सीजन में खेलते समय बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी।



कोच ने कहा- दोनों के बाहर होने का दुख

न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर ने भारत के खिलाफ चुनौतीपूर्ण सीरीज से पहले जोश क्लार्कसन और ब्लेयर टिकनर की वापसी पर खुशी जताई। वाल्टर ने कहा, ह्यमार्क और जैक के लिए मुझे बहुत दुख है। मैं दोनों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।ह्न उन्होंने कहा, हम खुशकिस्मत हैं कि जोश और ब्लेयर के अनुभव का फायदा उठा सकते हैं। मुझे पता है कि दोनों उस सीरीज का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं, जो शानदार टी 20 सीरीज बनने वाली है।

वर्ल्ड कप फाइनल के बाद आमने-सामने होंगी दोनों टीमें

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की ळ20कसीरीज 22 अक्टूबर से शुरू होगी। दोनों टीमें इस साल की शुरूआत में हुए ळ20 वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद फिर आमने-सामने होंगी। उस फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता था। भारतीय टीम आगामी दौरे में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहेगी। न्यूजीलैंड की कप्तानी मिशेल सैंटनर करेंगे। उनकी वापसी का समय अभी तय नहीं है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अभी यह नहीं बताया है कि फाउल्क्स कब तक वापसी करेंगे।

टी20कसीरीज के लिए न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीम

मिशेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉन्वे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, बेवन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्न, डैरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सेफर्ट, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर।

यशस्वी विकेटकीपिंग प्रैक्टिस कर रहे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यशस्वी जायसवाल रणजी ट्रॉफी से पहले विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस कर रहे हैं। वे अपने खेल में नई स्किल जोड़ने पर काम कर रहे हैं। यशस्वी रणजी ट्रॉफी में 11 अक्टूबर को मुंबई के लिए चंडीगढ़ के खिलाफ खेलने उतरेंगे। जायसवाल के विकेटकीपिंग पर मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने कहा- ह्यउन्हें विकेटकीपिंग शुरू करने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। मैंने उनसे यही सुना है। लाड ने कहा- 'वे मुंबई या भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि उनका यही लक्ष्य है, लेकिन मुझे इसकी पूरी जानकारी नहीं है।'

न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट ओपनर जीत रावल ने लिया संन्यास

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट ओपनर जीत रावल ने प्रोफेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। 38 साल के रावल ने 2026-27 के घरेलू सीजन से पहले यह फैसला किया। गुजरात के अहमदाबाद में जन्मे रावल ने न्यूजीलैंड के लिए 2016 से 2020 के बीच 24 टेस्ट खेले। वे 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ह्यळउ) जीतने वाली न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा भी रहे। क्रिकेट से संन्यास के बाद वे चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में काम जारी रखेंगे। वे पहले से एक ऑडिटिंग फर्म में चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **न्यूजीलैंड को झटका:** भारत के खिलाफ टी20क सीरीज से पहले न्यूजीलैंड टीम के मार्क चैपमैन और जकारी फॉल्क्स चोट के कारण बाहर हो गए हैं।
- **एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी:** भारत में होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूनार्मेंट से पाकिस्तान के हटने के बाद बांग्लादेश को इसमें शामिल किया गया है, जो 27 अक्टूबर से शुरू होगा।
- **साउथ अफ्रीका की प्लेइंग-11:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए साउथ अफ्रीका ने अपनी टीम घोषित कर दी है, जिसमें कगिसो रबाडा बाहर हैं और एडन मार्कराम तथा रयान रिकेल्टन ओपनिंग करेंगे।
- **मोहन बागान का खिताब:** मोहन बागान सुपर जायंट ने ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर 22वां कक्षक शील्ड फुटबॉल खिताब अपने नाम किया है।
- **अंडर-19 एशिया कप:** अंडर-19 एशिया कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान हो गया है, जिसमें डिफेंडिंग चैंपियन भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 8 नवंबर को ओमान में होगा।
- **हरमनप्रीत कौर ने छोड़ी कप्तानी:** बीसीसीआई की बैठक के बाद हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला टीम की कप्तानी छोड़ दी है, और अब स्मृति मंधाना नई कप्तान होंगी।

श्रीलंका के खिलाफ अटैकिंग क्रिकेट खेलेंगे

टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे साहिबजादा फरहान, कहा- बाबर-रिजवान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ कराची

पाकिस्तान के नए टी-20 कप्तान साहिबजादा फरहान ने कहा है कि उनकी टीम श्रीलंका के खिलाफ अटैकिंग क्रिकेट खेलेगी। यह मुकाबला रावलपिंडी में शुक्रवार शाम को खेला जाएगा। मैच से पहले फरहान ने कहा- ह्यकप्तानी में दबाव रहता है। घरेलू सीरीज में पहली बार पाकिस्तान की कप्तानी करना सम्मान की बात है। नई चुनौती को लेकर उत्साहित हूं।ह्न

फरहान ने 2026 टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने वाले सलमान अली आगा की जगह ली है। सलमान को 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली।

फरहान ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे पाकिस्तान के कप्तान बनेंगे। उन्होंने नेशनल टीम की कप्तानी देखने की अपने पिता की इच्छा का भी जिक्र किया।



फरहान ने कहा- सीनियर खिलाड़ी मेरी मदद करेंगे

नए कप्तान का मानना है कि उन्हें आगे बढ़कर लीड करना होगा। वह बल्ले से अच्छा प्रदर्शन कर साथियों के लिए उदाहरण बनाना चाहते हैं। फरहान ने अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा जताया। उन्होंने उम्मीद की कि प्रशंसकों को उनकी कप्तानी की शैली पसंद आएगी। फरहान ने कहा कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मैदान पर उनकी काफी मदद करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यमुझे मौजूदा टीम में चुने गए खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है। सीनियर खिलाड़ियों की मौजूदगी मैदान पर मेरी काफी मदद करेगी।

फरहान बोले- बाबर-रिजवान टी-20 में वापसी कर सकते हैं- पाकिस्तान के कप्तान ने नेतृत्व पर सरफराज अहमद के प्रभाव की भी बात की। उन्होंने कहा, ह्यमैंने सरफराज अहमद की कप्तानी में काफी खेला है। मुझे उनकी कप्तानी बहुत पसंद थी। फरहान ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि दोनों टी20 क्रिकेट में कभी भी वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्यबाबर आजम और मोहम्मद रिजवान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। दोनों किसी भी समय टी20 क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

न्यूज कॉलम

धार के बोरखली हाईवे पर दौड़ती एर्टिगा में लगी आग

धार। धार जिले के राजोद थाना क्षेत्र के बोरखली में शुक्रवार सुबह हाईवे पर अहमदाबाद से उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जा रही मारुति सुजुकी एर्टिगा कार में अचानक आग लग गई। कार में एक ही परिवार के सात लोग सवार थे। सूचना मिलने पर डायल-112 की राजोद और सरदारपुर टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने सभी सात यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन आग से कार पूरी तरह जल गई। उसमें रखे कपड़े, अन्य सामान और 8 हजार रुपए नकद भी जल गए।

जंगल में गाय पर कुल्हाड़ी से वार करते दिखे लोग

झाबुआ। झाबुआ जिले के मेघनगर क्षेत्र में गुरुवार रात बेड़ावली की वनभूमि बिट क्रमांक 9 में गौकशी का मामला सामने आया। यह स्थान मेघनगर ओवरब्रिज से करीब आधा किलोमीटर दूर है। बेड़ावली निवासी मनु हुमजी भूरिया की गाय अन्य मवेशियों के साथ जंगल में चरने गई थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। मनु अपने साथियों के साथ गाय को तलाशने जंगल पहुंचा। वहां उसने 5-6 लोगों को गाय पर कुल्हाड़ी से वार करते हुए देखा। ग्रामीणों के अनुसार, इसके बाद आरोपियों ने उन पर पत्थरों से हमला कर दिया।

सीने में चाकू घोंपकर कर दी हत्या, अन्य दो लोग घायल

धार। सीने में चाकू घोंपकर एक युवक की हत्या कर दी गई, जबकि दो लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि जिस युवक की हत्या हुई, वह आधा घंटे तक सड़क पर तड़पता रहा। घटना गुरुवार रात सादलपुर थाना क्षेत्र के गुणावद की है। पुलिस के अनुसार, गुणावद गांव के तिरुपति होटल में विकास कायस्त और गुणावद निवासी गोलू के बीच पुरानी रंजिश को लेकर बहस शुरू हुई। घटना के समय दोनों पक्षों के लोग शराब के नशे में थे। बहस बढ़ने पर आरोपियों ने चाकू निकाल लिए और हमला कर दिया।

पहली बार मां की 13 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित



झाबुआ में निकला चल समारोह सरदारपुर के अखाड़ों ने दिखाए करतब

झाबुआ। रानापुर नगर में पहली बार मां कालिका की 13 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। नगर की सबसे बड़ी और आकर्षक प्रतिमा को देखने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। जवाहर मार्ग स्थित मां भवानी मित्र मंडल ने एक माह पहले ही एडवांस राशि देकर प्रतिमा की बुकिंग कराई थी। प्रतिमा के ऊपरी हिस्से में नगर के प्रसिद्ध मां कालिका माताजी मंदिर की हूबहू मूर्ति बनाई गई है। निर्माण के बाद प्रतिमा को रानापुर पहुंचने में 50 घंटे से अधिक का समय लगा। प्रतिमा स्थापना के अवसर पर नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया। यात्रा नए बस स्टैंड से शुरू होकर पुराने बस स्टैंड, एमजी रोड, शिवाजी चौक और लक्ष्मीबाई मार्ग से होते हुए जवाहर मार्ग पर संपन्न हुई। करीब तीन घंटे तक चले इस समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर भक्तिमय माहौल नजर आया।

नैनो न्यूज

- **सराफा बाजार में चांदी के भाव गिरे-** इंदौर के सराफा बाजार में चांदी की कीमतों में गिरावट से ग्राहकों को राहत मिली। सोने के भाव पर भी कारोबारियों की नजर बनी हुई है।
- **खाद्य कारोबार में जांच तेज हुई-** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर विभागीय जांच बढ़ने से कारोबारियों ने स्टॉक, पैकिंग और उत्पादों के मानकों पर ध्यान देना शुरू किया।
- **मेट्रो से व्यापारिक क्षेत्रों को उम्मीद-** इंदौर मेट्रो के विस्तार से प्रमुख बाजारों तक आवाजाही आसान होने की उम्मीद है। व्यापारियों को भविष्य में ग्राहकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।
- **दूध कारोबार में लागत का दबाव-** पशु आहार और चारे की लागत बढ़ने से डेयरी संचालकों का खर्च बढ़ा है। दूध की कीमतों को लेकर उत्पादकों और विक्रेताओं में चर्चा जारी है।
- **त्योहारों से कपड़ा बाजार में हलचल** त्योहारी खरीदारी को देखते हुए कपड़ा कारोबारियों ने नए डिजाइन और आकर्षक कलेक्शन पर जोर दिया है। दुकानदारों को आगामी दिनों में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।
- **ऑटोमोबाइल बाजार में नई बुकिंग** त्योहारी सीजन को देखते हुए वाहन डीलरशिप पर ग्राहकों को आकर्षित करने की तैयारियां तेज हैं। कंपनियां नए मॉडल और फाइनेंस विकल्पों पर जोर दे रही हैं।
- **प्रॉपर्टी बाजार में प्लॉट की मांग-** शहर के बाहरी इलाकों में आवासीय कॉलोनियों और प्लॉट को लेकर खरीदारों की रुचि बनी हुई है।

मैदान आवंटन को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का इंदौर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में प्रदर्शन

हमसे 14 लाख लिए, वही जमीन भाजपा को मुफ्त में उपलब्ध करवा दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मैदान आवंटन को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता इंदौर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि हमें मैदान पर हुए कार्यक्रमों की अनुमति की रसीद नहीं मिलेगी, तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, पार्षद राजू भदौरिया ने कहा कि आईडीए सीईओ पर भाजपा की चर्बी चढ़ गई है। वे इसे उतार लें। हमारी सरकार आने वाली है।

कांग्रेस का आरोप है कि राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए जिस मैदान का किराया 14 लाख रुपए से अधिक लिया गया, उसी प्राधिकरण ने विजय नगर में भाजपा के कार्यक्रम के लिए जमीन मुफ्त उपलब्ध करा दी। कांग्रेस ने यह भी सवाल उठाया है कि भाजपा के आयोजन के लिए क्या कोई शर्त या शुल्क तय किया था।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में कार्यकर्ता शुक्रवार दोपहर आईडीए कार्यालय पहुंचकर सीईओ का घेराव किया। कांग्रेस की मांग है कि दोनों आयोजनों के लिए जमीन आवंटन की अनुमति, किराए की राशि और लागू शर्तों का ब्योरा सार्वजनिक किया जाए। पार्टी का कहना है कि सार्वजनिक जमीन के आवंटन में सभी आयोजनों के लिए नियम समान होने चाहिए और शुल्क निर्धारण का आधार भी स्पष्ट होना चाहिए।



कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि 3-4 दिन के आयोजन के लिए 14 लाख रुपए से अधिक शुल्क लिया गया, तो करीब 40 दिन चलने वाले व्यावसायिक बाजार के लिए किराया किस आधार पर तय होगा।

कांग्रेस का कहना है कि आईडीए को सभी आयोजनों के लिए आवंटन की शर्तें और शुल्क सार्वजनिक करने चाहिए। अब प्राधिकरण के जवाब से स्पष्ट होगा कि अलग-अलग आयोजनों के लिए किराया और नियम किस आधार पर तय किए गए।

सीईओ बोले- शासन का कार्यक्रम था

आईडीए के सीईओ परिक्षित झाड़े ने बताया कि 7 अक्टूबर को विजय नगर में आईडीए की जमीन पर हुआ आयोजन भाजपा का नहीं था। वह शासन का कार्यक्रम था, इसलिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया है। वहीं, रीजनल पार्क में 19 सितंबर को हुए आयोजन के लिए अनुमति के हिसाब से ही राशि ली गई है। पटाखा व्यापारियों ने दुकान लगाने के लिए अनुमति मांगी है।

भाजपा के आयोजन में कौन-सी शर्तें लागू हुईं?

कांग्रेस ने विजय नगर में 7 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत हुए भाजपा के कार्यक्रम के लिए उपलब्ध कराई गई जमीन का हिसाब भी मांगा है। पार्टी जानना चाहती है कि इस आयोजन के लिए आईडीए ने कितनी राशि ली, क्या कोई शुल्क माफ किया गया और मैदान के उपयोग को लेकर आयोजकों पर कौन-सी शर्तें लागू थीं। कांग्रेस ने पिछले साल और इस साल के पटाखा बाजार के आवंटन, शुल्क और खर्च का विवरण भी सार्वजनिक करने की मांग की है। पार्टी ने आशंका जताई है कि शुल्क निर्धारण में अंतर या प्रक्रिया में अनियमितता होने से शासन को राजस्व का नुकसान हो सकता है। हालांकि, भाजपा के कार्यक्रम को जमीन मुफ्त दिए जाने और आवंटन में नियमों की अनदेखी होने के आरोपों की स्वतंत्र या आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

40 दिन के पटाखा बाजार का किराया भी सवालों में

विवाद सिर्फ राजनीतिक आयोजनों तक सीमित नहीं है। पिपल्याराव स्थित रीजनल पार्क के सामने भारत जोड़ो मैदान पर थोक पटाखा बाजार के लिए 41 अस्थायी दुकानें बनाई जा रही हैं। यहां जनरेटर रूम, लाइट टावर और पार्किंग की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। जानकारी के मुताबिक दुकानों का निर्माण शुरू हो चुका है, लेकिन आईडीए ने अब तक किराए की अंतिम राशि तय नहीं की है और आधिकारिक डिमांड नोट भी जारी नहीं किया है। इस बीच बाजार के लिए 5 से 7 लाख रुपए किराया होने की चर्चा है। पटाखा व्यापारी एसोसिएशन ने फिलहाल प्रत्येक दुकान लगाने वाले व्यापारी से एक-एक लाख रुपए जुटाने को कहा है। इसमें दुकान निर्माण, मैदान का किराया, बिजली, सुरक्षा और अन्य खर्च शामिल बताए जा रहे हैं।

अहिल्या चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त शुल्क का किया विरोध

दुकानों से यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड हटाने का लिया निर्णय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

यूपीआई से भुगतान पर प्रस्तावित सरचार्ज को लेकर इंदौर में व्यापारियों का विरोध तेज हो गया है। अहिल्या चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त शुल्क का विरोध करते हुए दुकानों से यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड हटाने का निर्णय लिया।

व्यापारियों का कहना है कि जब तक सरकार मर्चेंट डिस्काउंट रेट से जुड़ा प्रस्तावित शुल्क वापस नहीं लेती, तब तक वे डिजिटल भुगतान की सुविधा बंद कर नकद लेनदेन को प्राथमिकता देंगे। बैठक में व्यापारियों ने यूपीआई सरचार्ज हाय-हाय और यूपीआई सरचार्ज बर्दाश्त नहीं के नारे लगाकर नाराजगी जताई। शुक्रवार को चैंबर अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि अतिरिक्त शुल्क से कारोबार की लागत बढ़ेगी। व्यापारियों के मुताबिक पहले से महंगाई, बढ़ती परिचालन लागत और सीमित मुनाफे की चुनौती झेल रहे कारोबारियों पर नया आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। बैठक में मौजूद संगठनों ने प्रस्तावित शुल्क वापस लेने की मांग का समर्थन किया।



सरकार की नीतियों का नहीं, अतिरिक्त शुल्क का विरोध

चैंबर अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारी हमेशा सरकार के साथ खड़े रहे हैं और उनका विरोध सरकार की नीतियों के खिलाफ नहीं, बल्कि अनावश्यक शुल्क के खिलाफ है। व्यापारियों का तर्क है कि यदि यह राशि देश के विकास और डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए खर्च की जाती, तो वे सहयोग करने पर विचार कर सकते थे। उनका कहना है कि बैंकों की आर्थिक स्थिति को सहारा देने के लिए व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डालना उचित नहीं है।

बसों की बॉडी-इंटीरियर के नाम पर 2 करोड़ रु. की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बसों की बॉडी बनाने वाले गैरेज संचालक पर 2 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। आरोपी ने बसों की बॉडी बिल्डिंग, सीट कवर, एसी और इंटीरियर के काम के नाम पर एडवांस रकम ली, लेकिन काम पूरा किए बिना फरार हो गया।

18 से ज्यादा बस संचालकों की शिकायत पर विजय नगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजय नगर पुलिस के अनुसार, फरियादी राजा दिव्यांशु बर्मन, प्रथम गुप्ता, सूरज भारद्वाज, शमशेर सिंह और अन्य बस मालिकों ने आरोपी मोहित उर्फ मन्नू पुत्र सत्यनारायण दीक्षित के खिलाफ जनसुनवाई में डीसीपी को लिखित शिकायत दी थी। पीड़ितों के मुताबिक, आरोपी एमबी बस के नाम से बसों की बॉडी बनाने और कस्टमाइजेशन का काम करता है। बस संचालकों ने बॉडी बिल्डिंग, सीट कवर, एसी और इंटीरियर के काम के लिए उसे कुल 2 करोड़ रुपए से ज्यादा दिए थे। आरोप है कि एडवांस रकम लेने के बाद उसने काम अधूरा छोड़ दिया और पैसे लेकर फरार हो गया। पीड़ितों ने बताया कि लंबे समय से व्यावसायिक लेनदेन होने के कारण उन्हें आरोपी पर भरोसा था।

सरपंच का चुनाव लड़ने के लिए लिव-इन पार्टनर ने चुराए जेवर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सरपंच का चुनाव लड़ने और महंगे शौक पूरे करने के लिए एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर के घर से करीब डेढ़ करोड़ के सोने के आभूषण और बिस्किट चोरी कर लिए। लसूड़िया पुलिस ने राजस्थान के जोधपुर से आरोपी को गिरफ्तार कर करीब 1.10 करोड़ रुपए का माल बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बीसीएम पार्क निपानिया मेन रोड निवासी रेनू शर्मा (44) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 अगस्त से 13 सितंबर 2026 के बीच उनके घर की अलमारी से सोने का बिस्किट और अन्य जेवरात चोरी हो गए। शिकायत के आधार पर लसूड़िया पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सरपंच का चुनाव लड़ना चाहता है उसके लिए पैसे की जरूरत थी। जांच के दौरान महिला ने पुलिस को बताया कि उनके साथ रहने वाला गोपाल जाखड़ अचानक घर छोड़कर चला गया है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने गोपाल पर संदेह जताते हुए उसकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने राजस्थान पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया।

5 हजार तोतों के आवास पर खतरे की आशंका, एडीबी को लिखा पत्र

इंदौर मेट्रो के लिए कटेंगे 6365 पेड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण के बीच पेड़ों और पक्षियों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण का मुद्दा उठाया गया है।

एडवोकेट अमिताभ उपाध्याय ने एशियाई विकास बैंक के भारत स्थित कार्यालय को प्रतिवेदन भेजकर परियोजना क्षेत्र में तोतों की आबादी और उनके आवास पर पड़ने वाले प्रभाव का स्वतंत्र वैज्ञानिक आकलन कराने की मांग की है। प्रतिवेदन में करीब 5 हजार तोतों की मौजूदगी का उल्लेख करते हुए आशंका जताई गई है कि निर्माण कार्य से उनके घोंसले और विश्राम स्थल प्रभावित हो सकते हैं। उपाध्याय ने मांग की है कि पक्षियों के आवास का सर्वेक्षण पूरा होने और संरक्षण के जरूरी उपाय तय होने तक सक्रिय घोंसलों वाले पेड़ों को काटने, हटाने या प्रत्यारोपित करने से बचा जाए। उन्होंने प्रोजेक्ट का विरोध करने के बजाय विकास कार्यों के साथ पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। प्रतिवेदन के मुताबिक मेट्रो प्रोजेक्ट के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन में मार्ग और डिपो क्षेत्र के लगभग 6,365 पेड़ों का उल्लेख है। इनमें 1,244 पेड़ भूमिगत खंड और 5,121 पेड़ एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण से प्रभावित बताए गए हैं। प्रतिवेदन में पेड़ों की कटाई न्यूनतम रखने, तकनीकी रूप से संभव होने पर उन्हें प्रत्यारोपित करने और नए लगाए गए पेड़ों की नियमित निगरानी करने की जरूरत बताई गई है।

पल्सर से आए दो बदमाशों ने छीना स्मार्टफोन दो गिरफ्तार, लूट के 10 मोबाइल भी बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र में गुलमर्ग परिसर के मुख्य द्वार के सामने बाइक सवार दो बदमाश एक युवक का स्मार्टफोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में रौनक और उसके साथी मंजेश उर्फ बाजरा उर्फ चौहान को पकड़ा है। आरोपियों के पास से लूट के करीब 10 मोबाइल बरामद होने की जानकारी सामने आई है। वहीं, एमजी रोड क्षेत्र में ई-रिक्शा में सफर कर रही एक महिला की सोने की चेन और पेंडल चोरी हो गया। दूसरी ओर, खजराना पुलिस ने दो महिलाओं सहित करीब सात लोगों को उनके चोरी और गुम हुए मोबाइल वापस दिलाए। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, गुलमर्ग परिसर, कनाड़िया रोड निवासी लवकुश पुत्र रामवरन राठौर ने शिकायत दर्ज कराई है कि गुरुवार को वह अपनी सोसाइटी के गेट नंबर-1 के पास खड़े थे।

आरई-2 रोड पर फिर शुरू हुई रिमूवल कार्रवाई

130 बाधक मकान तोड़े जा रहे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

बंगाली चौराहा से पीपल्याहाना के बीच आरई-2 रोड (रिंग रोड ईस्ट-2) के अधूरे हिस्से का निर्माण पूरा कराने के लिए प्रशासन और नगर निगम ने एक बार फिर रिमूवल कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह से भारी पुलिस बल की मौजूदगी में निगम की टीम सड़क निर्माण में बाधक मकानों को हटाने में जुटी है। कार्रवाई के दौरान शेष 130 बाधक मकानों को तोड़ा जा रहा है। फिलहाल मौके पर कार्रवाई जारी है।

कार्रवाई के दौरान नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर और एसडीएम घनश्याम धनगर भी मौके पर मौजूद हैं। पिछले दिनों कार्रवाई के दौरान पथराव की घटना को देखते हुए इस बार सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे।

आरई-2 रोड निर्माण के लिए प्रशासन और नगर निगम की टीम पहले भी बाधक निर्माण हटाने की कार्रवाई कर चुकी है। बिचौली कांकड़, शिव नगर और शिव दर्शन नगर क्षेत्र में रहने वाले कई परिवारों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। अब सड़क के शेष हिस्से को निर्माण के लिए खाली कराने के उद्देश्य से बचे हुए बाधक मकानों को हटाया जा रहा है। आरई-2 रोड की कुल लंबाई 4.25 किलोमीटर और चौड़ाई 45 मीटर है। परियोजना के तहत करीब 3.20 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि लगभग एक किलोमीटर हिस्सा बाधक निर्माण के कारण लंबे समय से अधूरा पड़ा है। इस परियोजना पर अब तक करीब 55 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। शेष हिस्से का निर्माण पूरा होने से सड़क का उपयोग शुरू करने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। प्रशासन से पूर्व में मिली जानकारी के अनुसार, शिव नगर के 80 मकानों में 117 परिवार और शिव दर्शन नगर के 55 मकानों में 72 परिवार निवासरत हैं। इन परिवारों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नीलगिरि परिसर में व्यवस्थापन किया जाना है।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com